सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-273 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 28 मार्च 2025
27 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### सीएम योगी ने यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी से चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

# पारदर्शी भर्ती से यूपी बना देश का ग्रोथ इंजन

**भर्ती प्रक्रिया**

- यूपी बनेगा अब स्वास्थ्य पर्यटन का केंद्र
- आठ साल में मिली 8.30 लाख युवाओं को नौकरी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आठ वर्ष पहले यूपीपीएससी, यूपीएसएसएसएससी और पुलिस भर्ती बोर्ड की कार्य पद्धति पर गंभीर सवाल उठते थे। हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिकाएं लंबित रहती थीं। तत्कालीन सरकार और आयोगों की कार्यपद्धति पर न्यायालय ने भी सवाल खड़े किए थे। उस समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन असल में बीमारू तत्कालीन व्यवस्था थी।

आज सरकार की तत्परता, सुचिता और पारदर्शिता से राज्य नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बनकर उभरा है, जो देश की अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने के लिए तैयार है। गुरुवार को लोक भवन में आयोजित समारोह में सीएम योगी ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा चयनित चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 283 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें आयुष विभाग के 163 चिकित्साधिकारी, दो रीडर (आयुर्वेद), 19 प्रोफेसर, तीन प्रवक्ता (होम्योपैथ) और गृह विभाग के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के 96 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में हमने 8.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। नियुक्तियां सुचिता और पारदर्शिता के साथ नहीं होतीं, तो ये सभी मामले कोर्ट में लंबित हो जाते और एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाती। इन आठ वर्षों में 1.56 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई। 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है।

**पिछले आठ वर्षों में युवाओं को मिली नई पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के जरिए युवाओं को नई पहचान और वैश्विक मंच प्रदान किया गया है। देश की सेवा नारों या भाषणों से नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से होती है। उन्होंने अपील की कि नवचयनित पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद यह न सोचें कि ड्यूटी नहीं करना आपका अधिकार है। जैसा करेंगे, वैसा फल पाएंगे।

# लोकसभा में इमीग्रेशन बिल पास

- अगले साल बंगाल में खिलेगा कमल
- घुसपैठ बंद होगी
- जो देश के लिए खतरा, उन पर हमारी कड़ी नजर: शाह



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण जारी है। इसी बीच 27 मार्च लोकसभा में इमीग्रेशन बिल को लेकर चल रही चर्चा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने हिस्सा लिया। इसी बीच लोकसभा में इमीग्रेशन बिल पास हो गया है।

घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लाए गए इस बिल का नाम इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 (अप्रवासन और विदेशी विधेयक) है। इस विधेयक के महत्व का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि जो प्रवासी भारत के विकास के लिए आ रहे हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। जो लोग देश में शिक्षा के लिए, व्यापार के लिए, रिसर्च के लिए आते हैं हम उनका स्वागत करते हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य है कि साल 2047 तक हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बने। इसी वजह से हम कई पुराने कानूनों को खत्म किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आव्रजन कोई अलग मुद्दा नहीं है। देश के कई मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जानना बहुत जरूरी है कि देश की सीमा में कौन घुसता है। हम उन लोगों पर भी कड़ी नजर रखेंगे जो देश की सुरक्षा को खतरे में डालेंगे। 10 साल में हमारा अर्थतंत्र 11वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुंच गया है। पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक चमकदार जगह बनकर उभरा है। भारत मैन्युफैक्चरिंग का हब बनने जा रहा है। ऐसे में हमारे यहां विश्वभर से लोगों का आना बड़ा स्वभाव है। हमारा इमीग्रेशन का स्कैन और साइज दोनों बहुत बड़ा है। इसके साथ-साथ शरण लेने की जगह पर उनके निहित निवास और देश को असुरक्षित करने वालों की संख्या भी बढ़ती है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान देने के लिए आते हैं, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है, चाहे वो रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी हो।


## संभल शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष की अंतरिम जमानत याचिका खारिज



**संभल।** स्थानीय अदालत ने गुरुवार को शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी और उनकी नियमित याचिका पर 2 अप्रैल को सुनवाई तय की। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश द्वितीय निर्भय नारायण राय ने अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई की और इसे खारिज कर दिया, अतिरिक्त जिला सरकारी वकील हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान अली के वकील ने अंतरिम जमानत की दलील दी, लेकिन अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए उन पर भीड़ इकट्ठा करने, हिंसा भड़काने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और तथ्यों को गढ़ने जैसे गंभीर आरोपों का हवाला दिया। सैनी ने बताया कि दलीलों के आधार पर अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

## कठुआ और बिलावर के पहाड़ी इलाकों में सेना ने आतंकियों को घेरा, दो ढेर


**कठुआ।** घुसपैठ कर आए आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने उज्ज दरिया से सटे सुफैन के अंबे नाल में घेर लिया है। वीरवार सुबह आठ बजे से भीषण गोलीबारी जारी है। दो आतंकी ढेर हो गए। डीएसपी और चार जवान गोलीबारी में घायल हुए हैं। पैरा कमांडो को एयरलिफ्ट कर सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया। हीरानगर के सन्याल गांव के पास रविवार को मुठभेड़ शुरू होने के बाद घेराबंदी से भाग निकले आतंकी फिर घिर गए हैं। इस बार इन्हें सुरक्षाबलों ने पहाड़ों से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर जाने वाले उज्ज दरिया के किनारे अंबे नाल में घेरकर ऑपरेशन शुरू किया है। सूत्रों के अनुसार बुधवार रात दो बजे एसएसपी कठुआ के नेतृत्व में एसओजी और सीआरपीएफ के दो सौ से ज्यादा जवानों ने इलाके में आतंकियों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया। सुबह रोशनी की पहली किरण के साथ ही इलाके में आतंकियों की मौजूदगी को सुरक्षाबलों ने महसूस करते हुए घेराबंदी शुरू कर दी। सुबह आठ बजे आतंकियों से आमना-सामना होते ही गोलीबारी शुरू हो गई। प्राथमिक गोलीबारी में कुछ जवानों के घायल होने की जानकारी सामने आई, लेकिन गोलीबारी के बीच घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में समय लगा। सुबह करीब 11:15 बजे अखनूर निवासी एसपीओ भरत चलोत्रा को जीएमसी जम्मू में भर्ती कराया गया।



# विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने बिरला से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।



गौरव गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवेसना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष

**एक साथ चुनाव संबंधी समिति के समक्ष अपने विचार साझा कर सकते हैं सांसद : लोकसभा अध्यक्ष**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक साथ चुनाव के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति के समक्ष सांसद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा पर अपने विचार और दृष्टिकोण साझा कर सकते हैं। बिरला ने सदन में कहा कि कई युवा सांसदों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अलग-अलग बैठकों के दौरान उनके समक्ष इस अवधारणा पर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा, नये सांसदों ने बहुत अच्छा तर्क दिया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह सांसदों से अनुरोध करेंगे कि वे अपने विचारों को भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के साथ साझा करें।

**डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने पर जताई नाराजगी**

ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। पूरे देश ने ये देखा। नेता विपक्ष एक संवैधानिक पद होता है, उनके बारे में टिप्पणी की गई, लेकिन जब वे बोलने के लिए उठे तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। कस बात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने ये टिप्पणी की, ये भी साफ नहीं है, लेकिन भाजपा की आईटी सेल अब इसका राजनीतिकरण कर रही है।




27 रमजान, 28.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 36 | 06 : 24 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 31 | 06 : 33 |

# डल्लेवाल को अवैध हिरासत नहीं कहा जा सकता : हाईकोर्ट

- किसान नेता डल्लेवाल से कर सकते हैं मुलाकात
- हाईकोर्ट ने हटाई रोक कहा, छुट्टी लेकर जा सकते हैं घर





**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अस्पताल में मिलने आने वाले परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों या किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई रुकावट न हो। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल के नियमों और प्रोटोकॉल का पालन किया जाना आवश्यक होगा।

यह आदेश तब आया जब जस्टिस मनीषा बत्रा ने डल्लेवाल की रिहाई को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा किया। कोर्ट ने माना कि डल्लेवाल को 19 और 20 मार्च की दरमियान रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था और यह भी स्वीकार किया गया कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण ऐसा किया गया, क्योंकि वह किसानों की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे। जस्टिस बत्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि वह किसी भी प्रकार की अवैध हिरासत में नहीं हैं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत उनकी सेहत को देखते हुए अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोर्ट के निर्देश के तहत परिवार और कुछ किसान नेताओं ने अस्पताल में उनसे मुलाकात भी की थी। याचिकाकर्ता के वकील ने भी इस तथ्य को नकारा नहीं, बल्कि जब अदालत ने पूछा कि क्या डल्लेवाल खुद अस्पताल से डिस्चार्ज होना चाहते हैं, तो वकील ने इसका जवाब 'नहीं' में दिया।

## सड़क पर पढ़ी नमाज तो रद्द होगा पासपोर्ट

**ईद से पहले मेरठ पुलिस का फरमान**



**मेरठ।** ईद से ठीक पहले मेरठ पुलिस ने सड़कों पर नमाज अदा करने को लेकर कड़ा फरमान जारी किया है। मेरठ पुलिस ने ईद के मौके पर सड़कों पर नमाज अदा करने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मेरठ पुलिस ने आदेश जारी करते हुए यह साफ किया है कि जो भी इन नियमों का उलंघन करेगा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नियम तोड़ने वालों के पासपोर्ट रद्द करने की चेतावनी दी है। मेरठ पुलिस के इस आदेश के बाद केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने पुलिस की जमकर आलोचना की है। मेरठ पुलिस के इस फैसले की केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने आलोचना की है।

# तबादले की मांग पर करेंगे विचार : खन्ना

- जस्टिस यशवंत वर्मा मामले पर सीजेआई खन्ना का बार एसोसिएशंस को आश्वासन




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले को लेकर गुरुवार को अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुख्य न्यायाधीश से मिलने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की।

# पुतिन जल्द ही भारत जाएंगे : लावरोव

**यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद होगी पहली बार बैठक**

- पीएम मोदी ने पुतिन को भारत आने का दिया था निमंत्रण



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुतिन के भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, पुतिन की यात्रा की तारीख का खुलासा नहीं किया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब रूसी राष्ट्रपति भारत आएंगे।


रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर शीर्षक से एक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसे रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

अपने वीडियो संबोधन के दौरान लावरोव ने कहा, पुतिन के भारत आने की व्यवस्था की जा रही है। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव के हवाले से कहा, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। पुतिन की भारत की यात्रा की तैयारी की जा रही है। इस दौरान लावरोव ने कहा कि पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुने जाने के बाद, उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा रूस में की थी। उन्होंने कहा, अब हमारी बारी है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2024 में रूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली यात्रा थी।

**संसदीय समिति** अधर में 700 परियोजनाएं, रियल टाइम निगरानी जरूरी

# ठेकेदारों के ट्रैक रिकॉर्ड देखना जरूरी

- ठेकेदार चयन प्रक्रिया में सावधानी बरतने को कहा
- डिफेक्ट लायबिलिटी लागू करने में लचर है रवैया
- ठेकेदारों की वित्तीय समस्याएं भी प्रमुख वजह



**नई दिल्ली।** सड़क निर्माण के ठेके देने में ठेकेदारों की सख्त वित्तीय जांच में सड़क परिवहन मंत्रालय की विफलता पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सड़क परिवहन संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने कहा है कि इस कमजोरी के कारण ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां ठेकेदार पैसों के संकट के कारण अपनी जिम्मेदारी पूरा नहीं कर सके। इसके चलते प्रोजेक्टों में देरी भी हुई और उनकी गुणवत्ता भी प्रभावित हुई। बुनियादी ढांचा से जुड़ी परियोजनाओं में लंबे समय तक गतिरोध रहने पर चिंता जताते हुए समिति ने कहा कि जिन ठेकेदारों को परियोजनाएं दी गई, उनमें से कई के पास अपना काम जारी रखने के लिए वित्तीय क्षमता ही नहीं थी। स्पष्ट है कि ठेकेदार चयन प्रक्रिया में अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता थी। ठेकेदारों की जवाबदेही के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने खामियों को ठीक करने की जिम्मेदारी तय की है, लेकिन ठेकेदार बिना आर्थिक दंड के अपने स्तर पर इस प्रविधान का पालन नहीं कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि डिफेक्ट लायबिलिटी यानी दोष दायित्व की व्यवस्था लागू करने के मामले में लचर रवैया अपनाया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार लगभग 700 परियोजनाएं लंबित रही हैं, जिनके प्रमुख कारणों में जमीन अधिग्रहण में अड़चनों के साथ एफओबी-अंडरपास आदि बनाने के लिए रेलवे मंजूरी में देरी के साथ ही ठेकेदारों की वित्तीय समस्याएं भी प्रमुख वजह हैं। इसके पीछे सरकारी भुगतान में देरी और लागत में बढ़ोतरी भी कारण है। एक संसदीय समिति ने गुरुवार को सिफारिश की कि सीबीआई के लिए एक नया कानून बने।

**समिति ने जताई चिंता**

समिति ने इस पर भी चिंता जताई है कि प्रोजेक्टों में खामियां तब तक पता नहीं चलतीं जब तक कोई बड़ी बाधा न खड़ी हो जाए। इसका कारण यह है कि रियल टाइम निगरानी का कोई ढांचा मौजूद नहीं है। यह ढांचा महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं में भी नदारत है और इसका असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। समिति ने नई बनी सड़कों के समय से पहले उनकी सतह के खराब होने पर चिंता जताते हुए यह जानना चाहा है कि क्या मौजूदा निगरानी तंत्र इंजीनियरिंग मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है।

# पुलिस चतुर्थ, बेसिक शिक्षा पंचम, 10 विभागों को मिला सांत्वना पुरस्कार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय मेले के अन्तिम दिवस अंत्योदय से सर्वोदय थीम पर भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका शुभारंभ सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर शासन के निर्देश पर आयोजित तीन दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो प्रस्तुतियां हुई हैं वह विद्यार्थियों और कलाकारों के तपस्या की देन है। सभी प्रतिभागियों में एक अलग कलाकार देखने को मिला है। उन्होंने मौजूद अधिकारियों, कार्मिकों को सफल कार्यक्रम की बधाई दी। सभी अफसरों ने बेहतरीन कार्य किया, सभी प्रशंसा के पात्र हैं। सीडीओ ने लखीमपुर खीरी को सरकार की ओर से दी गई कई बड़ी सौगातों का जिक्र किया। मेडिकल कॉलेज, गोला छोटी काशी कॉरिडोर जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया डीएसडब्लूओ तेजस्वी मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव और जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अफसरों ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और अन्य योजनाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज,पात्रता मानदंडों के बारे में भी बताया कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एस एन चौरसिया ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सांस्कृतिक दलों, स्कूली बच्चों, स्टॉल पर मौजूद अधिकारी कार्मिकों के प्रति आभार जताया सीडीओ अभिषेक कुमार ने छह दिव्यांगों को व्हीलचेयर, चार दिव्यांगों को बैसाखी, पिछड़ा वर्ग के 90 बच्चों को ओ लेवल सर्टिफिकेट, पांच मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को अनुदान का डेमो चेक, पांच लाभार्थियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसी के साथ 10 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र एवं डेमो चेक प्रदान किया उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मेले में लगाए गए 40 से अधिक स्टालों में बाल विकास पुष्टाहार ने प्रथम, कृषि ने द्वितीय, आईटीआई ने तृतीय, पुलिस ने चतुर्थ, बेसिक शिक्षा ने पंचम स्थान हासिल किया।

# 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन सामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के कम में यूपी भारत का ग्रोथ इंजन एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन सामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25. 26 एवं 27 मार्च 2025 को किया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए राजनीति विज्ञान के असि प्रोफेसर सौरभ वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा सम्बन्धी प्रमुख योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यकम प्रभारी प्रो. संजय कुमार ने उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक ढांचों में पिछले 8 वर्षों में उन्नयन की स्थिति पर प्रकाश डाला तथा विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि में उत्तर प्रदेश सरकार के योगदान को इंगित किया। इसी कम में डॉ इष्ट विभु ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलता पूर्वक कियान्वयन, समर्थ पोर्टल, मिशन शक्ति का उल्लेख किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नव प्रयासों यथा शोध, नवाचार, गुणवत्ता आदि की प्रसंशा की। साथ ही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना एवं बालिकाओं के विशेष प्रोत्सान हेतु शुरू की गई महत्वाकांक्षी रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।कार्यक्रम में महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा, प्रो. एस.के. पाण्डेय, डॉ. जे.एन. सिंह, प्रो मनोज मिश्र, डॉ मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. सिंह एवं असि. प्रोफेसर श्वेतांक भारद्वाज व रचित कुमार शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अभिभावकगण व बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।



## कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित

**लखीमपुर-खीरी मितौली।** कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इसमें 80 बच्चों का चयन किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जिले के परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 5 में पढ़ने वाले 9280 बच्चों ने आवेदन किया था। 18 जनवरी 2025 को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि चयन परीक्षा में 5035 बच्चे बैठे थे। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों में 80 बच्चों का चयन किया गया है। इसमें 53 बालक व 27 बालिकाएं शामिल है।अभिभावक नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय की वेबसाइट www.navodaya.gov.in व विद्यालय की वेबसाइट 222.jnvlakhimpur.org पर भी रिजल्ट देख सकते है। प्रिंसिपल ने बताया कि एक हेल्पडेस्क का भी गठन किया गया है। किसी भी दिक्कत के लिए अभिभावक, युगल किशोर 6394614157, गौरव सोनकर 9956033792 के नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## खाना बनाते समय उठी चूल्हे की चिंगारी से लगी भीषण आग, दस लोगों के जले घर

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव करौंहा में गुरुवार की दोपहर खाना बनाते समय उठी चूल्हे की चिंगारी से भीषण आग लग गई। शोर शराबा होने पर ग्रामीण कुछ समझ पाते, इससे पहले ही चल रहीं तेज हवा ने एक-एक कर दस घरों के चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गुरुवार की दोपहर गांव करौंहा निवासी राजेंद्र प्रसाद के घर पर खाना बन रहा था। इसी बीच चूल्हे की चिंगारी से उनके घर के छप्पर से आग सुलग उठी। परिवार के लोग जब तक आग बुझाते। इसी बीच आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन चल रही धूल भरी तेज हवा के आगे वह बेबस हो गए। पल भर में आग ने एक-एक कर दस घरों को अपने आगोश में ले लिया आग का विकराल रूप देख कुछ ग्रामीण और उनके घरों की महिलाएं, बच्चे चीखते-चिल्लाते अपने घरों का सामान निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए। तमाम ग्रामीणों ने आसपास के घरों में पड़े छप्परों को गिराकर आग रोकने की कोशिश की। इसी बीच फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड के कर्मचारी जब तक आग पर काबू पाते। इससे पहले ही आग की चपेट में आने से पड़ोसी कपिल कुमार, रामधार, कन्हैया, कल्लू राम मिश्रा ,साबिर अली, इजाद अली ,आरिफ और राजेन्द्र कुमार सहित दस लोगों के घर जल गए घरों में रखा अनाज, सहित बर्तन घरेलू सामान भी जल गया। हालांकि कोई जनहानि या पशु हानि नहीं हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पा लिया।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा थाना गोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 198/2025 धारा 2(ख)(17)/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण दिलशाद पुत्र अब्बास उम्र करीब 28 वर्ष उस्मान उर्फ फुल्ला पुत्र चिराग अली उम्र करीब 30 वर्ष नि0गण मुडिया मिश्र थाना गोला जनपद खीरी को आज दिनांक 27.03.2025 समय करीब 12.40 बजे कृषि महाविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उस्मान उपरोक्त से बरामद अवैध चाकू के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0 203/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियामनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## नगर में हुई शिव बारात में प्रतिभाग करने वालों का सम्मान

**लखीमपुर-खीरी।** शिव भक्त सोसाइटी लखीमपुर की ओर से होली मिलन व प्रतिभागी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाशिवरात्रि पर पर नगर में हुई शिव बारात में प्रतिभाग करने वालों का सम्मान सोसाइटी ने किया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शिव भक्त समिति के अध्यक्ष पद पर अमित कुमार को मनोनीत किया गया। ह महामंत्री पद पर रचित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश चौरसिया को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने कलाकारों को शील्ड प्रदान करके उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने की। कार्यक्रम में शिव भक्त सोसाइटी के संस्थापक सदस्य अमितेश चौरसिया, मनोज गुप्ता, धर्मेंद्र, जगदीश मिश्रा, सौरव गुप्ता, दीपांशु सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## नाला पर डाले गए पत्थर लोगों व जानवरों के लिए बने मुसीबत

**लखीमपुर खीरी।** मेला मैदान रोड किनारे बने नाला पर डाले गए पत्थर लोगों व जानवरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। कई जगहों पर पत्थरों को ठीक से नहीं डाला गया है इनमें गाय व बछड़े गिर जाते हैं। यूनियन बैंक के सामने पत्थर से नाले में एक गाए मंगलवार की शाम को गिर गई। किसी तरह से लोगों ने निकाला। बुधवार को फिर दो गाएं गिर गईं गईं। देर शाम तक लोग गायों को निकालने में जुटे रहे। लोगों का कहना है कि बेतरतीब डाले गए पत्थरों से अक्सर जानवर नाला में गिर जाते हैं।

## नवरात्र और ईद त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की की गई अपील

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नवरात्र और ईद त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, सीओ पीपी सिंह, तहसीलदार आदित्य विशाल ने ग्राम प्रधानों और कस्बा वासियों से आपसी सहयोग और अमन चैन के साथ अलविदा, ईद नवरात्र त्योहारों को शांति पूर्ण मनाने की अपील की। सीओ पीपी सिंह ने बताया अलविदा की नमाज, ईद और नवरात्रि भाईचारे अमन चैन के साथ मनाएं। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधान, धर्म गुरुओं समेत कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त को लिया गया हिरासत में

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मझगई पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 22/25 धारा 69,115 (2),352,351 (2) बीएनएस व 3 (1) (द) (घ) व 3(2) (Va) व 3(2) (V) SC/ST Act में वांछित अभियुक्त अक्षय कुमार मौर्य पुत्र शिवराज उर्फ शिव कुमार निवासी छेदुईपतिया थाना मझगई जिला खीरी को प्राथमिक विद्यालय छेदुईपतिया से दबिश के दौरान पुलिस हिरासत में लिया गया है। अभियुक्त अक्षय कुमार मौर्य पुत्र शिवराज उर्फ शिव कुमार उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है गौरतलब है कि दिनांक 30.01.2025 को वादिनी की लिखित तहरीरी सूचना के सम्बन्ध में थाना मझगई पर मु0अ0सं0 43/2025 धारा 69,115 (2),352,351 (2) बीएनएस व 3(1) (द) (घ) व 3(2) (Va) व 3 (2) (V) SC/ST Act बनाम अक्षय कुमार मौर्य पुत्र शिवराज उर्फ शिव कुमार निवासी छेदुईपतिया थाना मझगई जिला खीरी थाना मझगई जिला खीरी आदि पंजीकृत हुआ था।

## अपनी मांगों को लेकर ई रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** ई-रिक्शा चालकों ने भारतीय किसान यूनियन (बेदी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के नेतृत्व में अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया तथा एसपी ट्रैफिक्र को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ई-रिक्शा चालक भारतीय किसान यूनियन (बेदी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के नेतृत्व में जनता रोड स्थित एमएस कॉलेज के खेल मैदान मे एकत्र हुए जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सहारनपुर में समस्याओं के चलते ई रिक्शा चालक अपने अपने परिवार का लालन पोषण करने मे असमर्थ है। उन्होंने जिले में बनाये गये रिक्शा रुट को समाप्त करने तथा काटे गये ई रिक्शा चालकों के चालान माफ किए जाने की मांग की। उनका कहना था कि अगर उनकी मांगो को पूरा नही किया जाता है वह धरना स्थल पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# डीएम द्वारा की गई गंगा एक्सप्रेसवे के कार्यों की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गुरुवार को अदानी के बिनावर स्थित बेस कैंप में गंगा एक्सप्रेसवे की समीक्षा की। उन्होंने एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड व अदानी ग्रुप के अधिकारियों को बदायू से गुजरने वाले एक्सप्रेसवे के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।

उल्लेखनीय है कि जनपद मेरठ से जनपद प्रयागराज तक लगभग 565 किलोमीटर का नया 6 लेन एक्सप्रेसवे प्रदेश सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। बदायूं में यह एक्सप्रेसवे लगभग 91 किलोमीटर का है जिसमें यह बिनावर से प्रारंभ होकर दातागंज के कुंडरा मजरा तक रहेगा।

एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के सीनियर मैनेजर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन दीपक सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे चार ग्रुप में ग्रुप



1, ग्रुप 2, ग्रुप 3 व ग्रुप 4 में है। प्रत्येक ग्रुप में तीन पैकेज हैं। अदानी ग्रुप के द्वारा एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड को ग्रुप 2, 3 व 4 दिए गए हैं। जिसकी कुल लंबाई 460 किलोमीटर है। ग्रुप एक आईआरबी इंफ्रा कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है जिसकी कुल लंबाई 105 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि बदायूं में एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के पास ग्रुप 2 के अंतर्गत 85 किलोमीटर 6 लेने एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना है जिसमें से 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि बदायूं में तीन इंटरचेंज भी बनाए जा रहे हैं जो की वनकोटा, बिनावर व दातागंज में है, इन तीनों का कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवर ब्रिज भी बनाया जा रहा है जिसका 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। बदायूं से गुजरने वाले 91 किलोमीटर में से 85 किलोमीटर एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के पास है तथा 6 किलोमीटर का कार्य ग्रुप प्रथम में आईआरबी इंफ्रा व सीडीएस कंपनी के पास है। उन्होंने बताया कि बदायूं से गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेसवे के हिस्से का कार्य मई 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया पुलिस की पाठशाला का आयोजन



**बदायूं।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में पुलिस पाठशाला का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में किया गया,जिसमें यहां पढ़ने वाली से बर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया।

बृहस्पतिवार को एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित साइबर जागरूकता,पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के के सरोज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।पाठशाला में मौजूद छात्राओं को जागरुक करते हुए उन्होंने शासन एवं पुलिस-प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के संबंध में जानकारियां छात्राओं को उपलब्ध कराईं। उन्होंने छात्राओं को यातायात के संबध में जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए एंबुलेंस हेतु 108 नंबर डायल करें तथा 112 और नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम में छात्राओं को कार्यक्रम से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए।

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने गिनाईं सरकार की 8 साल की उपलब्धियां



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के 8 साल पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। शाहगंज स्थित सत्तो लाला फूड कोर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं और दक्षिण विधानसभा में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गरीब और किसान बेरोजगार नौजवान महिलाओं का सम्मान शिक्षा के उत्थान को उडान मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल मे प्रदेश देश का नम्बर वन राज्य बना। सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश हुआ। योगी का काम दमदार और युवाओं को रोजगार मिला। सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास की विचारधारा से यूपी में विकास का रथ आगे बढ़ रहा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से आज माफिया जेल में है और उत्तर प्रदेश में शांति के साथ विकास हो रहा है। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार में विरासत भी विकसित हई और विकास भी हुआ। अत्योदय कार्यक्रम से गरीब का कल्याण हुआ। सबको शिक्षा उत्तम शिक्षा की नीति पर कार्य हुआ। उ.प्र उच्च शिक्षाका हब बन गया है एक ओर उच्च शिक्षाको विस्तार मिला है वहीं दूसरी ओर उसकी गुणवत्ता ने लम्बी छलांग लगाई है। ग्रेड रैंकिंग में जहां उ.प्र योगीराज से पहले अति पिछडा माना जाता था आज सर्वाधिक विश्वविद्यालयों से परिपूर्ण है।

## न्यायालय ने सुनाई दो वर्ष साधारण कारावास की सजा

**बदायूँ।** न्यायालय द्वारा गैंगस्टर एक्ट तहत दर्ज मामले में अभियुक्त को सजा के साथ-साथ अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

वर्ष 2021 में थाना कोतवाली पर गैंगस्टर के तहत दर्ज किए गए मामले में मामला दर्ज होने के बाद से ही न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी।बृहस्पतिवार को न्यायालय एडीजे-सप्तम द्वारा अभियुक्त राजकुमार पुत्र भजनलाल निवासी कबूलपुरा को 2 वर्ष साधारण कारावास तथा पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित

किया गया है,और अर्थ दंड अदा न करने पर 7 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास का आदेश दिया गया है मामले को प्रदेश के पुलिस मुखिया चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया गया था। मामला चिन्हित होने के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से पैरवी की गई थी।

# सिंचाई विभाग के अफसरों ने शुरू करायी सुहेली नदी की खोदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** एशिया का सबसे बड़ा गजियापुर साइफन वर्षों से सुहेली नदी के पट जाने से बंद था। बरसात के मौसम में बाढ़ के चलते किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता था। अब इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सिंचाई विभाग के अफसरों ने सुहेली नदी की खोदाई शुरू करा दी है। लखीमपुर खीरी तिकुनिया में सुहेली नदी की खोदाई सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा की मौजूदगी में शुरू करा दी। इस मौके पर तमाम किसान मौके पर मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि अब फसलें नहीं डूबेंगी। अधिकारियों ने कहा कि किसानों का सहयोग मिला तो जल्दी ही काम पूरा हो जाएगा एशिया का सबसे बड़ा गजियापुर साइफन वर्षों से सुहेली नदी के पट जाने से बंद हो गया था। इसके चलते पलिया और निघासन के किसानों व दुधवा नेशनल पार्क के वन्यजीव जंतुओं को मुसीबत जंगल और खेतों में पानी जमा रहने के चलते होती थी। बृहस्पतिवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी टीम के साथ लट्ठौहा घाट पहुंचे। यहां पर खोदाई के लिए आई करीब आधा दर्जन जेसीबी की पूजा अर्चना क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा और विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में की गई विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिंचाई मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने गजियापुर साइफन में सुहेली नदी के पानी के जल निकास को लेकर कदम उठाया है। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रयास क्षेत्रीय विधायक और आम किसानों की मेहनत का परिणाम है। 44 हजार की आबादी को बाढ़ से मिलेगा छुटकारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सुहेली नदी की लंबाई 128 किलोमीटर है। लट्ठौहा से गजियापुर साइफन तक 16 किलोमीटर में काम होना है। नदी की चौड़ाई 30 मीटर रखी गई है। 12 ग्राम पंचायतों के 44 हजार लोगों की हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को बाढ़ से राहत मिलेगी। यह मौजूद रहे सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, एसडीओ आशीष चौधरी, अवर अभियंता विजय कुमार, धर्मेंद्र, सुरेश गुप्ता सहित पढुहा पुलिस थाना इंचार्ज पुष्पराज कुशवाहा, वकील राज भारती, राजेश यादव, रामपाल, सुखविंदर सिंह, ज्ञानी गुरभेज सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रगट सिंह, खुशीराम वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जगदीश प्रसाद वर्मा, मानविंदर सिंह, चूभा सिंह, गुरविंदर सिंह, जोरा सिंह, किशन महावर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधिगण द्वारा विभिन्न विभागों की स्टॉल का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*


**आगरा।** जिला प्रशासन आगरा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्कर्ष के 8 वर्ष थीम पर जीआईसी ग्राउंड में मेला व प्रदर्शनी के तृतीय दिवस के कार्यक्रम में मंत्री बेबीरानी मौर्य, धर्मवीर प्रजापति, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे ने मेला प्रदर्शनी में पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विभिन्न विभागों की लगी 60 से अधिक स्टॉल का अवलोकन किया एवं लाभार्थियों व विभागों की विभिन्न संचालित योजनाओं में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों से संवाद किया। अध्यक्ष राज्य महिला आयोग डॉ.बबीता चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 08 साल बेमिसाल रहे हैं, इस मेले प्रदर्शनी में लाभार्थियों तथा जनपद वासियों ने आनंद के इस उत्सव में सहभागिता की और लाभ उठाया, अपना यूपी सच में बदल गया है, ये परम सौभाग्य है कि योगी मोदी जी के रूप में अच्छा नेतृत्व मिला।



कार्यकम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आज उत्तर प्रदेश बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया था अब एक जिला एक मेडिकल कॉलेज और एक उत्पाद है, अंतर साफ दिखाई देता है, ऐसा योगी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं से संभव हुआ है गरीब को मकान उसकी छत मिल रही है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने 2017 में योगी जी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई, मोदी जी के विजन और योगी जी के मिशन ने नए कीर्तिमान बनाए हैं आम आदमी हो या उद्योगपति या गरीब सभी को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा की जरूरत होती है 08 वर्ष में योगी जी की सरकार ने इन सभी क्षेत्र में कार्य किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 03 दिन की प्रदर्शनी, मेला आयोजित किया योगी सरकार द्वारा कराए जा रहे कार्यों तथा योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को लाभान्वित किया, महिला शसक्तीकरण और विकास हमारी सरकार के मुख्य केंद्र में है।

विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि फेल बच्चा अपना रिजल्ट नहीं बताता और फर्स्ट क्लास पास होने पर सभी उत्सव मनाते हैं यह विकास उत्सव है, सरकार ने अपना रिपोर्ट कार्ड विकास उत्सव के रूप में दिखाया है।

## आगरा पुलिस ने पकड़े 6 गांजा तस्कर, 57 किलो से ज्यादा गांजा बरामद




**आगरा।** रकाबगंज थाना पुलिस ने पांच लाख रुपये से ज्यादा की कीमत के गांजे के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग बिहार से गांजा लाकर आगरा में सप्लाई करते थे। बरामद गांजा वजन में 57 किलो 510 ग्राम बताया गया है। गिरफ्तार किये गये गांजा तस्करों में अर्जुन सिंह, उमेश कुमार, लाल बाबू सिंह ने तीन अन्य अभियुक्तों सुरजीत यादव, भूपेंद्र सिंह और श्याम राठौर को बिहार से लाकर गांजा बेचा था। पुलिस को इनके पास से एक कार, एक बाइक और दस मोबाइल फोन भी मिले हैं। अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने गिरफ्तार किये गये तस्करों की जानकारी देते हुए बताया कि रकाबगंज पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की। गिरफ्तार लोग दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान में भी गांजे की तस्करी करते रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में से उमेश, लाल बाबू सिंह और अर्जुन सिंह पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनके नेटवर्क को खंगाल रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर गिरफ्तार तीन अभियुक्तों सुरजीत यादव, भूपेन्द्र सिंह, श्याम राठौर ने बताया कि उन तीनों ने बरामद गांजा स्विफ्ट कार सवार तीनों अभियुक्तों लाल बाबू सिंह, उमेश कुमार सिंह व अर्जुन सिंह से खरीदा है यह तीनों मादक पदार्थ की तस्करी करते है और वह तीनों इनसे गांजा खरीदकर रूपये कमाने के लिए राह चलते लोगों के बेचते है।

## जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना की समीक्षा की



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत श्हर घर जलश् योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने जलापूर्ति की स्थिति, पाइपलाइन विस्तार, जल गुणवत्ता जांच, उपभोक्ताओं की संतुष्टि एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत से चर्चा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी घरों तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जल संरक्षण, जल गुणवत्ता निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए ''हर घर जल'' योजना के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजना के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 724 की संख्या में 1067 राजस्व ग्रामों में योजना प्रस्तावित है। योजना के तहत पीएनसी द्वारा 418, केपीटीएल द्वारा 151 एवं आयन एक्सचेंज द्वारा 155 पेयजल योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

# डीएम ने मोबाइल गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया

## विधि विधान से पूजा अर्चना कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने गुरुवार को ब्लॉक धनीपुर के गाँव को छोड पहुंच कर गेहूँ खरीद के लिए मोबाइल ऋय केंद्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खेत स्वामी विजय कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास 50 बीघा खेत में गेहूँ है, उपज अच्छी हुई है। वह सदैव ही सरकारी ऋय केंद्र पर ही उपज बेचते आए हैं। इस दौरान किसान विजय सिंह ने डिप्टी आरएमओ राजीव कुलश्रेष्ठ एवं विपणन निरीक्षक खुशबू वार्ष्णेय की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रसंशा भी की। जिलाधिकारी ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, तौल प्रक्रिया को पारदर्शी रखने और केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो और ऋय केंद्र पर पानी, छाया व बैठने की उचित व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण गेहूँ खरीद योजना वर्ष 2024-25 की 17 मार्च 2025 से आरम्भ हो चुकी है।

शासन द्वारा मानक के अनुरूप गेहूँ का मूल्य रूपये 2425 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है और केन्द्र पर गेहूँ की उतराई व छनाई हेतु अलग से रु0 20 प्रति कुन्तल की प्रतिपूर्ति करने की व्यवस्था की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गेहूँ की बिक्री के पूर्व विभाग की वेबसाइट www.fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रकिया आरम्भ हो चुकी है। कृषक पंजीकरण को आसान बनाने के लिए ओटीपी आधारित व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे से या स्वयं के द्वारा किया जा सकता है। किसान भाई पंजीकरण कराते समय स्वयं का आधार कार्ड एवं खतौनी अवश्य लेकर जायें। गत वर्ष में खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय के लिए पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा। निरीक्षण के दौरान सी0डी0ओ0 एवं सम्भागीय खाद्य नियंत्रक प्रखर कुमार सिंह, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी राममूर्ति वर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ, विपणन निरीक्षक खुशबू वार्ष्णेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकिशोर शुक्ल ने प्रधानपति सूर्य कुमार को त्रिवार्षिक कार्य योजना सौंपी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में ग्राम प्रधान को त्रिवार्षिक कार्य योजना सौंपते हुए प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल - प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में शासन के निर्देश पर स्कूल की त्रिवार्षिक कार्य योजना को ग्राम प्रधान प्रतिमा वर्मा के पति सूर्य कुमार सिंह वर्मा को सौंपते हुए प्रधानाध्यापक ने कायाकल्प के अधूरे कार्यों को पूरा कराने के साथ ही साथ स्कूल में बच्चों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उधर स्कूल में चल रही वार्षिक परीक्षा का खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पाल ने निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था देखी। कक्षा 5 में 18 में 16, चार में 15 में 14, तीन में 9 में 9, दो में 13 में 11 और एक में 10 में 8 बच्चे उपस्थित मिले। सभी कक्षाओं में बच्चे सीटिंग प्लान के अनुसार बैठ कर परीक्षा दे रहे थे। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि आज नैतिक शिक्षा का पेपर है। पेपर न मिलने पर प्रश्न पत्र बोर्ड पर लिखा गया।

## रमजान और नवरात्रि पर व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन नगर के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रमजान और नवरात्रि के दौरान बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। सभासद प्रतिनिधि नफीस खान, सभासद रीना देवी, अशफाक राईन, मुफ्ती अनीस, अजीज निजामी, वसीर अहमद आदि ने प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि इस समय रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, जिसमें मुस्लिम भाई रोजा रखते हैं और सुबह जल्दी सहरी की तैयारी करते हैं। इसी तरह, कुछ ही दिनों में हिंदू समुदाय का पवित्र नवरात्र पर्व भी प्रारंभ होने वाला है, जिसमें महिलाएं सुबह मंदिर जाती हैं और नौ दिन तक व्रत रखती हैं। इन दिनों में महिलाओं और पुरूषों को सुबह जल्दी उठकर स्नान और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए बिजली और पानी की जरूरत होती है। लेकिन कई बार बिजली कटौती कर दी जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सुबह तीन बजे से लेकर आठ बजे तक तक बिजली और पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए।

# नए जिलाध्यक्ष राम अवध यादव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी कुशीनगर के नए जिलाध्यक्ष राम अवध यादव के लखनऊ से जिले में प्रवेश करने पर वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जगह-जगह रोककर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में नए जिलाध्यक्ष ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनवाने में अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया।

जिलाध्यक्ष रहे मोहम्मद शुकरुल्लाह अंसारी के आकस्मिक निधन से रिक्त हुए पद पर नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए पिछले सप्ताह प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राम अवध यादव के नाम की घोषणा कर विराम लगा दिया था। नियुक्ति के बाद जिले में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने स्वागत की पूर्व तैयारियां कर रखी थीं। जिले की सीमा 15 मील से पडरौना तक जगह-जगह ढोल नगाड़े के साथ फूलमाला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया। पडरौना स्थित एक होटल सभागर में जिलाध्यक्ष राम अवध यादव के साथ पूर्व मंत्री ब्रम्हाशंकर त्रिपाठी, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, विक्रमा यादव, राजेश प्रताप राव बंटी, डॉ. पीके राय, मो. इलियास अंसारी, पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती, कासिम अली, हरीश राणा, कैसर जमाल टीटू, राजेन्द्र यादव मुन्ना, विजेंद्र पाल यादव व बनारसी यादव ने हाथ जोड़ाकर एकजुटता दिखाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति बहुत आभारी हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान रणविजय सिंह मोहन, ओमप्रकाश यादव, इकबाल अंसारी, पूर्व प्रधान अखिलेश यादव, रामप्रताप कुशवाहा, गिरिजेश मिश्र, रमेश कुमार आर्य, मो. आजम, बजरंगी यादव, हरिशंकर राजभर, विवेक ओझा, मंटू तिवारी, बालकृष्ण मिश्र, सुजीत यादव, विभूति गुप्ता, रामवृक्ष यादव, शुभम यादव, विजय प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# टैबलेट व स्मार्टफोन छात्रों के लिये ज्ञान का खज़ाना : प्रो. ओपी त्रिपाठी

दानिश मेहदी



**टांडा अम्बेडकरनगर।** योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत सभी छात्रों के हाथों में पढ़ने के लिए पुस्तकों के अलावा ज्ञान के सागर स्मार्ट फोन और टैबलेट सभी के लिए उपलब्ध हो और अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह दिनांक-24 मार्च 2025, दिन सोमवार को आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि- प्रो. ओम प्रकाश लिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र बीएन केबीपीजी कॉलेज अम्बेडकरनगर एवं अध्यक्षता में अम्बरीष सिंह नायब तहसीलदार टाण्डा, अम्बेडकरनगर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व अध्यक्षता कर रहे अम्बरीश सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी ने माँ स्वरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए माल्यापर्ण करते हुए टैबलेट एवं स्मार्टफ़ोन वितरण के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कुल 103 छात्र छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफ़ोन वितरित किया गया। इस अवसर पर अम्बरीश सिंह नायब तहसीलदार टांडा अंबेडकर नगर ने बच्चों को शुभाषीश देते हुए कहा कि तकनीकी के इस युग में आपके हाथों में ज्ञान का खजाना मिला गया है। इसका हमेशा सदुपयोग करें। मुख्य अतिथि प्रो0 ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र बी0 एन0के0बी0 पी0जी0 कॉलेज अंबेडकरनगर ने कहा कि ज्ञान अभ्यास से ही मिलता है। पुस्तकों से कभी दूर नही होना चाहिए। मोबाइल फोन / टैबलेट का प्रयोग सार्थक कार्य के लिए करे। ज्ञान के अथाह सागर गीता, राम चरित मानस है, इनमे आपके जीवन की अंसुलझी पहेली है। समाज को जोड़ने की जरूरत है। पुस्तक के साथ तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता है। बच्चो के लिए एक प्रेरणा स्रोत है।

## ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम आयोजित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उप्र में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरकार की उपलब्धियां गिनायी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सरकार के आठ सालों की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सरकार सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर काम कर रही है। सरकार ने महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। आज महिलाएं अकेले भी दिन हो या रात कहीं भी आ जा सकती है। सरकार के 8 साल पूरे हुए हैं। इतना ही नहीं गांव, गरीब, वृद्ध व नौजवानों के लिए भी सरकार ने कार्य किया है। मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए कार्य किए गए हैं। डबल इंजन की सरकार से चहुंमुखी विकास हो रहा है। महिलाएं लखपति बन रही है। ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन ने महाकुंभ के सफल आयोजन से लेकर सरकार की तमाम छोटी बड़ी सभी उपलब्धियों को गिनाया। महिलाओं के लिए चल रहे स्वंय सहायता समूह के माध्यम से आत्म निर्भर बनाने व लखपति बनाने की सरकार की योजना की जमकर तारीफ की।

# संपत्ति विवाद में गला काटकर बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

अवधनामा संवाददाता



मृतका ईशरावती की फाइल फोटो

### पंजाब से घर पहुंचते ही खून का प्यासा हो गया था बृजभूषण

मां को क्या पता था नौ महीने पेट में पालने के बाद बड़ा बेटा इस दर्दनाक घटना को अंजाम दे देगा। इस घटना से गांव सहित क्षेत्र के लोग स्तब्ध है। इस कलयुगी बेटे को हर कोई कोषता नजर आ रहा है। मां का हत्यारा बृजभूषण परिवार के साथ पंजाब रहता था। संपत्ति बंटवारे को लेकर मां इसरावती पर खफा था। गुरुवार को घर पहुंचते ही कहा सुनी के बाद खून का प्यासा कलयुगी बेटे ने धारदार हथियार से गला काटकर मौत के घाट उतर दिया। मां बेटे के रिश्ते को कलंकित करने वाला यह घटना सबको झंकझोर कर रख दिया है। इसकी जानकारी होते ही छोटे बेटे व अन्य परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई।

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी एक कलयुगी बेटे ने संपत्ति को लेकर बुजुर्ग मां की गला काटकर मौत के घाट उतार दिया। इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक पप्पू उर्फ़ बृजभूषण दूबे पुत्र स्व॰ सुरेन्द्र दूबे उम्र 48 वर्ष निवासी बसंतपुर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर 25 वर्षो से अपने पत्नी और बच्चों के साथ पंजाब रहता है। बृजभूषण दूबे अपने माता पिता का बड़ा पुत्र था। बृजभूषण के पिता सुरेन्द्र की बीते वर्ष 2021 में कोरोना काल में मौत हो गई थी। उनकी माता घर पर अकेली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि संपत्ति बंटवारे को लेकर बृजभूषण दूबे अपनी माता से खपा रहता था। गुरुवार की शाम 5 बजे वह पंजाब से घर वापस लौटा था और घर पहुंचते ही पहले अपने माता इसरावती देवी पत्नी स्व॰ सुरेन्द्र दूबे उम्र 65 वर्षीय को धारीदार हथियार से गला काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बृजभूषण ने स्वयं दूसरे के मोबाइल से 112 नंबर की पुलिस को इस घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष दिनेश कुमार उपनिरीक्षक जुगेश कुमार आनन्द, गिरजेश कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश चन्द्र यादव, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, अनिल यादव, अमित कुमार, रवि कुमार, सर्वेश यादव मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। बृजभूषण का छोटा भाई अनुराग दुबे अपने परिवार के साथ गोरखपुर रहता है। वही इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।

## लोगों के बीच बढ़ती दूरी का कारण बन रहा एआई का दुरुपयोग : डॉ. पांडेय



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की माता शबरी इकाई, पारिजात इकाई एवं महंत अवेद्यनाथ इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन के बौद्धिक सत्र का में मुख्य वक्ता दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार पांडेय रहे। डॉ. पांडेय ने अपने व्याख्यान में एआई तकनीक का मानव मस्तिष्क पर प्रभाव और समाज से लोगों के अलगाव विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तकनीक किस प्रकार से मानव मस्तिष्क को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि की एआई का दुरुपयोग यह समाज में लोगों के बीच बढ़ती दूरी का कारण बन रही है। उन्होंने युवाओं को तकनीक के सकारात्मक उपयोग और इसके दुष्प्रभावों से बचने के उपाय भी बताए। इस अवसर पर रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक, प्रवीन कुमार सिंह, दिलीप मिश्रा, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, जय शंकर पांडेय के साथ तीनो इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## थाना शमशाबाद में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/अधीक्षक के निर्देशन मे समस्त थाना /कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना शमशाबाद परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इस बैठक में शमशाबाद थानाध्यक्ष के अलावा नगर व क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया प्रमुख लोगों में प्रमुख समाजसेवी कांग्रेसी नेता खुशाल मियां अवधेश पांडे मुफ्ती जफर अहमद कासमी लाल मियां रवि पांडे आदि प्रतिष्ठित लोगों ने ईद का त्यौहार पुरानी परंपरा के मुताबिक मिलजुल कर मनाने का आह्वान किया।

## करंट लगने से सात वर्षीय बालक की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगांवां के खैरा टोला में गुरुवार की करीब 10 बजे मोटर की नंगा तार से बिजली की करेंट की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर आई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बुधई की पत्नी बबिता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाई है।कि हमारे घर के पास गांव के लोग बिजली से मोटर लगा कर खेत का सिंचाई करते है। मोटर में नंगा तार लगाते थे। कई बार मना किया गया लेकिन नहीं माने।वृहस्पतिवार को भी नंगा तार लगा कर सिंचाई कर रहे थे कि मेरा 7 वर्षीय पुत्र कृष कुमार लघु शंका करने गया था कि नंगा बिजली की नंगा तार की चपेट में आ गया। जिससे मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजू सिंह का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



## विवाहिता ने लगाया मारपीट व अभद्रता का आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हरीपुर गांव की रहने वाली दलित युवती ने गांव के ही एक युवक पर शराब के नशे में मारपीट, अभद्रता व अश्लील हरकतें किये जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि रात वह शौच के लिये जा रही थी तभी मंदिर के पास बैठा गांव का ही जग्गा रैदास उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम सभा भागीपुर उमराह परगना कम्पिल तहसील कायमगंज की भूमि प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 21.4.2025 को समय 11:00 बजे स्थान पंचायत घर पर ग्राम प्रधान मीरा देवी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में भूमि आवंटन आवास आवंटन आदि प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा आप सभी लोगों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**प्रधान मीरा देवी ग्राम पंचायत भागीपुर**
**उमराह वि.ख. कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**

## कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी आजमगढ़

**पत्रांक :-**107/सा. प्र. /2025 **दिनांक :-** 26.3.2025

**सूचना / विज्ञप्ति**

संभागीय परिवहन अधिकारी आजमगढ़ के लिए अनुमन्य रूपऐ 35 हजार प्रतिमाह (ड्राइवर एवं 200 किलोमीटर के ईंधन सहित) कि दर पर टैक्सी वाहन (इनोवा / स्कार्पियो / बोलेरो) के अनुबंध की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 10.4.25 तक वाहन के प्रपत्रों सहित अपना आवेदन संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय आजमगढ़ में दे सकते हैं। अन्य शर्तों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**संभागीय परिवहन अधिकारी**
**आजमगढ़**


# 29 मार्च को वाराणसी में बिजली महापंचायत

## गोरखपुर सहित राजधानी लखनऊ में बिजली कर्मियों और उनके परिवार का फूटा गुस्सा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बिजली के निजीकरण के विरोध में आज आजमगढ़ और वाराणसी में जन जागरण सभा की। संघर्ष समिति ने ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में भारी भ्रष्टाचार का खुलासा होने के बाद निजीकरण की सारी प्रक्रिया तत्काल निरस्त करने की मांग की है। बिजली के निजीकरण के विरोध के 120 वें दिन आज प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध सभा की।

जनपद गोरखपुर में ऑफिसर कालोनी हाइडल कॉलोनी में बिजली कर्मियों के घरों में अवैधानिक ढंग से मीटर लगाकर रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ-साथ उनके परिवार जनों का गुस्सा फूट पड़ा। दोनों कालोनियों में सैकड़ो की तादाद में महिलाएं और बच्चे अपने घरों से बाहर आ गए और आक्रोशित होकर प्रदर्शन करने लगे। पूरे दिन जनपद गोरखपुर में बिजली कर्मी और उनके परिवार गुस्से में विरोध प्रदर्शन करते रहे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विनयशंकर यादव, सुजीत सिंह, राहुल शर्मा, अजय गुप्ता, सतेंद्र पाण्डे, पंकज पासवान एवं हरिश्चंद्र ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 के अंतर्गत बिजली कर्मियों को रियायती बिजली की सुविधा प्रदान की गई है। इसका गजट नोटिफिकेशन है। एक तरफा ढंग से मीटर लगाकर रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करना निजीकरण की दिशा में एक कदम है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष मार्च के महीने में, जब राजस्व वसूली का लगातार अभियान चल रहा है, तब इस प्रकार की कार्यवाहियां करके अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना रहे हैं। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि निजीकरण के लिए उतावले हो रहे पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण पूरी तरीके से नष्ट भ्रष्ट कर दिया है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसलटेंट के चयन हेतु निविदा डालने वाली एक कंपनी ग्रांट थॉर्टन के एक कागज का कल खुलासा हुआ था जिसमें कंपनी ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश के एक विद्युत वितरण निगम में मीटर लगाने का काम कर रही है लेकिन उसके नाम का एग्रीमेंट के तहत खुलासा नहीं किया जा सकता। अब यह पता चला है कि यह कंपनी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में काम कर रही पोलारिस नाम की एक कंपनी के साथ मीटर लगाने का काम कर रही है। इस तरह बिल्कुल साफ हो गया है कि निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की सारी प्रक्रिया में कॉन्फ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट का उल्लंघन कर भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। इससे और स्पष्ट हो जाता है कि निजीकरण की प्रक्रिया में कितना बड़ा भ्रष्टाचार होने वाला है।

## एमजीयूजी की एएनएम छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत एएनएम द्वितीय वर्ष की 50 छात्राओं ने स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो समूहों के माध्यम से जंगल कौड़िया क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने रोल प्ले, चार्ट पेपर और फ्लैश कार्ड के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता और संचारी रोग पर जानकारी दी। रोल प्ले के माध्यम से उन्होंने बताया की मासिक धर्म स्वच्छता महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह मासिक रक्तस्राव के दौरान उचित सफाई बनाए रखने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य संक्रमण से बचाव, आत्मविश्वास बढ़ाना और प्रजनन स्वास्थ्य की रक्षा करना है। संक्रामक रोग के बारे में बताते हुए छात्राओं ने कहा कि यह वे बीमारियां हैं जो बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या कवक से फैलती हैं। इनके कारण दूषित जल, भोजन, वायु, संक्रमित व्यक्ति या जीवाणु वाहक हो सकते हैं। संक्रामक रोगों के लक्षणों में बुखार, कमजोरी, खांसी, उल्टी-दस्त आदि शामिल हैं, जो रोग के प्रकार पर निर्भर करते हैं। इनके रोकथाम के लिए टीकाकरण, हाथ धोना, स्वच्छता बनाए रखना, सुरक्षित भोजन और जल का सेवन, और संक्रमित लोगों से दूरी आवश्यक है। जागरूकता अभियान के आयोजन में शिक्षिकाओं प्रज्ञा मिश्रा, निधि राय, अभया प्रजापति, सुमन और समरीन ने मार्गदर्शन किया।

# योगी सरकार के आठ वर्षों के दावों पर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर योगी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल से संबंधित सरकारी दावों को चुनौती देने और इनकी सच्चाई जनता के सामने रखने के लिए फैजाबाद मंडल मुख्यालय अयोध्या में पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्षों में प्रदेश में व्यापक बदहाली और कुशासन का राज है। सरकार खुद को अपनी पीठ थपथपाकर आत्ममुग्ध हो रही है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार और जंगलराज का माहौल व्याप्त है। उन्होंने सरकार से आठ महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिनके जवाब प्रदेश की जनता जानना चाहती है।उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले आठ वर्षों में सरकारी परीक्षाओं के पर्चे लीक हो गए हैं, कई परीक्षाओं के परिणाम अब तक घोषित नहीं किए गए हैं, और नई शिक्षक भर्ती नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, राज्य में निजी क्षेत्र में निवेश नहीं होने के कारण युवाओं के लिए नौकरी के अवसर घट गए हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बकाया है, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ, और डीएपी की कालाबाजारी ने किसानों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गन्ने के समर्थन मूल्य में केवल तीन बार मामूली वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट ÷इन्वेस्ट यूपी÷ के प्रमुख को कमीशनखोरी में पकड़ा गया है और प्रदेश के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कई स्थानों पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की है और प्रशासन की भूमिका संदिग्ध रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि योगी सरकार के अपराधों को रोकने के दावे बेबुनियाद हैं, और महिलाओं, दलितों और अन्य कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और सरकार ठेके पर आधारित व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है।

# मोदी व योगी राज में कोई भी अपराधी व्यापारी से वसूली मांगने की नहीं कर सकता है हिम्मतः विधायक वेदप्रकाश गुप्ता



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। केन्द्र सरकार के दस तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर रामकथा पार्क में व्यापारी उद्यमी तथा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरूआत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 18 उद्यमी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार के दस व प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर मनाए जाने वाला विकास उत्सव रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के प्रयास को परिभाषित कर रहा है। सबका साथ सबका विकास की सोच व सबका विश्वास हासिल करने का प्रयास इसी रामराज्य की अवधारणा को जमीन पर लाने का प्रयास है।उन्होंने कहा कि 2017 के पहले सपा व बसपा की सरकारों में अपराधी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक हुआ करते थे। भय का माहौल सपा व बसपा की सरकारों को पोषण प्रदान करता था। हम सभी ने सुरक्षा को लेकर 2017 के बाद परिवर्तन महसूस किया है। आज संगठित अपराध समाप्त हो गया है। प्रदेश की जनता आठ साल में हुए इस परिवर्तन की साक्षी है। कोई भी अपराधी अब किसी भी व्यापारी से वसूली मांगने की हिम्मत नहीं कर सकता है।उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षिक परिवेश से आज युवा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा हासिल करने के बारे में सोच रहा है। योगी सरकार में सरकारी नौकरी के लिए किसी प्रकार के भ्रष्टाचार का सामना नही करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने अंतर्राज्यीय व्यापार आसान बनाया। डिजिटल के समावेश से व्यापार को व्यवस्थित व लाभकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्था से प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। महाकुम्भ में आए करोड़ो श्रद्धालु इस बात का उदाहरण है।विधायक अभय सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से विकासवाद को मुख्यधारा में ला दिया है। राजनीतिक पटल पर यह सुनिश्चित किया गया है कि अब राजनीति सेवा की होनी चाहिए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़े प्रहार करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया है। व्यापारी नेता चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में जनकल्याण तथा लोकहित की अवधारणा शामिल है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि अपराध तथा अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण आज यूपी निवेशकों की पंसद बनता जा रहा है।मौके पर पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, राधेश्याम गुप्ता, अमल गुप्ता, मनोज जायसवाल डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल, बालकृष्ण वैश्य, दीपेंद्र सिंह, राजेश सिंह, शक्ति सिंह, परमानंद मिश्रा ज्ञान केसरवानी, सुरेन्द्र सिंह गांधी, अरूण अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अरूण गुप्ता, बैजनाथ वैश्य, संजय गुप्ता, अरविंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों तथा युवाओं की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मोबाइल फोन और टैबलेट का वितरण

अयोध्या। पार्वती गर्ल्स एजुकेशनल इंस्टिट्यूट महाविद्यालय, राजापुर सरैया गोसाईगंज में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को निशुल्क मोबाइल फोन और टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाना है।समाजसेवी एवं भाजपा नेता सर्वेश कुमार वर्मा ने छात्राओं को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस डिजिटल युग में यह उपकरण उनके लिए एक शक्तिशाली माध्यम साबित होंगे, जो उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और भी आगे बढ़ने में मदद करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार पटेल, राम नवल वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजेंद्र प्रसाद वर्मा जिला पंचायत सदस्य, घनश्याम पटेल , लोकप्रिय पटेल, राहुल सिंह उपस्थित रहे। इन विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस तरह की योजनाएं उनके उज्जवल भविष्य के लिए सहायक सिद्ध होंगी।इस मौके पर उपस्थित सभी अभिभावकों, छात्राओं और महाविद्यालय के स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ तौर पर देखा गया, क्योंकि वे अपने मोबाइल फोन और टैबलेट प्राप्त कर चुकी थीं। इस अवसर पर सभी छात्राओं को यह शुभकामनाएं दी गईं कि वे इन उपकरणों का सदुपयोग करें और इसका प्रयोग शिक्षा, ज्ञान और समृद्धि के लिए करें।

## योगी सरकार में किसानों तक आसानी से पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

अयोध्या। योगी सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई किसान कर्ज माफी योजना ने प्रदेश के लाखों किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाकर उनकी जिंदगी में नई उम्मीद की किरण जगाई है। खास तौर पर अयोध्या मण्डल में इस योजना का व्यापक असर देखने को मिला, जहां 3,19,568 किसानों ने कर्ज माफी का लाभ उठाया। आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के लिए यह योजना देवदूत साबित हुई। स्थानीय किसानों ने योगी सरकार की जमकर तारीफ की।

योगी सरकार ने 25 मार्च 2017 को सत्ता में आते ही किसानों के हित में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए थे। इसी कड़ी में किसान कर्ज माफी योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत छोटे और सीमांत किसानों के 1 लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ किए गए। अयोध्या मण्डल में इस योजना का सबसे अधिक लाभ बाराबंकी जिले के किसानों को मिला।

### जनपद-लाभार्थियों-भुगतान की संख्या

1- अयोध्या - 62197 - 284.78 करोड़ धनराशि माफ की गई।

2- अंबेडकर नगर - 46185 - 225.67 करोड़ रुपए का ऋण माफ किया गय।

3- बाराबंकी - 1,19, 565 - 65,512.00 लाख रुपए ऋण माफ किया गय।

4- सुल्तानपुर - 50858 - 236.77 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

छोटे किसानों के लिए योगी सरकार ने बहुत कुछ किया।अयोध्या मण्डल के एक किसान राम प्रसाद ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कर्ज माफी के बाद मैंने अपने खेत में नई फसल लगाई और अब मेरी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर है। योगी सरकार ने हम जैसे छोटे किसानों के लिए बहुत कुछ किया है। राम प्रसाद जैसे हजारों किसानों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आर्थिक संकट से उबारना और उन्हें खेती के लिए प्रोत्साहित करना था, जिसमें सरकार पूरी तरह सफल रही है।

### किसानों तक आसानी से पहुंचा सरकारी योजनाओं का लाभ

किसान कर्ज माफी योजना के अलावा योगी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद जैसे कदम उठाकर किसानों को सशक्त बनाने का काम किया। इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार ने पारदर्शी और त्वरित कार्यान्वयन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई मौकों पर कहा है कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है। सरकार की इस प्रतिबद्धता का नतीजा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है।

### विपक्ष के सवालों के बावजूद बढ़ी योगी सरकार की लोकप्रियता

विपक्षी दलों ने समय-समय पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, लेकिन किसानों के बीच योगी सरकार की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। विशेषज्ञों का मानना है कि कर्ज माफी जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि कर्ज माफी से किसानों का मनोबल बढ़ा है, लेकिन भविष्य में ऐसी योजनाओं को और व्यापक बनाने की जरूरत है। अयोध्या मण्डल में मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीतियां सही दिशा में हैं।

# मंडलायुक्त के अध्यक्षता में सौन्दर्यीकरण एवं ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्वार की हुई समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड (क्कह्र) द्वारा अयोध्या में विभिन्न सौन्दर्यीकरण एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के जीर्णोद्वार हेतु कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त/सीईओ श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।मण्डलायुक्त ने बैठक में निर्देशित किया कि अयोध्या में सौन्दर्यीकरण हेतु जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, उन्हें मानक की विशिष्टताओं के अनुरूप तेज गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्य में कोई बाधा आ रही है, तो उसे उच्च




अधिकारियों को अवगत कराकर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। इसके साथ ही, प्रत्येक स्तर पर सौन्दर्यीकरण एवं अन्य कार्यों की नियमित समीक्षा होनी चाहिए।मण्डलायुक्त ने अयोध्या-अम्बेडकरनगर मार्ग, अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग, अयोध्या-लखनऊ मार्ग, अयोध्या-गोरखपुर मार्ग, अयोध्या-गोंडा मार्ग एवं अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर बनाए जा रहे गेट कॉम्पलेक्स और बाउंड्रीवॉल के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए, और इसके लिए अतिरिक्त मेनपावर का इस्तेमाल करते हुए कार्यों को तीव्र गति से कराया जाए।उन्होंने अयोध्या शहर में स्थित प्राचीन गेटों के जीर्णोद्वार कार्यों की भी समीक्षा की और कहा कि जहां भी कोई बाधाएं आ रही हैं, उनका समाधान संयुक्त टीम के माध्यम से किया जाए, ताकि कार्य शीघ्रता से पूरा हो सके। इसके साथ ही, इन गेटों को आकर्षक लाइटों से सजाने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान मणिपर्वत के सौन्दर्यीकरण पर भी चर्चा हुई, जिसमें यह बताया गया कि मणिपर्वत और इसके आसपास का क्षेत्र एएसआई द्वारा संरक्षित है, इसलिए इसके सौन्दर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार करते समय एएसआई के मानकों का पालन किया जाए।मण्डलायुक्त ने यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनमें पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों का निर्माण, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित आश्रमों और कुण्डों का निर्माण कार्य तथा साकेत सदन के जीर्णोद्वार कार्य शामिल हैं।बैठक के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर UPPCL ने कराए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# अयोध्या में बढ़ता प्रदूषणः खतरे के निशान पर एयर क्वालिटी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। धार्मिक नगरी अयोध्या में प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक होता जा रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है, लेकिन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहा है। आवासीय और ग्रामीण इलाकों में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों का संचालन खुलेआम जारी है, जिससे कृषि योग्य भूमि, स्कूलों और रिहायशी इलाकों में जहरीला धुआं फैल रहा है। अयोध्या के गैर-इंडस्ट्रियल इलाकों में धड़ल्ले से चल रही फैक्ट्रियों में बड़े-बड़े बॉयलर जलाए जा रहे हैं, जो आसमान में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर ये अवैध इकाइयां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) हासिल कर लेती हैं, और हर साल इन्हें आसानी से नवीनीकरण भी मिल जाता है। सूत्रों के मुताबिक, पैसे के दम पर विभाग इन फैक्ट्रियों को खुली छूट दे रहा है। यहां तक कि इनसे हर महीने अवैध वसूली भी की जाती है। यही कारण है कि प्रदूषण के नाम पर यह विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है और किसी भी ठोस कार्रवाई से बचता रहा है। सूत्रों के अनुसार, बाराबंकी के रहने वाले एक लैब असिस्टेंट को इस विभाग में अवैध वसूली की जिम्मेदारी दी गई है। यह व्यक्ति मेडिकल कचरा सर्टिफिकेट से लेकर अन्य खतरनाक अपशिष्ट प्रमाणपत्रों तक की अनुमति दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी, नर्सिंग होम, छोटे-बड़े उद्योग, ईंट भट्ठों जैसी सभी इकाइयों को इस विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है, और हर इकाई के लिए अलग-अलग कर्मचारी और बाबू तैनात किए गए हैं।

## पत्रकार संगठन ने अधिकारियों संग खेली फूलों की होलीः भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच का महासम्मेलन हुआ आयोजित



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। सर्किट हाउस में भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच का महासम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सूचना विभाग के अधिकारी संतोष द्विवेदी और एडीएम सिटी अनुरुद्ध प्रताप सिंह व सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी व ग्रामीण एसपी बलवंत चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच के संस्थापक अंतरिक्ष तिवारी द्वारा अतिथियों का शाल और बुकों से स्वागत करने से हुई, जिसके बाद उपस्थित पत्रकारों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया।इस महत्वपूर्ण अवसर पर सूचना विभाग के अधिकारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्हें उनकी भूमिका और कर्तव्यों के प्रति सम्मानित किया। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों का कार्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए बेहद अहम है और उनकी सुरक्षा सरकार के लिए प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन नौशाद ने किया, और इस मौके पर उपस्थित सभी पत्रकारों को सम्मान पत्र देकर उनके योगदान को सराहा गया। सैकड़ों पत्रकार इस आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों को सुरक्षा कवच और उनके हक के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने दी होली की बधाई और सुरक्षा का भरोसा- एडीएम प्रशासन और जिला सूचना अधिकारी ने इस मौके पर सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, अधिकारियों ने पत्रकारों को यह आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी और उनके अधिकारों की रक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम में अयोध्या पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी, एडीएम प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी और अन्य सम्मानित अधिकारी भी मौजूद रहे। संगठन के संस्थापक अंतरिक्ष तिवारी ने कहा कि यह महासम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए एक सम्मान समारोह था बल्कि उनके काम को लेकर जागरूकता फैलाने और उनकी सुरक्षा के उपायों पर भी विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# योगी सरकार के आठ तो बिथरी विधायक के डॉ0 राघवेंद्र शर्मा के तीन साल पूरे




अवधनामा संवाददाता

बरेली। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने आठ वर्ष सकुशल पूर्ण हो गए हैं। साल 2017 में भारतीय जनता पार्टी को जनता ने प्रचंड बहुमत दिया, जिसके बाद योगी आदित्यनाथ जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद सीएम योगी जी ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूर्ण किया। फिर वर्ष 2022 में दोबारा हुए विधानसभा चुनाव में भी यूपी की जनता ने दिल खोलकर बीजेपी को वोट ओर समर्थन दिया,जिसके बाद बीजेपी नेतृत्व ने योगी आदित्यनाथ जी को ही एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर चुना। इस तरह से अब यूपी में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण हो गए हैं। जिसमें बरेली की विधानसभा 123 बिथरी चैनपुर से विधायक डॉ0 राघवेंद्र शर्मा के तीन वर्ष के कार्यकाल को लेकर क्यारा ब्लाक में प्रेसवार्ता के भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताता हुए, अनेकों विकास कार्य के बारे में जानकारी दी जिसमें मुख्यता सड़कों के निर्माण,सोलर हाईमस्ट लाइटें,यात्री शेड, रामगंगा पक्का शमशान घाट निर्माण , कई स्कूल में फर्नीचर जैसी कई करोड़ की विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

अयोध्या। थाना गोसाईगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना गोसाईगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वारंटी अभियुक्त सुशील सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह, निवासी ग्राम पहाड़पुर सरैया, थाना गोसाईगंज, अपने घर पर मौजूद है। थानाध्यक्ष विजयंत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 79/2024 के तहत धारा 287/23, 307 भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफटीसी द्वितीय, अयोध्या की अदालत से वांछित चल रहा था।गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी विजयंत मिश्रा, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार और आरक्षी राम नरेश की अहम भूमिका रही।

# सिसवा ब्लॉक में आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम संपन्न




अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार (महराजगंज)। प्रदेश सरकार के सफलतम आठ वर्ष पूरे होने पर गुरूवार को सिसवा ब्लॉक परिसर में आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों का स्टॉल लगाकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाए गए लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों में प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं भागीदारी सुनिश्चित की है जिससे महिलाओं की सहभागिता सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में बढ़ है। सरकार ने प्रदेश को अपराधमुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश बनाया है। पूरे प्रदेश में वर्ष पहले अपराधियों का बोलबाला था, लेकिन अब कानून का राज स्थापित हुआ है। इस बीच अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री, आवास योजना, आयुष्यमान भारत कार्ड, वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन, निःशुल्क राशन, मनरेगा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, पेयजल सहित तमाम लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, आंगनबाड़ी, आवास योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके ब्लॉक प्रमुख कोदई निषाद, एडीओ पंचायत सुरेश कन्नौजिया, एडीओ आइएसबी सुजीत गोंड सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 572 आवेदनों में से 385 आवेदन मिले पात्र



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज जिलाधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संदर्भ में जिला चयन समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न कार्यों के लिए दिए जाने वाले अनुदान हेतु पात्र आवेदनकर्ताओं के चयन हेतु अभिलेखीय सत्यापन के उपरांत अंतिम चयन हेतु रेंडमाइजेशन के लिए तैयार सूची को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। सहायक निदेशक ने बताया कि निजी भूमि तालाब, रियरिंग यूनिट, जिंदा मछली विक्रय केंद्र, मोटरसाइकिल आदि के लिए अनुदान हेतु पोर्टल पर 01 फरवरी से 28 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विभाग को कुल 572 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें अभिलेखीय परीक्षण के उपरांत 385 लोग पात्र पाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सूची को अंतिम रूप देने से पहले आवेदनकर्ता का सिबिल स्कोर, खतौनी, ड्राइविंग लाइसेंस आदि का सत्यापन संबंधित विभाग से समन्वय कर सुनिश्चित कराएं। उन्होंने इसके लिए एसडीएम, उपनिदेशक कृषि, एलडीएम और एआरटीओ की 04 सदस्यीय समिति गठित करते हुए सत्यापन कार्य को 07 अप्रैल तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला विकास अधिकारी करुणाकर अदीब, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी सहित, सहायक निदेशक मत्स्य श्री संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

अवधनामा



# इफ्तार पार्टी : आपसी भाईचारे, मोहब्बत की दुआ

## नपा अध्यक्षा चमन आरा ने कराया इफ्तार पार्टी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी के आवास पर बृहस्पतिवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्ग के लोग समाज के बड़े बुजुर्ग, नौजवान, राजनैतिक और समाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने इस मौके पर सभी उपस्थित जनों ने आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इखलास को बढ़ावा देने की दुआ किया। उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टी गंगा-जमुनी तहजीब का हिस्सा है। इफ्तार करवाना नेक काम है, लोगों को एक दूसरे की मदद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कितना खुशी का मौका है कि अलग-अलग धर्म और जाति के लोग एक साथ बैठकर कर रोजा खोल रहे हैं और एक दूसरे की संस्कृति और रिवाजों को समझते हैं। साथ ही सभी ने अमन-चैन और समाज में आपसी सहयोग को बढ़ाने की दुआ किया। रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व सांसद भीष्म शंकर कुशल तिवारी, पूर्व सांसद डा चंद्रशेखर त्रिपाठी, पूर्व विधायक व सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, जमील सिद्दीकी, खुर्शीद खान, बरकत अली, शहाब मजरूह, मो हारून, कारी सैयद अब्दुल ताहिर, मौलाना अब्दुल हकीम, मौलाना अबूबकर, कृष्ण मुरारी यादव, बुद्धिराम प्रजापति सैयद मोहम्मद कुतुब सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### तीन दिवसीय मेले का हुआ आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** सेवा सुरक्षा एवं सुशासन के प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तहसील सभागार में तीन दिवसीय प्रदर्शनी/ मेला का आयोजन हुआ। तीसरे दिन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पूर्व जिला महामंत्री डॉ शिवपूजन वर्मा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर,पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याण योजनाओं की विस्तार से चर्चा किया। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा किया।इससे पहले अतिथियों का एसडीएस पवन जायसवाल और तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया।

# विद्यालय में ईदी भेंट कर ईद की दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में रसोइया निर्मला और सरस्वती को अंगवस्त्र और सेवई जैसे विशेष पकवान के लिए सभी जरूरी सामान भेंट कर उन्हें ईद की बधाई दी गई। विद्यालय में ईदी पाकर रसोइयों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग़रीब परेशान इंसान की मदद और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही ईद के त्यौहार का असल मकसद है, और यही सबसे बड़ी इंसानियत भी है। प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह ने बताया कि बहुत ही अल्प मानदेय पर विद्यालयों में रसोइया पूरे साल काम करती हैं, फिर भी उन्हें मात्र दस महीने का ही मानदेय दिया जाता है, और वह भी कभी समय से उन्हें नहीं मिल पाता है। मंहगाई के इस दौर में इतने कम मानदेय में जीवन यापन करना बहुत मुश्किल है। इसलिए विद्यालय परिवार की सदस्य होने के नाते ईद के मौके पर उन्हें खुशियों में शामिल करने के लिए हर वर्ष की भांति अंगवस्त्र और ईद के दिन बनने वाले सेवई जैसे विशेष पकवान के लिए सभी जरूरी सामान देकर उन्हें ईद की बधाई दी गई। ईदी पाकर रसोइयों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाध्यापक द्वारा शेष अन्य दोनों स्टाफ को भी नकद ईदी देकर उन्हें भी ईद की बधाई दी। विद्यालय के एक अन्य स्टाफ मोहम्मद काशिफ ने भी रसोइयों को अंगवस्त्र और नकद ईदी देकर उन्हें बधाई दी। त्यौहार की खुशी में जब सभी की खुशी शामिल होती है, तभी असल में त्यौहार की खुशी होती है। आपसी भाईचारा ही अपने देश की पहचान है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई गेंहू खरीद वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में गुरुवार को गेंहू खरीद वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा गेंहू खरीद वर्ष 2025-26 के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य रू0 2425 प्रति कु0 निर्धारित किया गया है।

गेंहू खरीद 17 मार्च 2025 से 15 जून 2025 तक चलेगा। जनपद में गेंहू खरीद 2025-26 हेतु 05 क्रय एजेंसियों के कुल 67 केन्द्र संचालित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 28, पीसीएफ के 25, पीसीयू के 10, भारतीय खाद्य निगम के 3 एवं मंडी समिति के 1 केन्द्र संचालित हैं। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुलेगे। सभी क्रय केन्द्रो पर सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध होना चाहिये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों से सम्पर्क कर उनका अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करायें। किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करें। किसानों से गेंहू की खरीददारी उनके खेत से भी करने का निर्देश दिया। क्रय केन्द्र पर पीने के लिए पानी, गुड़ व पर्याप्त छाया की व्यवस्था रहे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में गेंहू विक्रय हेतु किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल www.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। गेंहू क्रय हेतु 2116 गांठ बोरा उपलब्ध है। समस्त एजेंसियों को बोरा उपलब्ध करा दिया गया है। क्रय केन्द्रों पर गेंहू की खरीद पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त वरिष्ठ निरीक्षक बाट-माप, सचिव व क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित थे।

# हेल्थ कैंप का उद्घाटन, स्मार्ट क्लास कंप्यूटर लैब आदि का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में गुरुवार को एडसिल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित हेल्थ कैंप का उद्घाटन और विद्यालय में स्थापित दो स्मार्ट क्लास तथा एक कंप्यूटर लैब, साथ ही बाउंड्री वॉल और भवन रिनोवेशन का लोकार्पण मुख्य अतिथि गोविंद जायसवाल IAS संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक एडसिल द्वारा लोकार्पण किया गया।

विद्यालय में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया मुख्य अतिथि द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन कर नमन किया गया तथा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ प्रधानाचार्य बृजेश द्विवेदी द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों को स्वयं का बनाया बुके भेंट किया सभी, विद्यालय की प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती कविता साहनी द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रभु दयाल विद्यार्थी से जुड़ी यादों का मोमेंटो भेंट किया। अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रभु दयाल विद्यार्थी की समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर पुष्पार्चन कर नमन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों द्वारा हेल्थ कैंप का निरीक्षण किया गया तथा एक-एक डॉक्टर से परिचय प्राप्त करते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को देखा गया। सभी मरीजों को जांच करके दवाएं तथा सभी को फर्स्ट एड किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, चन्दन चौधरी IPS, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद, एडसिल के सीजीएम प्रदीप सिंह सिसोदिया डिप्टी जीएम नंदीश जी मैनेजर एम बी नदाफ, हेल्थ कैंप मैनेजर कुलदीप सिंह चौहान डॉक्टर शिवम डॉक्टर विशाल मिश्रा डॉक्टर साक्षी मिश्रा नर्सिंग स्टाफ लैब टेक्नीशियन जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद रमाकांत द्विवेदी जिला संगठन मंत्री शेषनारायण पाण्डेय,संयुक्त मंत्री जयराम यादव प्रधानाचार्य विजय कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य तेज बहादुर चौधरी जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा रामसेवक साहनी, उप प्रबंधक विशुनकुश साहनी विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती कविता साहनी, प्रबंध समिति की कोषाध्यक्ष श्रीमती चमेली देवी पंकज कुमार द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह सोनाली देवी, अरुण लाल श्रीवास्तव, अंगद प्रसाद, दिनेश धर द्विवेदी, दुर्गेश, राजन गोंड, मुनीराम, शीतल मिश्रा, गोपाल साहनी, अजय कर पाठक, आशीष कर पाठक चन्द्र प्रकाश कर पाठक आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### छात्र का नवोदय में चयन प्रबन्धक ने छात्र का बढ़ाया हौसला

**कलवारी।** दुबौलिया विकास क्षेत्र पीयूष एकेडमी डेईडीहा बाजार के एक छात्र ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबन्धक महेन्द्र प्रताप वर्मा ने छात्र को माला पहनाकर बच्चे का उत्साह बर्धन किया है। पीयूष एकेडमी डेईडीहा बाजार में कक्षा पांच में पढ़ने वाला छात्र पुष्पेन्द्र पुत्र हेमराज ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय के प्रबन्धक महेन्द्र प्रताप वर्मा ने छात्र को माला पहनाकर उत्साह बर्धन करते हुए कहा कि पुष्पेन्द्र ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र के इस साफलता पर माता पिता में खुशी है। पिता हेमराज ने बताया कि मेरे बेटे को अच्छे विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिल सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंकज वर्मा एवं शिक्षक शिवांश मिश्र, राहुल सिंह, अखिलेश, कुलदीप, वविता अग्रहरि,संजना वर्मा,ज्योति वर्मा,अंकिता दुबे,प्रतिभा दुबे ने छात्र को बधाई दी।

# सेवा सुरक्षा सुशासन : 8 वर्ष पूर्ण प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा: पूर्व मंत्री

## एक दो अधिकारी कर्मचारी के उपस्थित न होने पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** बृस्पतिवार को सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के केंद्र सरकार के 10 वर्ष व प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इटवा तहसील परिसर में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव/मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आज महोत्सव के अन्तिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पूर्व मंत्री के द्वारा सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के द्वारा लगायें गयें स्टालों/प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। पूर्व मंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टालों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सरकार द्वारा किये गयें विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वहीं कुछ अधिकारी कर्मचारी के उपस्थित न होने पर नाराजगी भी जताई। पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा विगत 08 वर्षो में सभी वर्गो के उत्थान हेतु योजनायें चलायीं गयीं, जिससे आज समाज के हर वर्ग का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक उन्नयन हुआ है। हमारी सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजना संचालित कीजा रही है, जिसके माध्यम से गरीब वर्ग के लोगों का लगातार आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आमजन हेतु किये जा कार्यो का ब्योरा मा0 मुख्यमंत्री द्वारा लगातार जनता, मीडिया व प्रबुद्धजनों के सम्मुख रखा जा रहा है। आज करोड़ों लोगों कोको हमारी सरकार गरीब रेखा से ऊपर ले आई है। मंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश में सड़कों के निर्माण हुए सबसे बड़ा गंगा एक्सप्रेसवे बनाया मेरठ से प्रयागराज तक बनाया गया जिसे बढ़ाकर बुंदेलखंड पहुंचाया गया और जो हरिद्वार तक जाएगा हमारी सरकार द्वारा मुफ्त उज्वला गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है, घर-घर तक विद्युत कनेक्शन उपलब्धकराया जा रहा है, घर-घर तक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, किसानों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। कानून व्यवस्था चुस्त, दुरूस्त है। आज प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाऐं समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंच रहीं है। मंत्री द्वारा जनपद के विकास कार्यो के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया तथा जनपद में हुए विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसडीएम कुणाल तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार बीडीओ इटवा अनिशी मणि पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव अरुण कुमार श्रीवास्तव सचिव मुईदुर्रमान आनंद गुप्ता सत्यम आदि साहित गणमान्य लोगों की उपस्थित रही।

### दुबौला चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**दुबौला, बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के आगामी स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को दुबौला चौराहे पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, भाजपा उपाध्यक्ष गन्ना समिति, गौर सलाहकार रेलवे बोर्ड गौर नागेंद्र सिंह सिंकू, मंडल अध्यक्ष भाजपा लवकुश शुक्ल, जिला प्रतिनिधि शैलेश पाण्डेय, मंडल महामंत्री अमर बहादुर सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य आईटी भाजपा शिवम अग्रहरी, मंडल मंत्री दुर्गेश शुक्ल, अजय सिंह, सूर्या चौहान, कृष्णकुमार वर्मा, रामचेत भारती, विष्णु यादव, लालजी शुक्ल, वासुदेव तिवारी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नेताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

# प्रदर्शनी व मेले के तीसरे व अंतिम दिन योगी सरकार के लोक कल्याणकारी नीतियों पर हुई चर्चा, लाभार्थियों को मिला प्रमाण पत्र

## कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 112 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरे होने पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी व मेले के आखिरी दिन तहसील सभागार में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को गिनाया गया, और सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मेले के आखिरी दिन पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने एसडीएम डा. संजीव दीक्षित के साथ सरकार के आठ वर्ष पूरे हो जाने के उपरांत लगाए प्रदर्शनी व मेले का विधिवत अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह को बरगद का पौधा भेंटकर की गई। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास योजनाओं के बारे में अपने समय में क्षेत्र में कराये गये विभिन्न कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश वही है, लेकिन बीते 8 वर्षो में हुए विकास कार्यो से उत्तर प्रदेश की पहचान पूरी तरह से बदल चुकी है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान आज बनी है, उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था में सुधार को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाएं और उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यो पर विस्तृत रूप से चर्चा की। सरकार का मुख्य उद्देश्य हैं कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ मिले। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार गरीबों और पिछड़ों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य कर रही हैं। एसडीएम डा. संजीव दीक्षित ने बताया कि सरकार का यह प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। प्रदर्शनी व मेले के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है। मेले में आयुष विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में 321 लोगों का जांच कर निःशुल्क दवा भी वितरित किया गया व विभिन्न योजनाओं के 112 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी से संबंधित पंपलेट व पुस्तिका वितरित की गई। कार्यक्रम में लवकुश ओझा, धर्मराज वर्मा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, मधुसुदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय आदि ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान तहसीलदार रविकुमार यादव, नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता, बीडीओ कार्तिकेय मिश्र, आलोक दत्त उपाध्याय, ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, राजन गुप्ता, सीओ बृजेश कुमार वर्मा, एसओ श्याम सुंदर तिवारी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश प्रसाद, एबीएसए संजय कुमार, राजेश कुमार, एआरओ अखिलेश, लालकृष्ण श्रीवास्तव, संजय वरुण, आबिद रिज़वी, महंत मिश्रा, सुधांशु अग्रहरि, अर्पित सिंह, अर्पित द्विवेदी, विवेक विश्वकर्मा, राजेश जायसवाल आदि सहित समस्त विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहें।

### बाल मेला से छात्रों में करके सीखने की क्षमता का होगा विकास



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र के तिघरा ग्राम पंचायत के टोला महुरैया में स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं ने कई तरह के पकवान बनाए, इसमें इनकी सहभागिता और उत्साह देखते ही बन रहा था। यहां प्रतिवर्ष बाल मेला का आयोजन होता है। स्कूल परिसर में छात्रङ्कछात्रा सुनील, करण, कौशल, दीपांकर, विनय, संधना, रूपाली, रचना, नैना, आराधना, तनु, दिव्या ने खाने पीने वाली वस्तुएं जैसे केक, पकौड़ी, हलवा, चाय, भूजा, पापड़, मैक्रोनी, चाउमिन के चार स्टाल लगाए। विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टालों का स्कूल के शिक्षकों व अतिथियों ने निरीक्षण करते हुए खरीदारी कर इनका उत्साहवर्धन किया। इन व्यंजनों का स्कूल के छात्रों के साथङ्कसाथ ग्रामीणों व शिक्षकों ने खूब लुत्फ उठाया। इसके अलावा राजन, माधव, आदित्य, मधु ने पेन, पेंसिल, रबर, कटर व कॉपी का स्टाल लगाया। प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह ने बताया कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा का परख करने के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया है। इससे बच्चों में करके सीखने की क्षमता का विकास होता है। इस दौरान रूपेश सिंह, अमित पांडेय, निधि सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, रेनू सिंह, अंकिता उपाध्याय, रोशनी, सुमन, संगीता, चित्रलेखा, घरभरन आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार के 8 साल : विकास योजनाओं में यूपी नंबर वन : डॉ. सतीश द्विवेदी

## योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर पूर्व मंत्री ने प्रेस वार्ता में गिनाई उपलब्धियां

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा में भाजपा के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री पूर्व विधायक डा0 सतीश द्विवेदी ने योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को पेश किया। डा0 सतीश द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास योजनाओं में देश में पहले स्थान पर है।

महाकुंभ का सफल आयोजन, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और मजबूत कानून व्यवस्था सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। उन्होंने प्रदेश की 25 करोड़ जनता को बधाई दी। डा0 सतीश ने 2027 के चुनाव को लेकर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष एकजुट हो या अलग-अलग लड़े, भाजपा की जीत तय है।

**60 सालों से ज्यादा विकास कार्य 400 करोड़ की योजनाएं पूरी** - उत्तर प्रदेश के इटवा में भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में इटवा विधानसभा क्षेत्र में आजादी के बाद के 60 वर्षों से अधिक विकास कार्य हुए हैं। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में भिलौरी में राजकीय आईटीआई की स्थापना की गई। गोरया में राजकीय पॉलिटेक्निक बना। धोबहा में राजकीय इंटर कॉलेज और बिस्कोहर में राजकीय डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया गया। सड़क निर्माण में क्षेत्र में करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए गए। राप्ती नदी के गौरा घाट पर लंबे समय से मांग किया जा रहा पुल बनकर तैयार हुआ। शनिचरा, महुआ, कठेला और गौरडीह में भी पुलों का निर्माण किया गया चिकित्सालय का नया भवन बाढ़ से बचाव के लिए करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 2019 में इटवा और बिस्कोहर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया। इससे 45 गांवों का विकास तेजी से हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के नए भवन के लिए धन जारी किया गया है। खुनियांव ब्लॉक को पशु चिकित्सालय का नया भवन मिला है। वार्ता के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, चेयर मैन बिस्कोहर अजय गुप्ता, बलराम मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, माया मिश्रा, प्रमोद कन्नौजिया, घनश्याम गुप्ता, अमित मिश्रा, सुरेश प्रजापति, सत्यम, दीप नरायण त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, श्रवण गिरि, राम सुधाकर, सुनील जायसवाल, राम शब्द उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, किशन जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### नोटिस पाने वाले गैर मान्यता विद्यालय विभागीय सांठ गाठ के सहारे

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन और शिक्षा विभाग के दावों को ठेंगा दिखा रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं, हर साल नए शैक्षिक सत्र में इन पर नकेल कसने को लेकर कमर तो कसी जाती है लेकिन कुछ दिन बाद सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है दंड के प्रावधानों के बावजूद कुछ भी विभागीय लोगों की मिली भगत से ये विद्यालय बिना रोक-टोक के चलते रहते हैं। कभी बंद करने को नोटिस मिला तो विद्यालय के नाम का बोर्ड बदल जाता है ऐसे विद्यालयों की समय-समय पर शिकायतें आती रहती हैं लेकिन शिकायती पत्र किसी कोने में डाल दिए जाते हैं। कहा जाता है कि साल भर नोटिस का खेल चलता है। पता चला है कि मान्यता विहीन विद्यालयों के संचालन की सूचना विभाग के जिम्मेदारों को होती है लेकिन पूरा साल इन विद्यालयों को नोटिस देने मे गुजर जाता है। सूत्र बताते है कि बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र में करीब दर्जन भर से अधिक संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विभाग द्वारा गत वर्ष नोटिस दिए जाने की बात सामने आई थी, कहा जाता है कि फिर गुणा भाग के खेल से मामला रफा दफा हो गया। बहरहाल गत वर्ष नोटिस पाने वाले गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की स्थिति वर्तमान में क्या है ये तो जांचोपरांत ही स्पष्ट होगा। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि जब सरकार का सख्त आदेश है कि अगर कोई गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हो रहा है तो तुरंत जांच कर गैर मान्यता प्राप्त पाये जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाय। लेकिन सिद्धार्थ नगर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार कोई कार्रवाई करने से बचते नजर आते है।

### डीएम की अध्यक्षता मे डिस्ट्रिक्ट टास्क फ़ोर्स की बैठक

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गर्मी के प्रभाव और उसके कारण उत्पन्न होने वाले रोगों के प्रबंधन एवं प्रभावी तैयारी के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आगामी दिनों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका के दृष्टिगत उष्ण मौसम से संबंधित रोगों (हीट रिलेटेड इलनेसेज) से बचाव एवं उपचार हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आशुतोष ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

## संकल्प धैर्य, साहस का संगम

भारतीय मूल की सुनीता विलियम और विलमोर अन्तरिक्ष में नौ महीने रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आये। यह मनवीय उपलब्धि से ज्यादा संकल्प, धैर्य और साहस का आश्चर्यजनक घटना है। जिन कहानियों को हम दादा नानी के किस्सों में सुनते आये है वह होते देख और सुन रहे है। अन्तरिक्ष में जाने के खतरे बड़े भयावह है। पूर्व में जो अन्तरिक्ष यात्री विपरीत परिस्थितियों में जलकर खत्म हो गये उनके किस्से और उदाहरण बड़ों बड़ों की हिम्मत छुड़ा देने वाला है। दोनों के संकल्प, धैर्य और साहस की जितनी सराहना की जाये कम होगी। हमारे नौजवानों में आन्तरिक्ष विज्ञान पढ़ने को क्रेज बन रहा है। अभी तो क्रेज की शुरूआत है।

दोनो यात्री पिछले वर्ष जून में बोइंग और नासा के आठ दिनों के ज्चाइन्ट फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गये थे। उद्देश्य था बोईग के स्टार लाइनर अन्तरिक्ष यान के अन्तरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक पहुंचाने और वापस आने की क्षमता का परिक्षण करना था पर तकनीकी गड़बड़ी की वजह से इनका आठ दिन का सफर नौ महीने चौदह दिन मे बदल गया। विज्ञान में नई नई योजनायें बनती है बदलती है और इन्हीं बदलाओं में नई खोजो के सुराग मिलते है। यह मिशन इसी का प्रकाश स्तम्भ है।

नौ महीनों से ज्यादा समय तक अन्तरिक्ष में रहने वालों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है कई नई समस्यायें शरीर में पैदा हो जाती है। इस दौरान शरीरिक मानसिक और भावनात्मक समस्याये पैदा हो जाती हैं इसके अलावा हड्डियों की संघनता हृदय प्रणाली, नीद की गुणवत्ता, दृष्टि आदि पर पड़ने वाले प्रभाव अध्ययन के विषय बने जाते है। वर्षो की योजनायें इस तरह के अध्ययन के लिये बनानी पड़ती है। लेकिन इस मिशन के अनचाहा अनियोजित विस्तार अध्ययनों के लिये एक अप्रत्याशित संसाधन बन गया। जो अमूल्य खजाना है खोज के लिये। यह अध्ययन भविष्य में दीर्घ कालिक अन्तरिक्ष मिशनों के लिये अत्यन्त मूल्यवान खजाना बन गया है। बुच और सुनीता का यह मिशन न सिर्फ नासा के लिये बल्कि पूरी मानवता के लिये एक मूल्यवान वरदान बन गया है। यह अनुभव अन्तरिक्ष के रहस्यों को समझाने में भारी मदद पहुंचायेगा। हम जान पायेगे कि हमारे शरीर और दिमाग बेहद प्रतिकूल परिस्थितियों में किस हद तक अपने अनुकूल बना सकते है। भारत के लिये तो यह गर्व का विषय है की एक भारतीय मूल की बेटी और बेटे ने एक महान कठिनतम अभियान को सफलता पूर्वक पूरा किया। भारत इस समय गगनयान जैसे मानव अन्तरिक्ष मिशन के तैयारी में जुटा हुआ है। सुनीता और बुच के मिशन के आंकड़े आगे के लिये चन्द्र मंगल समेत सभी मिशनों के लिये मार्ग दर्शक का काम करेगे। विलियम और बुच को यह श्रेय जायेगा कि अन्तरिक्ष में रहते हुये पृथ्वी पर विज्ञान का क्षितिज और व्यापक किया। यह वापसी का मिशन का अन्त नहीं है बल्कि अगले अन्तरिक्ष अध्याय की शुरूआत है।

अन्तरिक्ष में रहने के खतरों से वैज्ञानिक और यात्री दोनो वाकिफ है। इन खतरों और अन्य अन्जाने खतरों से मुखातिब होने के लिये असीम हिम्मत और साहस की दरकार होती है जो हर एक वश मे नही सम्भव है। सोचकर दिल कंप जाता है। कल्पना में ही आदमी भय से सिहर उठता है। दोनो यात्रियों को भारतरत्न देने की मांग बिल्कुल वाजिब है। हमारी सरकार इस मामलें में काफी जागरूक है। बस घोषणा का इन्तजार है दोनों यात्रियों को असीम बधाइयां उनके संकल्प धैर्य बधाई को बधाइयां।

## 'नायाब' कार्रवाई से मिटेगी संगीत की गंदगी

सुर्खियों में रहने वाला हरियाणा इस बार अलग तरह से चर्चा में है। बाते चाहे किसी भी तरह के आंदोलन की हो या राजनीतिक उठापटक की। हरियाणा का अपना अलग स्वैग है। जो और करे, वो हम न करे। जो और न करे, वो सबसे पहले हम करे। सप्ताह दो सप्ताह में यदि चर्चा का विषय न बने तो हरियाणा और हरियाणवीं होने का क्या फायदा? इस बार यू ट्यूब पर बिखरी पड़ी संगीत की गंदगी की सफाई की शुरुआत हरियाणा ने की है। गन कल्चर से जुड़े कुछ गानों को डिलीट करने से मामला संगीत उद्योग में गर्माया जरूर है पर निष्पक्षता बरती गई तो इसमें भी हरियाणा एक नया उदाहरण बनेगा।



सुशील कुमार

हरियाणा अपने आप में विशेष है। काम कोई भी हो, उसे सबसे पहले करने का काम यह करता है। वैट सबसे पहले यहां लागू हुआ, बेटी बचाओ अभियान सबसे पहले यहां शुरू हुआ। केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में तो हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती ही है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर आयुष्मान भारत की हो। या शिक्षा में त्रिभाषा फार्मूला लागू करना हो। झंडा उठाने में सबसे पहले हरियाणा है। ओलम्पिक मेडल में हरियाणा बिना कुछ नहीं, राजनीति में पकड़ सबसे ज्यादा, जिंदाबाद-मुर्दाबाद तो चाहे रात के 12 बजे करवा लो। सिर पर मंडासा मारकर तैयार मिलेंगे। फिल्मों, नाटकों में हरियाणवीं कलाकार या प्रसंगों की भरमार है। गीत-संगीत के तो क्या कहने। पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,गुजरात से लेकर समूचे भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी डीजे पर इनकी ही धमक है। हट ज्या ताऊ पाछे नै.. से एक नए कलेवर में आया हरियाणा संगीत आज गजबन, बावन गज का दामन, सॉलिड बॉडी, बालम थानेदार, नंगड़ से होता हुआ निक्कर आली, इगो किलर, डेथ रो, दारू का स्टाल, दारू बदनाम, लाश नहर में, रोला,गोली हेड में, खलनायक, टेडी बीयर का शौक नहीं, गिफ्ट में गन दे दे, बता किसकी फिल्डिंग लानी है, तेरा यार जमानत पर आया, एके 47 धरे संदूकां पे, सूटर ते बन गया तेरा यार माफिया, तन्न गिफ्ट में दूंगा 12 बोर की, तू क्यूकर बनगा दो नंबरी, तन्न ढूंढे पुलिस आले, एक खटोला जेल के भीतर, ट्यूशन बदमाशी, किसने सिखाई बदमाशी करनी, पीलिये में मामा पिस्तौल दे गया था, मैं जिस दिन जमानत पर बाहर आऊंगा, पिस्तौल से महंगा तेरा लहंगा लाऊंगा, जेल में पार्टी, 12 गोली, कोर्ट में गोली आदि तक पहुंच चुका है। 'देसा म्ह देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा' से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हरियाणा में इस तरह के संगीत पिछले 10 से 15 वर्ष में ज्यादा बना है। पड़ोसी राज्य पंजाब में तो शुरू से ही गन कल्चर का चलन रहा है। मित्रां नूं शौक हथियारां दा..खूब चला था। सिद्धू मूसेवाला के कई गीत भी काफी चर्चा में रहे। पड़ोसी गायकों की संगति ने हरियाणा में भी असर दिखाया। हरियाणवी गायक और गीतकार भी इसी ट्रेंड पर एक बार ऐसा चलना शुरू हुए कि अब रुकने का ही नहीं नाम ले रहे। बात गानों तक ही सीमित रहे तो भी ठीक, पर यहां तो गानों के माध्यम से एक दूसरे को जवाब देने का नया ट्रेड ऐसा चला है कि शब्दों की मर्यादा और गरिमा खूंटी टांग दी गई है। थोड़ा सा ध्यान करें तो दर्जनों ऐसे हरियाणी गाने बनाए गए हैं, जिनमें हथियारों और बदमाशों को महिमामंडित किया गया है। प्रदेश का युवा वर्ग भी इन गानों को खूब पसंद कर रहा है। शादी हो या जलवा पूजन या कोई और समारोह इन गानों के बिना महफिल सजती ही नहीं है। दो महीने पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें यह बात सामने आई कि हरियाणा में इस तरह के गाने लगातार बढ़ रहे हैं, जो गन कल्चर और गुंडागर्दी को को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे युवा गन कल्चर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिले फ्री हैंड के बाद पुलिस ने इस तरह के गानों को सोशल साइट्स पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्ती वढ़ा दी। खासकार पुलिस ने उन गानों पर विशेष नजर बनाई है। 10 गाने सोशल साइट्स से डिलीट करवाये जा चुके है। देर से ही सही। लोक संस्कृति के नाम पर बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर हरियाणा की नायाब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। , राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुईं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं।**

## अंगदान बढ़ाने को एमपी का रास्ता अपनाएं


मध्य प्रदेश सरकार ने अंगदान करने वालों को सम्मानित करने के साथ उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने जा रही है। इसमें अंगदान करने वाले के परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 लाख रुपये की डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। राज्य का स्टेट आर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट पोर्टल भी तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश चिकित्सा विभाग के संचालक डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय हो जाएगा। निश्चय ही यह निर्णय भारत की महर्षि दधिचि की देहदान की परम्परा को आगे बढ़ाएगा।मध्य प्रदेश सरकार का यह निर्णय लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।वैसे जो कार्य मध्य प्रदेश सरकार करने जा रही है, उसे प्रत्येक प्रदेश को लागू करना चाहिए। अच्छा हो कि ये केंद्र की ओर से लागू हो। इस कार्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ प्रोत्साहित भी करना होगा।



अशोक मधुप

भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से ज्यादा लोग वक्त पर अंग न मिलने से मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से दो लाख के आसपास लोगों की मौत लिवर नहीं मिलने की वजह से होती है। इन मरने वालो में अधिकतर वे लोग होतें हैं जो पैसा देकर अंग नही खरीद सकते। पैसे वाले तो मन मांगा मोल देकर अंग खरीद लेते हैं। इसी कारण मानव अंगों के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है। भारत में प्रतिवर्ष दस लाख व्यक्तियों में अंगदान करने वालों की संख्या 0.16 है। विकसित देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जर्मनी में यह संख्या 10 से 30 के मध्य है। हमारे देश में इस संख्या के कम होने के कारण हैं-सही जानकारी का अभाव, धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह। कई देशों में अंगदान ऐच्छिक न होकर अनिवार्य है। भारत में ऐसा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन जागरूकता पैदाकर इस संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता।अपने अंगों को मृत प्रायः रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है। एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में



हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। , राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है।भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुई। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं।

इनमें सबसे पहले मस्तिष्क पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है, ऐसा शरीर अंगदान के लिए उपयुक्त होता है। फिर भी बमुश्किल दो -तीन प्रतिशत भाग्यशाली लोगों को नए अंग मिलते हैं।हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी, आंत, पैंक्रियाज ऐसे अंग हैं, जो मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा दान किए जा सकते हैं। आंख का कॉर्निया, हड्डी, त्वचा, नस, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज, हृदय वाल्व भी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के काम आ सकते हैं। जीवित व्यक्ति एक पूरी किडनी व लिवर का कुछ हिस्सा दान में दे सकता है। शेष एक किडनी से दानदाता का जीवन व्यतीत हो सकता है । लिवर समय के साथ बढ़ जाता है और पुनः अपनी पुरानी अवस्था में लौट आता है इसलिए दाता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृति है। दान, धर्म एवं उच्च संस्कार प्राचीन काल से ही हमारे समाज में वरिष्ठ स्थान रखते रहे हैं। महर्षि दधीचि ने दान की पराकाष्ठा का उदाहरण समाज के समक्ष रखा। वह भारतीय संस्कृति के प्रथम अंगदानी कहे जाते हैं। देवता और दानव में युद्ध चल रहा था !दानव देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। देवताओं को समझ नहीं आ रहा था कि युद्ध में कैसे विजय पाई जाए। इसके लिए वे ब्रह्मा जी के पास गए। ब्रह्मा जी ने सुझाव दिया कि महर्षि दधीचि की अस्थियों से बने अस्त्र से दानवों को पराजित किया जा सकता है। देवता महर्षि दधीचि के पास गए। याचना की। महर्षि दधीचि द्वारा दी गई अस्थियों से बने वज्र से राक्षास ब्रजासुर का बद्ध हुआ। दानव पराजित हुए। आर्यव्रत की हजारों साल पुरानी देहदान और अंगदान की इस परंपरा में आज भी लोगों की रुचि नहीं है। मुझे याद है कि लगभग 40 साल पहले उत्तर प्रदेश के बिजनौर के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता के दौरान भाला लगने से एक कर्मचारी घायल हो गया था। उसे खून की जरूरत थी। कहे जाने पर भी उसके परिवारजनों ने खून नहीं दिया था। उसकी मदद के लिए स्टेडियम के खिलाड़ी आगे आये। उनके रक्त देने से कर्मचारी की जान बची।अच्छा यह है कि अब रक्तदान के प्रति तो लोगों में जागरूकता बढ़ी है, किंतु अंगदान के प्रति अभी चेतना नही है।अंगदान के प्रेरित करने वाले चिकित्सकों की भी कमी है।यदि बड़े और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक मृतक के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करने लगे तो बड़ा काम हो सकता है।

हालांकि हेल्थ प्रोफेश्नल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ समीरन नंदी ने डीडब्लू को बताया, डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं. कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है। एक बात ओर अंगदान करने के इच्छुक लोग बढ़ भी जाएं तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी साजो सामान या उपकरण मौजूद नहीं हैं। भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (नोटो) से पंजीकृत हैं। ये संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम का समन्वय करता है।यानी देश में प्रत्येक 43 लाख नागरिकों के लिए, तमाम सुविधाओं और उपकरणों वाला सिर्फ एक अस्पताल है. भारत के देहाती इलाकों में तो ट्रांसप्लांट सेंटर कमोबेश हैं भी नहीं। अंगदान की प्रक्रिया बहुत लाभकर है पर जिस तेजी से बढ़नी चाहिए, उस तेजी से नहीं अंगदान के नाम पर आंख देना ही शुरू हुआ है।यह भी न के बराबर।जबकि मानव कल्याण के लिये अंगदान का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है।

## देश प्रेम के गहरे रूप को दर्शाती हैं हज़रत अली की शिक्षाएं

**हज़रत अली को आमतौर पर उनके सैन्य कौशल, खलीफा के रूप में शासन या उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं के लिए याद किया जाता है, लेकिन भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनकी जिंदगी के कई पहलू इतिहास में प्रसिद्ध हैं, लेकिन एक ऐसी बात जो शायद कम लोग जानते हैं, वह यह है कि हज़रत अली ने अपने शासनकाल में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार को बहुत महत्व दिया, भले ही उस समय अरब में शिक्षा का स्तर सामान्य रूप से निम्न था। उनका एक उल्लेखनीय योगदान यह था कि उन्होंने ज्ञान को व्यवस्थित करने और उसे आम लोगों तक पहुँचाने की कोशिश की।**

मुसलमानों के पास कुरान जैसी ऐसी पवित्र पुस्तक जो जिंदगी का हर फलसफा बयान करती है,पैगम्बर मुहम्मद साहब जैसी महान और आदर्श शख्सियत, हजार अली जैसा ज्ञानी, देश-समाज, परिवारिक रिश्तों और इंसाफ को समझने के लिए कर्बला जैसी घटना का पाठ है। फिर भी वह दुनिया भर में अपनी छवि को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और तमाम तरह के ठप्पे लगे हैं। तमाम तरह के सवाल उठते हैं। फिर ये सवाल हो क्यों न,माहे रमजान के इबादत के महीने में भी मुसलमान - मुसलमान का खून बहा रहा है। ये इतिहास की बात नहीं है, वर्तमान में दिख रहा है सीरीया, पाकिस्तान, तुर्की और कई जगह। दरअसल मुसलमानों ने उस समय आतंकवाद का विरोध नहीं किया जब 661 ईस्वी के रमजान के महीने की 19वीं तारीख को मस्जिद में दुनिया का पहला आतंकवादी हमला पैगम्बर मुहम्मद साहब के दामाद और उनके चचेरे भाई हज़रत अली पर हुआ था। जब इब्ने मुल्जिम नाम के व्यक्ति ने उन पर उस समय जहर से बुझी तलवार मारी थी,जब वह नमाज पढ़ाते समय अल्लाह का सजदा कर रहे थे। दो दिन बाद 21 रमजान को उनकी शहादत हो गई थी। आज इस्लाम के उस महान व्यक्ति की शहादत है, जो उस इमारत में पैदा हुआ, जिसकी परिक्रमा हज के दौरान पूरी दुनिया का मुसलमान करता है,यानी काबा। ये और कोई नहीं हजरत अली हैं। इस्लामिक हिस्ट्री में और कोई नहीं मिलता जिसका जन्म क़ाबे के अंदर हुआ हो।इस्लाम के चौथे खलीफा, मुसलमानों के पहले इमाम,पैगंबर के दामाद और चचेरे भाई,ज्ञान और न्याय के प्रतीक, बहादुर योद्धा और मानवता के पक्षधर, जिनको अमीरुलमोमिनीन, हैदरेकर्रार, इमामुलमुत्तकीन, असदुल्लाह, अबूतराब, वसी ए रसूल और ना जाने कितने लकब से जाना जाता है। इतने सारे नामों से उन्हें यूँ ही नही पुकारा जाता था, वरन हर नाम की सिफत को उन्होने ने अपने चरित्र मे उकेर लिया था। अल्लाह के जो उपदेश वह लोगों को देते थे खुद उस पर अमल कर के दिखाते थे। इमाम हज़रत अली इस्लाम के इतिहास में एक महान व्यक्तित्व हैं, जिन्हें उनके ज्ञान, शौर्य और न्याय के लिए जाना जाता है। उनकी शिक्षा और ज्ञान के बारे में एक ऐसी बात जो कम लोग जानते होंगे,वह यह है कि हज़रत अली को इस्लाम का पहला व्याकरण विशेषज्ञ (ग्रामेरियन) माना जाता है। उन्होंने अरबी भाषा के व्याकरण की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया,जो उस समय एक नई और व्यवस्थित शैली में विकसित हुई। उनकी शिक्षाप्रद दृष्टि न केवल धार्मिक ज्ञान तक सीमित थी, बल्कि भाषा, विज्ञान और तर्कशास्त्र जैसे क्षेत्रों में भी फैली हुई थी। एक रोचक तथ्य यह है कि उन्होंने अपने शिष्यों को अरबी भाषा की शुद्धता और उसके नियमों को समझाने के लिए कई मौखिक और लिखित निर्देश दिए। उनके इस योगदान का असर बाद में अबू अल-अस्वद अल-दुअली जैसे विद्वानों ने आगे बढ़ाया, जिन्हें



शाहिद नकवी




औपचारिक रूप से अरबी व्याकरण का संस्थापक माना जाता है, लेकिन उनकी प्रेरणा हज़रत अली से ही मिली थी। यह बात कम लोगों को मालूम है क्योंकि हज़रत अली को आमतौर पर उनके सैन्य कौशल, खलीफा के रूप में शासन या उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं के लिए याद किया जाता है, लेकिन भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनकी जिंदगी के कई पहलू इतिहास में प्रसिद्ध हैं, लेकिन एक ऐसी बात जो शायद कम लोग जानते हैं, वह यह है कि हज़रत अली ने अपने शासनकाल में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार को बहुत महत्व दिया, भले ही उस समय अरब में शिक्षा का स्तर सामान्य रूप से निम्न था। उनका एक उल्लेखनीय योगदान यह था कि उन्होंने ज्ञान को व्यवस्थित करने और उसे आम लोगों तक पहुँचाने की कोशिश की। मिसाल के तौर पर, वे कुरान की आयतों पर गहरे चिंतन और उनकी व्याख्या करने के लिए जाने जाते थे।उनकी एक मशहूर कहावत है, ÷ज्ञान की तरफ बढ़ो, इससे पहले कि उसका हरा भरा मैदान सूख जाए। यह दर्शाता है कि वे ज्ञान को एक ऐसी संपदा मानते थे जो समय के साथ खो सकती है,अगर उसे संरक्षित और साझा न किया जाए। इसके अलावा, हज़रत अली ने अपने बच्चों और अनुयायियों को यह सिखाया कि ज्ञान केवल किताबी नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी होना चाहिए। वे खुद खेती करते थे और मेहनत से रोज़ी कमाने में विश्वास रखते थे, जिससे उन्होंने यह संदेश दिया कि शिक्षा का असली मकसद इंसान को आत्मनिर्भर और समाज के लिए उपयोगी बनाना है। यह पहलू उनके व्यक्तित्व का एक अनोखा और कम चर्चित हिस्सा है,जो उनकी दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। हज़रत अली का देश प्रेम उनकी शिक्षाओं, कार्यो और नेतृत्व में स्पष्ट रूप से झलकता है।हज़रत अली ने अपने शासनकाल और जीवन में यह दिखाया कि देश प्रेम का असली अर्थ है अपने लोगों की भलाई, न्याय और एकता के लिए काम करना।हज़रत अली ने अपने शासनकाल (656-661 ईस्वी) में यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि समाज में हर व्यक्ति को न्याय मिले, चाहे वह गरीब हो या अमीर, अरब हो या गैर-अरब। उनकी यह सोच कि ÷एक समाज तभी मजबूत होता है जब उसमें कमज़ोर से कमज़ोर व्यक्ति को भी उसका हक मिले,÷ देश प्रेम का एक गहरा रूप दर्शाती है। वे मानते थे कि देश की असली ताकत उसकी जमीन या संपत्ति में नहीं, बल्कि उसके लोगों की एकता और कल्याण में है।वे मानते थे कि एक देश तभी तरक्की कर सकता है जब उसके लोग शिक्षित और जागरूक हों। उनकी शिक्षाओं में बार-बार यह बात आती है कि अज्ञानता देश की सबसे बड़ी दुश्मन है। इसीलिए उन्होंने अपने शासन में लोगों को नैतिकता, ज्ञान और मेहनत की ओर प्रेरित किया, ताकि समाज मजबूत और आत्मनिर्भर बने। उनकी एक मशहूर कहावत - जो अपने लोगों के लिए जीता है, वह कभी नहीं मरता। यह बात उनके देश प्रेम को सूक्ष्म रूप से व्यक्त करती है।हज़रत अली ने देश प्रेम को शब्दों से कम और अपने कर्मों से ज्यादा व्यक्त किया। उनका जीवन इस बात का सबूत है कि सच्चा देश प्रेम अपने लोगों के प्रति ज़िम्मेदारी, न्याय और समर्पण में निहित होता है।हज़रत अली के युद्धों में एक बड़ा पहलू कमज़ोरों और मज़लूमों की हिफाज़त करना था। मिसाल के तौर पर, खारिजियों के खिलाफ जंग में उन्होंने उन लोगों को रोका जो आम नागरिकों पर हमले कर रहे थे। उनकी शिक्षाओं में बार-बार यह बात आती है कि ज़ुल्म करने वाला और ज़ुल्म सहने वाला, दोनों गुनहगार हैं। यह दर्शाता है कि वे मानवता के खिलाफ होने वाले अत्याचार को रोकना चाहते थे। इसके अलावा, उनके शासन में गैर-मुस्लिमों (जैसे यहूदी और ईसाई) को भी सुरक्षा दी गई, जो उस समय के लिए मानवतावादी दृष्टिकोण था।हज़रत अली ने कभी भी व्यक्तिगत लाभ या सत्ता की लालसा के लिए जंग नहीं लड़ी।हज़रत अली का युद्ध में भी व्यवहार मानवता को दर्शाता है।एक मशहूर वाकया है कि उनके पास पहनने के लिए सिर्फ एक पुरानी चादर थी।

## सभ्यता की यात्रा : पाषाण युग से पाषाणहृदय तक

**सावित्री ने अपने तप, अपनी बुद्धिमता और अपने अटूट प्रेम से यमराज तक को झुका दिया। जिस दिन सत्यवान की मृत्यु का समय आया, सावित्री उनके पीछे-पीछे यम के लोक तक पहुंच गई। उसने न केवल अपने पति के प्राणों को वापस लिया, बल्कि इस धरती पर प्रेम और समर्पण की एक ऐसी मिसाल कायम की, जो युगों-युगों तक गूंजती रहेगी।**

मनुष्य की असभ्यता से सभ्यता की ओर की यात्रा एक अनंत कथा है, जो न कभी पूर्ण होती है, न कभी अपने अंतिम पड़ाव पर ठहरती है। यह एक ऐसी गाथा है, जो समय के साथ अपने रंग बदलती है, कभी उजाले की ओर बढ़ती है तो कभी अंधेरे की गहराइयों में खो जाती है। हम उस देश के वासी हैं, जहां सभ्यता ने सबसे पहले अपनी नींव रखी, जहां मानव ने जंगलीपन को त्याग कर संस्कारों का आलिंगन किया। यह वही धरती है, जहां मंत्रों की गूंज ने पहली बार प्रकृति को सानंद से भर दिया, जहां नदियों के किनारे ज्ञान के दीप जले और जहां प्रेम, त्याग और धर्म की ऐसी कथाएं रची गई, जो आज भी हमारे हृदय को स्पंदित करती हैं। परंतु आज उसी पवित्र भूमि पर मानव पुनः असभ्यता के उस गर्त की ओर बढ़ रहा है, जहां न संस्कारों का मूल्य है, न प्रेम की गरिमा और न ही जीवन की पवित्रता का सम्मान।



बलदेव राज भारतीय

मद्र देश के राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री की कहानी याद कीजिए। वह राजकुमारी, जिसके सामने सारा वैभव और राजसी ठाठ-बाट बिछा था, उसने अपने जीवन का सबसे बड़ा निर्णय तब लिया, जब उसकी नजर एक साधारण-से दिखने वाले लकड़हारे पर पड़ी और उसने मन ही मन उसका वरण कर लिया। जब अश्वपति ने अपनी पुत्री के इस चयन पर ज्योतिषी से परामर्श लिया, तो ज्योतिषी ने अपनी गणना से एक कठोर सत्य उद्घाटित किया। उसने कहा, यह युवक कोई साधारण मनुष्य नहीं अपितु एक राजकुमार है, जिसके पिता अश्वपति ने अपना राज्य खो दिया था और जो अब जंगल में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। परंतु उसकी आयु अब अधिक नहीं बची। ठीक एक वर्ष बाद वह मृत्यु के आगोश में चला जाएगा। यह सुनकर अश्वपति का हृदय कांप उठा। उसने अपनी पुत्री को समझाने का हर संभव प्रयास किया, उसे इस विवाह से रोकने की चेष्टा की, परंतु सावित्री का उत्तर अडिग था। उसने कहा, पिताजी, मैंने मन ही मन उनका वरण कर लिया है। मैं उस धरती की बेटी हूं, जहां स्त्री एक बार विश्वास करती है, एक बार प्रेम करती है और एक बार अपने जीवन का संकल्प लेती है। यदि उनके प्राणों का समय एक वर्ष है, तो वह अब मेरा भाग्य है। मैं इसे स्वीकार करती हूं।

सावित्री का यह संकल्प केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा। उसने अपने तप, अपनी बुद्धिमता और अपने अटूट प्रेम से यमराज तक को झुका दिया। जिस दिन सत्यवान की मृत्यु का समय आया, सावित्री उनके पीछे-पीछे यम के लोक तक पहुंच गई। उसने न केवल अपने पति के प्राणों को वापस लिया, बल्कि इस धरती पर प्रेम और समर्पण की एक ऐसी मिसाल कायम की, जो युगों-युगों तक गूंजती रहेगी। यह थी उस सभ्यता की शक्ति, जो इस देश की आत्मा में बसी थी।



यह थी वह संस्कृति, जिसने नारी को केवल एक देह नहीं, बल्कि एक शक्ति, एक संकल्प और एक सृजन का प्रतीक माना।

परंतु आज वही धरती, वही संस्कारों की भूमि एक ऐसी घटना की साक्षी बन रही है, जो मानवता को शर्मसार कर देती है। मेरठ की एक घटना ने न केवल इस देश के लोगों को झकझोर दिया, बल्कि यह प्रश्न उठा दिया कि क्या हम वास्तव में सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं, या फिर असभ्यता के उस अंधेरे कुएं में गिरते जा रहे हैं, जहां से निकलने का कोई मार्ग शेष नहीं? यह कहानी है सौरभ और मुस्कान की, एक प्रेम विवाह की, जो कभी स्नेह और विश्वास से शुरू हुआ था, परंतु अंत में रक्त, विश्वासघात और क्रूरता की परछाई में डूब गया। सौरभ और मुस्कान का विवाह एक प्रेम विवाह था। सौरभ के परिवार ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके लिए यह विवाह एक विद्रोह था, एक ऐसा निर्णय जो उनकी परंपराओं और मान्यताओं के खिलाफ था। परंतु सौरभ और मुस्कान ने अपने प्रेम को चुना। उन्होंने शहर में एक किराए का कमरा लिया और अपने छोटे से संसार को बसाया। समय बीता, और इस प्रेम का एक फल भी उन्हें मिला–एक नन्ही बेटी, जो उनके जीवन में खुशियों का प्रकाश लेकर आई। सौरभ मर्चेंटनेवी में कार्यरत था। उसकी नौकरी उसे छह-छह महीने घर से दूर रखती थी। वह समुद्र की लहरों के बीच अपने परिवार के लिए मेहनत करता था, यह सोचकर कि उसकी अनुपस्थिति में उसका घर, उसकी पत्नी और उसकी बेटी सुरक्षित हैं।

परंतु सौरभ की अनुपस्थिति में मुस्कान का जीवन एक अलग राह पर चल पड़ा। उसकी मुलाकात साहिल से हुई, और धीरे-धीरे यह मुलाकात एक संबंध में बदल गई। यह संबंध केवल भावनाओं तक सीमित नहीं रहा। मुस्कान नशे की आदी हो गई, और उसका जीवन उस संयम और संस्कार से दूर होता चला गया, जिसकी नींव पर कभी उसका विवाह खड़ा हुआ था। साहिल के साथ उसकी निकटता बढ़ती गई और सौरभ की अनुपस्थिति अब उसके लिए एक अवसर बन गई। यह अवसर केवल विश्वासघात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक ऐसी साजिश में बदल गया, जिसने मानवता के सारे बंधनों को तोड़ दिया। एक दिन, जब सौरभ अपनी ड्यूटी से लौटा, तो उसका स्वागत न तो मुस्कान के प्रेम से हुआ, न ही उसकी बेटी की मुस्कान से। उसके घर में जो हुआ, वह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं था। मुस्कान और साहिल ने मिलकर सौरभ की हत्या कर दी। यह हत्या केवल एक क्षणिक क्रोध का परिणाम नहीं थी। यह एक सोची-समझी क्रूरता थी, जो अपने चरम पर पहुंची जब उन्होंने सौरभ के शरीर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया। इन टुकड़ों को एक ड्रम में बंद कर दिया गया, जैसे वह कोई निर्जन वस्तु हो, न कि वह पुरुष जिसने कभी मुस्कान को अपना जीवनसाथी चुना था। इसके बाद मुस्कान और साहिल ने मकान को ताला लगाया और हिमाचल की वादियों में घूमने निकल पड़े। पंद्रह दिनों तक वे वहां मौज-मस्ती करते रहे, मानो कुछ हुआ ही न हो, मानो सौरभ का अस्तित्व ही उनके जीवन से मिट गया हो। जब यह घटना प्रकाश में आई, तो मेरठ ही नहीं, पूरे देश में हाहाकार मच गया। लोग यह समझ नहीं पा रहे थे कि जिस प्रेम ने कभी दो लोगों को जोड़ा, वह इतनी क्रूरता में कैसे बदल गया। सौरभ की बेटी, जो अभी जीवन के उस पड़ाव पर भी नहीं पहुंची थी जहां वह अपने पिता की अनुपस्थिति को समझ सके, अब अनाथ हो गई। मुस्कान, जो कभी उसकी मां थी, अब उसकी दुनिया की सबसे बड़ी शत्रु बन चुकी थी। यह घटना केवल एक अपराध की कहानी नहीं थी। यह उस सभ्यता के पतन की कहानी थी, जिसे हमने सहस्राब्दियों तक संजोया था।

# शिक्षा ही विकास की नींव : संदीप

अवधनामा संवाददाता



■ पहली अप्रैल से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ, हर बच्चे को मिलेगा शिक्षा का अधिकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा के सार्वभौमिकरण की दिशा में योगी सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। अब योगी सरकार ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए 'स्कूल चलो अभियान' की घोषणा कर दी है, जो पहली अप्रैल से प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर संचालित होगा। सरकार ने इस अभियान के लिए प्रत्येक जिले को 2 लाख की धनराशि आवंटित करने का निर्णय लिया है। सरकार का लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अभियान के तहत शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां और मीडिया प्रचार किया जाएगा और स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के साथ छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

पिछले वर्षों में 'स्कूल चलो अभियान' ने शिक्षा के प्रसार में अहम भूमिका निभाई है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत इस अभियान का उद्देश्य 100 फीसदी नामांकन, नियमित उपस्थिति और छात्रों का ठहराव सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में, 2025-26 में इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार ने सामुदायिक सहभागिता और डिजिटल प्रचार पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक अहम प्रयास है, जिससे बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी। सरकार का मानना है कि शिक्षा ही विकास की नींव है और इसी सोच के तहत स्कूल चलो अभियान को 2025-26 में और व्यापक रूप से लागू किया गया है। प्रदेश सरकार के इस प्रयास से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के हर गांव, हर गली, हर मोहल्ले में शिक्षा की ज्योति जले और कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के संचालन की जिम्मेदारी निदेशक, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को दी गई है। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन, होर्डिंग, बैनर और वाल राइटिंग के माध्यम से जागरूकता फैलाने की योजना भी है। इसके साथ ही स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया, सिनेमाघरों और लोकल चैनलों के माध्यम से प्रचार का निर्णय लिया गया है। गांवों और कस्बों में रैली और प्रभात फेरी का आयोजन कर इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जाएगा।

# थाना बार का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण परिसर एवं कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एवं थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

# बोर्ड ऑफ विजिटर व प्राधिकरण का संयुक्त कारागार निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



■ चार बंदियों ने विधिक सहायता के लिए उठायी मांग

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां की अध्यक्षता में जिला कारागार में बोर्ड ऑफ विजिटर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। बोर्ड ऑफ विजिटर में जिला जज नरेन्द्र कुमार झा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, सीएमओ डा.इमितयाज अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं 04 बन्दियों द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की मदद चाही गयी। लीगल एड काउन्सिल सिस्टम को संबंधित बन्दियों की पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। बैरकों में बन्दियों के स्नानघर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का भी निरीक्षण किया गया और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। बन्दियों से पूछा गया कि कारागार में किसी प्रकार का भेदभाव आपके साथ तो नहीं होता है तो उनके द्वारा बताया गया ऐसा नहीं होता है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी।

# गन्दे पानी की आपूर्ति पर जताया आक्रोश, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में विगत कई दिनों से नलों में आ रहे गन्दे एवं विषैले जल आपूर्ति होने का आरोप लगाते हुये भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सविता बंटी ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। एडीएम को बताया कि नगर में कई दिनों से होने वाली पेयजल आपूर्ति से आने वाला जल जो कि बहुत ही गन्दा एवं विषैला आ रहा है, जिससे की शहर के लगभग सभी हिस्सों में दूषित जल से लोंगो में कई तरह की बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे है। बताया कि पूर्व में कई बार मीडिया एवं अखवारों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके वारे में जल संस्थान की ओर से कोई व्यापक कदम नही उठाया गया है जिससे नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने जिला प्रशासन से शासन की मंशा अनुरूप हर घर शुद्ध जल की आपूर्ति कराये जाने की मांग उठायी है। प्रकरण को लेकर एडीएम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये जल संस्थान को निर्देशित किया, जिस पर जल संस्थान द्वारा 2 से 3 दिन में समस्या का समाधान किये जाने का आश्वासन दिया गया।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन छब्बीस अप्रैल को

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के तत्वाधान में 26 अप्रैल को जनपद न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस विशेष लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों एवं आपराधिक वादों का निस्तारण विशेष लोक अदालत में किये जायेगें। वादकारियों से आह्वान किया गया है कि वह अपने विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों एवं आपराधिक वादों का 26 अप्रैल को उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें।

# वार्षिक परीक्षाफल की हुयी घोषणा

अवधनामा संवाददाता




■ मेधावी विद्यार्थियों को डायरेक्टर ने किया सम्मानित

**ललितपुर।** सिद्धि सागर एकेडमी में सत्र 2024-25 के नर्सरी से कक्षा आठ तक के वार्षिक परीक्षाफल घोषित किये गये। इस अवसर पर एकेडमी में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों का मेला लगा रहा। सुबह से ही विभिन्न क्लासेज के छात्र-छात्रायें अपने माता पिता के साथ स्कूल परिसर में आते दिखाई दिए। सभी बच्चों में अपना अपना परिणाम जानने को उत्सुकता एवं कौतुहल था। कार्यक्रम का शुभारम्भ एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन ने देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित करके किया। जिन बच्चों ने अपनी कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया उन्हें विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इनमें नर्सरी के दीक्षा, एल.के.जी. ए. की अयाना जैन एल.के.जी. बी. के सम्यक वेद यू.के.जी. ए की रितिशा अग्रवाल यू.के.जी.बी के अन्मय लोहिया, फर्स्ट ए के जयदीप वर्मा, फर्स्ट बी की अरूनिता खरे, सेकेन्ड ए के यश राजपूत, सेकेन्ड बी की आर्या खरे थर्ड ए की मोहिका जैन थर्ड बी के रिदम राठौर, फोर्थ ए की सिंधुजा तिवारी, फोर्थ बी की रिद्धि जैन, फिफ्थ की ओजस्विनी सिंह, सिक्स्थ के कृष्णा तिवारी, सेवेन्थ की मानवी पटेल तथा कक्षा आठ की अनन्या जैन को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में काव्या यादव, अभिनव सिंह, शिवांशी राय, आव्या जैन, देवांशी नामदेव, प्रज्ञा राय, विशेष सोनी, आयशा बानो, शिवांश निरंजन, शिप्रा श्रीवास्तव, नव्या व्यास, अनाया सोनी, पूर्वांश जैन, कृतिका जैन, हर्षित निरंजन, अमन यादव तथा पर्व जैन को कक्षा में द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। पढ़ाई में सर्वोत्कृष्ट स्थान के साथ जो छात्र छात्राएं पूरे वर्ष नियमित रूप से स्कूल आते रहे, उन्हें भी पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारी जीएसटी में पंजीकरण कराए : उपायुक्त राज्यकर



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पुरे होने पर प्रदेश सरकार की तरफ से चलाई जा रही जनता के लाभार्थ सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए 03 दिवसीय मेगा सेमीनार का आयोजन पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया। जिसमे राज्य कर विभाग सुल्तानपुर द्वारा भी अपना स्टाल लगाकर किया गया। विभाग में पजीकृत व्यापारियो को दुर्घटना बीमा जिसमे 10 लाख रूपये का दिया जाता है। इसकी जानकारी प्रदान की गई तथा जीएस टी के पुराने बकाये के ब्याज एवं अर्थदंड की माफ़ी योजना के बारे में प्रचार प्रसार किया गया।साथ है बिना कार्यालय आये पंजीयन लेने की सुविधा के सम्बन्ध में बताया गया।इस प्रदर्शनी में एल एस शरण उपायुक्त राज्य कर एवं अभिषेक प्रताप सिंह चौहान उपायुक्त खंड 3 के साथ रियाज अहमद सहायक आयुक्त एवं बृजेश मौर्य रमाशंकर सिंह, कृष्ण कुमार सरोज रमा शंकर सिंह योगेश श्रीवास्तव, राम जियावान राज्य कर अधिकारी तथा विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने दरोगा समेत चार को किया सस्पेंड

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर चार पुलिसकर्मी निलंबित किए गए। जिले में ड्यूटी के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार,निलंबित पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार पांडेय,मुख्य आरक्षी रामबाबू पांडेय,कांस्टेबल जैनेंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल भूरे सिंह शामिल हैं।ये सभी पुलिस लाइन सुल्तानपुर में तैनात थे।

### टीएचआर प्लांट में बड़ा घोटाला, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**सुल्तानपुर(अवधनामा संवाददाता)।** जिले में टेक-होम राशन प्लांट में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, प्लांट में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं, जिसमें सप्लायर पांडे ब्रदर्स, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव और पूर्व डीसी एनआरएलएम जितेंद्र मिश्रा की संदिग्ध भूमिका सामने आई है। घोटाले के पीछे सरकारी तंत्र और निजी सप्लायरों के बीच मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े प्लांट में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे थे,जिससे राशन की हेराफेरी का खेल आसानी से चल रहा था। प्लांट की देखरेख की जिम्मेदारी डीसी एनआरएलएम की थी,लेकिन इसे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव को सौंप दिया गया था। आरोप है कि उन्होंने सप्लायरों से साठगांठ कर करोड़ों का घोटाला किया। सूत्रों के मुताबिक,प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी गई थी,लेकिन असल में उनके हाथ में कोई अधिकार नहीं था। महिलाओं पर दबाव डालकर घोटाले को अंजाम दिया गया।

### कुड़वार थाना क्षेत्र में हरे फलदार पेड़ों पर चल रहे आरे



**कुड़वार, सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** सुप्रीम कोर्ट की सख्त गाइडलाइन का भी कुड़वार थाना क्षेत्र में असर नहीं दिखाई देवरहा है।थाना क्षेत्र में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने, हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने की घटनाएं आम हैं। लकड़ी काटकर ट्रैक्टर पर लाद कर ले जाते हुए नजारा दिखा तो मीडिया ने तस्वीर कैद करवलिया। थाना क्षेत्र के बांसी तिराहे के नजदीक ट्रैक्टर ट्रॉली पर अवैध लकड़ियाँ लदी हुई दिखाई पड़ी।वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारी व कुड़वार थाने की पुलिस पर बड़े सवाल उठने लाजिमी हैं। कहीं उनकी मिली भगत से तो हरे पेड़ों पर आरे नहीं चल रहे हैं। सरकार पर्यावरण बचाने को सैकड़ो करोड़ का पेड़ लगाने में जहां निवेश करती है।


# नाटक आश्वासनम में प्रतिभाशाली युवक शिव की त्रासदीपूर्ण कथा वर्णित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् एंव भारतोदय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकमासात्मक प्रस्तुतिपरक नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला के उपरांत संस्कृत नाट्य प्रस्तुति डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा रचित एंव चन्द्र भाष सिंह के निर्देशन व डॉ. आनन्द दीक्षित के सह निर्देशन में प्रस्तुत नाटक आश्वासनम् का मंचन दिनांक 27 मार्च को प्रेक्षाग्रह, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में सफल रूप से किया गया। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि प्रो. पवन कुमार, आचार्य एवं संयोजक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ, (उ.प्र.), मुख्यअतिथि अजय कुमार त्रिवेदी, पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन (उ.प्र.), विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. रश्मि विश्नोई, प्रचार्य एन.एस.सी.बी., विशिष्ट अतिथि गिरीशचन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष राज्य ललितकला अकादमी (उ. प्र.), एंव कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उमा सिंह, संस्कृत विभाग एन.एस.सी.बी. ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर नाटक आश्वासनम् का उद्घाटन किया। नाटक में विचित्र वेशधारी नेता की व्यंग्य परक नांदी के बाद एक प्रतिभाशाली युवक शिव की त्रासदीपूर्ण कथा वर्णित है। वह उत्साही है साथ ही क्रियावान एवं आशाशील भी। उसके मन में समाज, परिवार, साहित्य, दर्शन और धर्म सब के हेतु बहुत कुछ करने की आकांक्षाएं भी विद्यमान हैं परंतु आजीविका हेतु अनेकों स्थानों पर आवेदन करने दर-दर भटकने और अथक प्रयास करने के बाद भी उसे हर जगह निराशा, कुंठा और तिरस्कार ही मिलते हैं। शिव की इस विषम स्थिति को समझ कर उसकी प्रतिभा और गुणों से प्रभावित उसकी साथ पढ़ने वाली प्रतिभा उसे प्रणय और सहयोग का निवेदन करती है किंतु स्वाभिमानी शिव अपने संघर्ष में किसी को सम्मिलित नहीं करना चाहता, वह अनेक प्रतिभाशील कार्य क्षमता संपन्न युवक युवतियों को भी अपनी जैसी स्थिति में देखकर अत्यंत दुखी होता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रेलर में मारी टक्कर, एक की हुई मौत



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ- वाराणसी रोड स्थित 400 केबी के सामने ट्रक ने रोड़ लोलर को टक्कर मार दिया। जिससे 1 मजदूर की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। पीडब्ल्यूडी मे दोनों मजदूर कार्य करते थे। विनोद कुमार पुत्र बाबूलाल ने बताया कि रोड रोलर खराब था, रोड रोलर खराब होने के चलते सड़क पर खड़ा करके दोनों लोग खाना बना रहे थे,तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने रोड रोलर में टक्कर मार दिया। जिसके चलते एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया।रोड रोलर दियरा के रहने वाले संजय सिंह का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान संदीप पुत्र राजाराम उम्र 25वर्ष गांव मलिकपुर बखरा थाना मोतिगरपुर के रूप में हुई है।

# ब्राइट-वे पब्लिक स्कूल ने वितरित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम




अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** गुरुवार को जिले के कुड़वार विकास खंड क्षेत्र के सोहगौली गांव के ब्राइट-वे पब्लिक स्कूल ने 2024-25 इस वर्ष की वार्षिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए बच्चों में रिपोर्ट कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय में एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें छात्रों को उनके कड़ी मेहनत और समर्पण के परिणाम स्वरूप प्राप्त अंकों की जानकारी दी गई।विद्यालय के प्रिंसिपल दिवाकर मौर्या ने बताया कि यह स्कूल प्ले ग्रुप से लेकर आठवीं तक संचालित है। उन्होंने सभी छात्रों को उनके प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा हमारे छात्रों ने इस वर्ष में अपनी उत्कृष्टता और कड़ी मेहनत से सभी को प्रेरित किया है। उनका यह प्रयास न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता को दर्शाता है, बल्कि स्कूल के प्रति उनके समर्पण का भी प्रतीक है। इस दौरान कई बच्चों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल में किया। उनके अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। स्कूल के प्रबंधक मृदुल मौर्य ने सभी बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले सत्र 2025-26 में और भी मेहनत के साथ आगे बढ़ना जरूरी है।

# ईओ ने नवाचारों से बदली सम्भल की तस्वीर




अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर पालिका सम्भल के सभागार में व्यापारी गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा पिछले आठ वर्ष में किये गये कार्यों के विषय में चर्चा करते हुए डिप्टी कमिश्नर कर लल्लन प्रसाद सरकार की विभिन्न योजनाओं के वारे में जिसमें मुद्रा योजना, एक जिला एक उत्पाद आदि के विषय में जानकारी दी, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने ईओ डॉ मणिभूषण तिवारी द्वारा अपने नवाचारों से जनपद सम्भल में किये गए उतकृष्ट कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की अनुपयोगी वस्तुओं से किस प्रकार रचनात्मक चीजें बनाए जा सकती हैं। जिसका उदहारण देते हुए पुराने कपड़ों से थैले बना कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे कि मुहीम को बढ़ावा दिया जा सकता है। और उनके द्वारा ऐसी चीजों से सुंदर पार्कों का निर्माण किया गया जो अब उपयोग से बहार हो चुकी हैं। ईओ द्वारा किये गए नवाचारों के लिए उन्हें सम्भल गौरव सम्मान से सम्मानि किया गया, इस अवसर पर फहद कैसर जसपाल सिंह डॉ अजीज उल्ला खान अजय हर्षित शर्मा नवील अहमद फरज़ंद वारसी सचिन जैन अमूल्य भारद्वाज अक्षय गुप्ता हाजी असरार सौरभ गुप्ता संजय परीक्षित मोंगिया संजय सम्मानित व्यापारी मौजूद रहे।

# गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने को कृत संकल्पित

## उत्तर प्रदेश मे कार्यक्रम -आठ साल बेमिसाल, भारतीय जनता पार्टी की हुई प्रेस वार्ता

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश में सरकार के आठ साल पूरे होने पर पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश मे कार्यक्रम -आठ साल बेमिसाल का आयोजन प्रत्येक जिले में बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज भारतीय जनता पार्टी के हाईवे स्थित जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान नव मनोनीत जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने जिले में हुये विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी पत्रकारों को दी। इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने जिला में हुये विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार, प्राकृतिक और गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने हेतु कृत संकल्पित है और इसी तारतम्य में तीन हजार किसानों द्वारा तीन हजार हैक्टेयर पर प्राकृतिक ढंग से गौ आधारित कृषि की जा रही है।

इसके अलावा भूमि संरक्षण,कृषक भ्रमण कार्यक्रम,कृषक मेला आदि कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती करने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा सदर विधायक ललितपुर ने शहर के मध्य वनने बाली सड़क, शहजाद नदी के पुल एवं व्याना नाले के पुल की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गौरवपूर्ण इतिहास से नव पीढ़ी को परिचित कराने हेतु ललितपुर विधानसभा में सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वार, महाराज छत्रसाल द्वार, महाराज खेत सिंह जू देव द्वार , महाराज मर्दन सिंह द्वार, वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी द्वार, सम्राट अशोक द्वार,साबित्री बाई फुले द्वार आदि का निर्माण किया गया।

नव मनोनीत जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी पत्रकारों से परिचायात्मक बातचीत करते हुए सभी सम्माननीय मीडिया बन्धुओं से उनका सहयोग करने की अपील की । उन्होंने कहा कि हम आप , जिला प्रतिनिधियों से मिलकर और प्रशासन के सहयोग से जिला को विकास की ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास करेंगे। शहर में कम जलापूर्ति एवं पीला पानी आने के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आप मुझे चंद दिनों का मौका दें और देखें कि जल्द ही पर्याप्त स्वच्छ जल एवं जलापूर्ति शहर को मयस्सर होगी और गर्मियों को लेकर भी जल संस्थान से चर्चा कर ली जायेगी, कि गर्मियों में नगर वासियों को पानी की किल्लत न हो ।

इस के अलावा उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में आने बाली समस्याओं को लेकर सम्बंधित से बात कर निराकरण करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर वरिष्ठ जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सह मीडिया प्रभारी ध्रुव सिंह सिसौदिया, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ,दीपक पाराशर, रुपेश साहू आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार की बेटी ने नौवीं कक्षा में किया टॉप



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर के ओम नगर स्थित गोपाल पब्लिक स्कूल (जीपीएस) में पत्रकार एसोसिएशन कुड़वार इकाई अध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा की बेटी शैल्वी मिश्रा ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर अपने स्कूल की नौवीं कक्षा में टॉप किया है। यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिए गर्व का विषय है,बल्कि पूरे स्कूल और सभी बच्चों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है। पत्रकार उदय प्रकाश मिश्रा की शैल्वी बेटी ने अपनी शानदार सफलता का श्रेय अपनी मेहनत,समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उसने बताया मेरे लिए यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा रही,लेकिन मैंने अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा। मेरे माता-पिता विशेष रूप से मेरे पिता,जिन्होंने पत्रकारिता में कड़ी मेहनत की है, मुझे हमेशा प्रेरित करते रहे। शैल्वी मिश्रा द्वारा नौवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने में कुड़वार कस्बा के प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल प्रबंधक दयाराम अग्रहरि जौहरी व प्रिंसिपल एस एन उपाध्याय, संचालक आशीष कुमार अग्रहरि ने बधाई देते हुए कहा कि शैल्वी हमारे स्कूल की आठवीं कक्षा तक छात्रा रही है।

# पूर्व विधायक के रोज़ा इफ्तार में उमड़े जनप्रतिनिधि व नागरिक

■ रोजे रखने से रोजदारों में मोहब्बत पैदा होती है: जमालुददीन

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी एवं ताहिर हुसैन सिददकी द्वारा गांधीनगर स्थित मजहरूल उलूम मदरसा मे रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियो सहित नागरिकों की भारी संख्या मे भीड उमडी। गुरूवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित मजहरुल उलूम मदरसे मे आयोजित रोजा अफ्तार कार्यक्रम में पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी ने कहा कि रमजान में गरीबो की मदद करनी चाहिये। एक नेकी के बदले मे अल्लाहा कई गुना सबाब देता है। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी ने कहा कि माहे रमजान मे बुरी आदतों और गलत राह पर चल रहे लोगों के लिए सुधरने का एक खूबसूरत मौका अल्लाह देता है। इस मुबारक महीने में हर फर्ज अदा करने पर कई गुना अधिक सबाब मिलता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कहा कि रोजे रखने से रोजदारों में आपस में मोहब्बत पैदा होती है। रमजान के महीने में अल्लाह तआला हर रोजदार की दुआ कबूल करता है। कौमी प्रोग्राम से लोगों में आपसी भाईचारा कायम होता है। पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिददीकी व सपा विधान सभा प्रभारी अरशद जमाल सिददीकी ने कहा कि पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत व कुरआन पाक की तिलावत कर सबाब कमाने का मौका मिलता है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुनैद सिददीकी एवं बसपा विधानसभा प्रभारी सैयद अहमद उसैब ने कहा कि रमजान रहमतो व बरकतों का महीना है। असहायों व मजलूमों की मदद करने का रोजा संदेश देता है। तो वही रोजेदारों ने मगरिब की नमाज अता कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर फर्रूखाबाद सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता, उर्मिला राजपूत, दलगंजन सिह, सयुस राष्ट्रीय सचिव अरूण शर्मा, मनी गुप्ता, एनुददीन खान, एडवोकेट शहमीर खॉ, मो नफीस, गुडडू कैशियर, हसीब हसन, कैश खॉ, सदीद खॉ, शाहनवाज सिददीकी, शेख गुफरान, मिनहाज आलम, सभासद मुस्ताक खॉ, हासिम खॉ, शमशाद खॉ, मुशाहिद रजा, मुजफ्फर खॉ, इकलाख प्रिंस, एडवोकेट आफताव हुसैन, जाबेद हुसैन, इसरत खॉन, अनवार खॉ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कुकर्म के आरोपी को दस वर्ष की सजा

**उन्नाव।** न्यायालय ने युवक से कुकर्म करने के दोषी को अभियोजन पक्ष की दलील व पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने दोषी को दस साल की सजा से दंडित किया है। औरास थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 अक्तूबर 2016 की शाम करीब 4.30 बजे वह खेत जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में पड़ने वाली एक बाग में लालमनखेड़ा गांव निवासी निर्मल ने उसे रोक लिया और हाथ पैर बांधकर कुकर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफकुकर्म और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। मुकदमें के विवेचक ने आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य इकट्ठा कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बीते करीब नौ सालों से मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इस दौरान न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने विशेष लोक अभियोजक राजीव अवस्थी की दलील व साक्ष्य के आधार पर निर्मल को दोषी माना है। न्यायाधीश ने दोषी को दस साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है।

# 'सौगात-ए-मोदी' योजना वक्फ बोर्ड की ओर से आनी चाहिए थी : परवेज़ हनीफ

■ पसमांदा समाज को सांकेतिक सहायता नहीं, बल्कि राजनीतिक भागीदारी चाहिए : यूनुस

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पसमांदा मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का स्वागत करता है। हाल ही में बीजेपी मुस्लिम मोर्चा द्वारा ईद के अवसर पर घोषित 'सौगात-ए-मोदी' योजना, जिसके तहत 32 लाख गरीब और पसमांदा मुस्लिम परिवारों को खाद्य सामग्री और कपड़े वितरित किए जाने हैं, संगठन ने इसे एक सकारात्मक कदम माना है। हालांकि, संगठन का मानना है कि अगर यह योजना वक़्फ़ बोर्ड की ओर से चलाई जाती, तो अधिक उपयुक्त होता, क्योंकि वक़्फ़ के पास अपार संपत्ति है, जिसका सही उपयोग समाज के उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। संगठन ने इस योजना के संचालन और निष्पक्षता को लेकर गंभीर चिंताएं भी व्यक्त की हैं। 'सौगात-ए-मोदी' योजना का प्रबंधन मुख्य रूप से बीजेपी मुस्लिम मोर्चा में प्रभावशाली पदों पर बैठे अशराफ समुदाय के लोगों द्वारा किया जा रहा है, जबकि पसमांदा समाज ऐतिहासिक रूप से सत्ता और संसाधनों से वंचित रहा है। संगठन का मानना है कि यदि यह पहल वास्तव में पसमांदा मुसलमानों के हित में है, तो इसके संचालन और वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि इसका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा, हम 'सौगात-ए-मोदी' जैसी पहल का स्वागत करते हैं, लेकिन यह केवल सांकेतिक सहायता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पसमांदा मुस्लिम समाज के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा, योजना का संचालन पारदर्शी होना चाहिए। पसमांदा समाज को इसका लाभ तभी मिलेगा जब वितरण में निष्पक्षता बरती जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐतिहासिक रूप से वंचित पसमांदा समाज को केवल राहत सामग्री से नहीं, बल्कि राजनीतिक भागीदारी से सशक्त किया जाना चाहिए। प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा, त्योहारों पर सहायता देना एक अच्छा कदम है, लेकिन पसमांदा समाज की प्रगति के लिए दीर्घकालिक योजनाएं अधिक जरूरी हैं। राष्ट्रीय महासचिव रियाजउद्दीन बक्खो ने सरकार से अपील करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि इस योजना को एक व्यापक नीति का हिस्सा बनाया जाए, ताकि पसमांदा मुसलमानों का वास्तविक उत्थान सुनिश्चित हो सके।

## मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनो से आयेदिन होती हैं दुर्घटनाएं

**उन्नाव।** राज्य सरकार द्वारा सडक हादसों पर लगाम लगाने के लिए सडक किनारे खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिए जाने के बावजूद भी वाहन चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और मनमर्जी तरीके से जहां चाहे वहीं पर वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है आए दिन सडक किनारे नियम बिरुद्ध तरीके से चालक वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे आने जाने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और जरा सी चूक होने पर दुर्घटना हो जाती है ऐसे वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग को सख्त कार्रवाई का दिशा निर्देश दिया गया है फिर भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं बुधवार को चकलवंशी मियागंज मार्ग पर मेथीटीकुर गांव के पास स्थित शारदा नहर के पास डम्पर चालकों द्वारा वाहनों को मोड पर खड़ा कर दिया गया यही हाल रसूलाबाद कस्बा के पास मानशिला मंदिर के सामने वाहन को सडक किनारे खडा कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी आसीवन अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले को दिखवा रहे हैं।

# त्रिदिवसीय प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टॉल जनसामान्य के लिए लाभकारी: अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**

■ कार्यक्रमों की सफलता के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम बधाई की पात्र: सीडीओ




**उन्नाव।** प्रदेश सरकार के ''सेवा, सुरक्षा व सुशासन'' की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जन सामान्य को परिचित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी/ मेले के तीसरे व समापन दिवस के कार्यक्रम का अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती शकुन सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अध्यक्ष द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में अवलोकन किया गया। तदोपरान्त प्रेक्षागृह सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्मित/स्वीकृत विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही महाकुम्भ 2025 पर सूचना विभाग द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की विगत 08 वर्ष की उपलब्धियां बतायी गयीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा इनवेस्ट यूपी के तहत जनपद में निवेश करने वाले 05 उद्यमियों/निवेशकों को सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा में मिशन निपुण के अन्तर्गत निपुण हो चुके 25 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड के 03 तथा कन्या सुमंगला योजना के 03 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के 07 लाभार्थियों को टैबलेट, 04 क्षय रोग चौम्पियन को प्रमाण पत्र, उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका योजना के 06 लाभार्थियो को प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था योजना के 03 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, फैमिली पहचान पत्र योजना के अन्तर्गत 05 लाभार्थियों को आईडी कार्ड का वितरण, आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा विभाग द्वारा 07 श्रेष्ठ चिकित्सकों को सम्मान पत्र आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि निराला में आयोजित भव्य त्रिदिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम आज समापन की ओर है सभी कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुए हैं, इसके लिए पूरा जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। कार्यक्रम में शामिल हुए सांस्कृतिक कलाकारों का काम सराहनीय जिन्होने अपनी कला के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। प्रदर्शनी में लगाए गए सभी विभागों के स्टॉल जनहितकारी व जन सामान्य के लिए लाभकारी साबित हुए हैं।

प्रमाण/प्रशस्ति पत्र पाने वालें सभी लोग/शिक्षक/छात्र बधाई के पात्र हैं, इससे उनके कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अनुराग अवस्थी ने सरकार की उपलब्ध्यिों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पं0 दीनदयाल उपाध्याय के मूलमंत्र पर काम कर रही है। उन्होने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में हमारा प्रदेश आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में आ गया है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे अधिकारियों की टीम द्वारा अच्छे समन्वय से पिछले तीन दिनों में पूरी निष्ठा व लगन से कार्य किया गया है, जिसकी वजह से सभी कार्यक्रम सफलता पूर्वक सफल हुए हैं। इसके लिए हमारी पूरी टीम बधाई की पात्र है।

इस दौरान माध्यमिक शिक्षा परिषद की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, बेसिक शिक्षा परिषद की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयीं। कार्यक्रम का संचालन श्री विश्वनाथ तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0पी0 सिंह, सहायक श्रमायुक्त एस0एन नागेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, उपायुक्त उद्योग श्रीमती करूणा राय, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा0 कप्तान सिंह सहित अन्य अधिकारी व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वाईकों की टक्कर में दो लोग हुये घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम अंबर पुरवा निवासी प्रवीण कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 02 फरवरी को वह अपनी बाईक द्वारा गुरसहायगंज से अपने भाई के के साथ अपने गांव अंबरपुरवा जा रहे थे। जैसे ही इंदुयागंज हाईवे अंडरपास के निकट पहुंचे तभी सामने से आ रहे ग्राम भवानीपुर निवासी आकाश पुत्र वालस्टर सिंह ने शराब के नशे में लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे वह और उसका भाई नवीन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से आनंन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने नवीन कुमार की गंभीर हालत देखकर कानपुर रिफर कर दिया। लापरवाह है चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पीस कमेटी की बैठक एडीएम ने दिये निर्देश

**उन्नाव।** रमजान माह एवं आगामी ईद व नवरात्र पर्व को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना कोतवाली सदर पर क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई तथा सभी से त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

### बिना परमिट दौड़ रहे 34 वाहनो पर कार्यवाही

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशानुसार थाना अजगैन में यातायात को सुचार रूप से जारी रखने एवं ऑटो चालकों के सत्यापन व अवैध रूप से बिना परमिट चल रहे ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिस क्रम में करीब 34 वाहनों को थाना अजगैन पर लाकर सभी वाहनों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। सभी वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि यातायात के नियमों का पालन करें तथा जिस रोड का परमिट है उसी रोड पर अपने वाहन को चलाएं अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिस पर सभी वाहन चालक सहमत हुए तथा आश्वासन दिया कि उनके द्वारा यातायात के नियमों का पालन करते हुए परमिट वाले रूट पर ही वाहनों को चलाया जायेगा।

### बीएसए कॉलेज के बी.एड. विभाग में भव्य विदाई समारोह संपन्न

**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बी.एड. विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-अध्यापकों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्री कृष्ण कुमार शर्मा ,प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. गोस्वामी, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मधु त्यागी, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. बरखा अग्रवाल, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। इसके पश्चात छात्र-अध्यापकों द्वारा महाविद्यालय के प्रोफेसरों एवं मीडिया कर्मियों का सम्मान शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य शामिल थे। विशेष रूप से राधा-कृष्ण के सजीव चित्रण पर आधारित नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और इसे उत्कृष्ट एवं अविस्मरणीय माना गया। मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में छात्र-अध्यापकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और समाज में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# मंत्री ने लाभार्थियों को वितरित किये प्रमाण व टूल किट

■ शाहाबाद में आयोजित हुआ विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शाहाबाद तहसील परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का उदघाटन राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने फीता काटकर किया। उन्होंने परिसर में स्थापित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग जनों ट्राई साईकिल व उपकरण वितरित किये। सभागार में पहुँचने पर उप जिलाधिकारी दीक्षा जोशी ने मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरित किये। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। नारी सशक्तिकरण के लिए व्यापक कदम उठाये गए है। बेटियां अब बोझ नहीं रहीं। सरकार गरीब परिवारों में बेटी के जन्म से लेकर उनके विवाह तक की व्यवस्था कर रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। निवेश के अनुकूल माहौल बना है। शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था बेहतर हुई है। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी व स्थानीय जन प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा 28- 29 मार्च को साइकिल यात्रा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में कल दिनांक 28 मार्च 2025 को सुबह प्रातः 7:00 से उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के कुलपति प्रोफेसर अरुण कुमार मदान के निर्देशन में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय प्रोफेसर विकास पाठक की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से 25 छात्रों द्वारा साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा । विश्वविद्यालय की जन संपर्क अधिकारी, प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि सामाजिक जागरूकता साइकिल यात्रा प्रभारी छात्र कल्याण, डॉ. रजनीश सिरोही की देखरेख में मथुरा जनपद के अडिग गांव में पहुंचकर, राजकीय भारतीय इंटर कॉलेज के छात्रों एवं ग्राम वासियों को विभिन्न विषयों जैसे- दहेज उन्मूलन, नशा मुक्ति तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक करने का कार्य करते हुए आगे बढ़ेगी । इसके बाद साइकिल यात्रा श्री गिरिराज जी महाराज के डांग घाट मंदिर में दर्शन करेगी तथा वहां उपस्थित लोगों से बीच सामाजिक विषयों पर चर्चा करेगी । इसके बाद बरसाना मार्ग पर स्थित पलसो ग्राम सभा में ग्राम वासियों के साथ चर्चा करते हुए, अजनोक गांव पहुंचेगी, जहां वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा एक पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा । इसके साथ ही विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । साइकिल यात्रा बरसाना में श्री राधा रानी मंदिर में दर्शन करेगी तथा रात्रि में वही विश्राम करेगी । 29 मार्च को साइकिल यात्रा, श्री जी इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर, दद्दी गांव पहुंचेगी । जहां दूसरी पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा विश्वविद्यालय महिला अध्ययन केंद्र द्वारा छात्राओं को के मध्य जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ?। साइकिल यात्रा छटीकरा स्थित श्री गरुड़ गोविंद धाम मंदिर में दर्शन करने के उपरांत। वहां के श्रद्धालुओं के बीच जागरूक करते हुए, श्री वृंदावन धाम की परिक्रमा करते हुए, श्री आशानंद गौशाला पहुंचेगी । उसके बाद स्टेट बैंक चौराहा, कचहरी के रास्ते विश्वविद्यालय परिसर पहुंचेगी। उपरोक्त साइकिल यात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने हेतु, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा संकाय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा, जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर रूट चार्ट तैयार कर, उसका भ्रमण तथा निरीक्षण कर, तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## ईट राइट वाकाथम के सम्बन्ध में निकली रैली

**मथुरा।** केन्द्र सरकार के 10 एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ईट राइट वाकाथम रेली का आयोजन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और सिविल डिफेंस के द्वारा प्रातः 7 बजे से कलेक्ट्रेट मथुरा सिविल डिफेंस ऑफिस से अपर जिला अधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकरा टैंक चौराहा,विकास मार्केट होते हुए पांचजन्य ऑडिटोरियम डैंपियर नगर माथुर तक की गई रैली में सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, एन सी सी, स्काउट गाइड, के वॉलिंटियर ने भाग लिया जिसमें सिविल डिफेंस के 50 वार्डन एवं क्विक रिस्पांस टीम एवं आपदा मित्र के जवान ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ट्रेफिक व्यवस्था एवं जागरूकता अभियान चलाया। रैली में फूड विभाग से धर्मेंद्र कुमार, नागरिक सुरक्षा से डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी,अशोक यादव पोस्ट वार्डन, गिरीश, राम सैनी, गुलशेर, मुकेश, देवेन्द्र, रोहित, पंकज, दीपक, वार्डन एवं स्वयंसेवक और स्काउट गाइड से डॉ. कमल कौशिक आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्ते बन रहे हैं मोरों का काल

**मथुरा।** इंडियन ऑयल के मथुरा रिफाइनरी नगर इनदिनों राष्ट्रीय पक्षी मोर दिन-प्रतिदिन कम होते हुए जा रहे हैं। यहां के निवासियों के लिए बड़ी ही चिंता का विषय है। यहां आवारा कुत्तों ने इस कदर आतंक मचा रखा है, जिन्हें जहां भी कोई मोर (मयूर) मिल जाता है तो उस पर आवारा कुत्ते मिलकर टूट पड़ते हैं। रिफाइनरी नगर में यह घटनाएं अब आम बात हो गई हैं, आए तीसरे दिन मोर की कोई न कोई घटनाएं सामने आ रही हैं। विगत दिवस रिफाइनरी नगर में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने घूमते हुए मोर को दबोच कर शिकार बना लिया, लेकिन मौके पर पहुंचे एक रिफाइनरी कर्मचारी ने फरिश्ता बनकर आवारा कुत्तों को भगाकर मोर की जान बचाई एवं दुवासू उपचार के लिए भेज दिया गया। जिसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। सोशल मीडिया ग्रुपों पर मोर की जान बचाने के लिए रिफाइनरी कर्मचारियों की सराहना भी हुई है।

# योगी के आठ वर्ष में निवेशकों का हुए यूपी की तरफ रूझान: विनोद

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** जिला प्रशासन द्वारा डेम्पियर नगर में योगी सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन महानगर के मेयर विनोद अग्रवाल ने पहुंचकर सरकार के द्वारा कराये गए कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

मेयर ने कहा कि सरकार निवेशकों, व्यापारियों एवं उद्यमियों के कल्याण एवं सुरक्षा हेतु कटिबद्ध है। जिसकी पहल के अन्तर्गत आज पूरा उत्तर प्रदेश निवेश प्रदेश बनता जा रहा है। श्री अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश के अंदर लोग बाहर से निवेश करने आ रहे है। प्रदेश सरकार ने गरीबी को दूर करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई। निःशुल्क आवास, निराश्रित महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से पेंशन सहित सैकड़ों योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब चारों तरफ विकास हो रहा है। पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। योगी की सरकार आने के बाद महिलाओं की सुरक्षा बढी। अपराधी आज जेल में है या ऊपर पहुंच गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना आदि के बारे मेंभी प्रकाश डाला।

मेयर ने विभिन्न विभागों की योजनाओं को लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेयर के पहुंचने पर रोली-चंदन तथा फूल वर्षा करते हुए स्कूली छात्राओं ने किया स्वागत किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने बैंड के साथ मेयर को विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की स्टालों को दिखाते हुए पांच्यजन्य प्रेक्षागृह के सभागार तक पहुंचाया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सूचना विभाग की फोटो गैलरी में प्रदर्शित परियोजनाओं के संबंध में मेयर को अवगत कराया।

केंद्र सरकार के सफल 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद मथुरा में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव का अंतिम दिन के प्रथम सत्र का मेयर विनोद अग्रवाल ने मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर और पुष्प अर्पित करके शुभारंभ किया। उनका जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने स्वागत किया।

इस अवसर पर एडीएम वित्त योगानंद पांडेय, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, पीडी एके उपाध्याय, सभी एसडीएम, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सुनील दत्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी, जिला कार्यकम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र, सहायक श्रमायुक्त एम0एल0 पाल, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# चौमुहां ब्लॉक पर चल रहे त्रिदिवसीय मेले का समापन

**अवधनामा संवाददाता**

■ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने गिनाई योगी सरकार की 8 साल की उपलब्धियां

**चौमुहां (मथुरा)।** यूपी सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे उत्कर्ष के आठ वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे त्रिदिवसीय मेला का समापन हो गया। इस दौरान सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया गया। यहां शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सालय, बाल विकास परियोजना, राशन वितरक, स्वास्थ्य विभाग, स्वयं सहायता समूह, उज्जवला योजना की स्टॉल लगा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा के नेतृत्व में गर्भवती महिला की गोद भराई की। साथ ही कुपोषित बच्चे को पोषण किट प्रदान की गई। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शोभाराम शर्मा ने कहा कि योगी सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीतियों के 8 वर्ष पूर्ण हो गए। सेवा का मतलब जनता की सेवा, हर योजना का लाभ दिलाना, सुरक्षा मतलब जनमानस की सुरक्षा व सुशासन का मतलब है कि एक अच्छा शासन। जो कि भाजपा सरकार में हुआ है। इस दौरान आवासीय योजना के तहत 18 लोगों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लखपति दीदियों को प्रमाणपत्र और मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। उन्होंने पर ब्लाक पर चल रहे त्रिदिवसीय मेले के अंतर्गत स्टालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बीडीओ अभिमन्यु सेठ, बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा, पूर्व प्रधान राजपाल, मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल सिसौदिया, पुरुषोत्तम शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, सियाराम शर्मा, पंडित राजाराम शर्मा, त्रिहेन्द्र पाल सिंह, सत्यपाल सिंह, माधव शर्मा, विजय लक्ष्मी, भावना, विनीता, जयंती आदि उपस्थित रहे। संचालन सचिव विकास उपाध्याय ने किया।

अवधनामा



# ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़, यह बजट पेरिस से दोगुना

**नई दिल्ली।** कोवेंट्री के नए अध्यक्ष बनने के बाद से उनसे लगातार भारत की मेजबानी को लेकर सवाल किए गए हैं। हालांकि, उन्होंने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है। कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्तूबर में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी। अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपये से 64,000

**आजमाइश**

**भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है।**

करोड़ रुपये के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया। इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।

टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पता चला था है कि अनुमानित खर्च पिछले साल के पेरिस ओलंपिक (32,765 करोड़ रुपये) से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, टाइम्स ऑफ इंडिया को मिले अंतिम




ब्लूप्रिंट में गुजरात के दो शहरों और चार अन्य शहरों - भोपाल, गोवा, मुंबई और पुणे में खेल करवाने के अनुमानित लागत का खुलासा किया गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव नियुक्त अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने 2036 खेलों के आयोजन की भारत की दावेदारी को लेकर कहा था कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन को लेकर अपने विचार प्रकट करेंगी।

**नई अध्यक्ष कोवेंट्री का बयान**

यह पूछे जाने पर कि मौजूदा राष्ट्रपति थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले क्या भारत के प्रयास को त्वरित वार्ता में बदलने की कोई संभावना है? इस पर कोवेंट्री ने कहा, यह एक प्रक्रिया है और यह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मेरी जानकारी है अगले कुछ महीनों तक यह जारी रहेगी। उन्होंने अपने चुनाव के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि हमें भविष्य के मेजबान के चयन में सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता है और मेरे पास कुछ विचार हैं और उन्हें साझा करने के लिए तैयार हूं। हालांकि, ऐसा शायद अगले सप्ताह हो।

कोवेंट्री 23 जून को ओलंपिक दिवस पर बाक से आईओसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी। कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।

**2026 तक आ सकता है फैसला**

इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान के रूप में खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का अध्ययन करती है। प्रक्रिया का अगला चरण लक्षित संवाद होगा, जिसके लिए एक संस्करण-विशिष्ट औपचारिक बोली प्रस्तुत की जाएगी। इसका मूल्यांकन भविष्य के मेजबान आयोग द्वारा किया जाएगा।

# फिलीपींस की 19 साल की एलेक्जेंड्रा ने किया बड़ा उलटफेर, नंबर-2 स्वियातेक को हराकर किया बाहर

**मियामी।** विश्व रैंकिंग में 140वें स्थान पर काबिज इयाला डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाली अपने देश की पहली महिला खिलाड़ी हैं।

फिलीपींस की 19 वर्षीय वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा इयाला ने बुधवार को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 140वें स्थान पर काबिज इयाला डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाली अपने देश की पहली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने स्वियातेक के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की।

जीत के बाद इयाला ने कहा, मैं विश्वास नहीं कर पा रही हूं। मियामी में अंतिम चार में पहुंचने के लिए तीन ग्रैंडस्लैम जीत चुकी खिलाड़ियों को हराने वाली इयाला ने कहा, मैं






दिग्गज खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए बहुत खुश और धन्य हूं। मैं अपने शॉट्स पर भरोसा कर रही थी और मेरे पास यह बताने के लिए एक शानदार टीम है कि मैं यह कर सकती हूं।

इयाला 13 साल की उम्र में मल्लोर्का में राफेल नडाल की अकादमी में शामिल होने के लिए स्पेन चली गईं थीं। उन्होंने वहां नडाल के चाचा और पूर्व कोच टोनी नडाल से टेनिस के गुर सीखे। इयाला ने कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि वह यहां मेरा मैच देखने आए। यह दिखाता है कि उन्हें मुझ पर कितना भरोसा था और अकादमी को मुझ पर कितना भरोसा था।

इयाला का सामना सेमीफाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने क्वार्टरफाइनल में एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। इयाला ने कहा- सिर्फ यही मैच नहीं, पिछले मैच भी बेहद कठिन थे। आगे यह और कठिन होता जाएगा। इसलिए आगे के मैचों में अपना पूरा दमखम लगाकर खेलूंगी।

वहीं, हार के बाद स्वियातेक ने कहा, क्वार्टर फाइनल में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाई और मुझे लगा कि मेरा फोरहैंड थोड़ा गिर गया है। इसलिए यह सहज नहीं था और एलेक्जेंड्रा ने निश्चित रूप से अपने अवसरों का उपयोग किया और मुझे हरा दिया।

# जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम... जीते पुरस्कार

**शाहजहांपुर।** जिलास्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 60 बालक व 35 बालिकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में अपना दम



दिखाया और पुरस्कार जीते।

शाहजहांपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी वर्ष पर बुधवार को जिलास्तरीय जूनियर एथलेटिक्स बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विभिन्न स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाते हुए पुरस्कार हासिल किया। डॉ.सुदामा प्रसाद विद्यास्थली स्कूल में प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी व विशिष्ट अतिथि राहुल मिश्रा और स्कूल की प्रशासनिक अधिकारी वंदना गुप्ता ने माल्यार्पण कर किया। इसके बाद 60 बालक व 35 बालिकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया।

सौ मीटर दौड़ में अनुराग दीक्षित प्रथम, अजीतेश दीक्षित द्वितीय, संदीप कुमार तृतीय रहे। 200 मीटर में अनुराग दीक्षित प्रथम, अजीतेश दीक्षित द्वितीय व पीयूष कुमार तृतीय, चार सौ मीटर में आयुष कुमार प्रथम, अभिषेक द्वितीय व ओय मौर्या तृतीय रहे। आठ सौ मीटर दौड़ में शोएब ने पहला, अभिषेक ने दूसरा, जितिन मौर्या ने तीसरा, 1500 मीटर दौड़ में आयुष कुमार प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय, नितिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। पांच हजार मीटर में आयुष दीक्षित प्रथम, शोएब द्वितीय व कौटिल्य ने तीसरा मुकाम हासिल किया। तीन हजार मीटर वॉक रेस में आशुतोष सबसे तेज धावक बने। प्रदीप ने दूसरा, घनश्याम ने तीसरा मुकाम हासिल किया। दस हजार मीटर दौड़ में आयुष दीक्षित प्रथम, शिवम द्वितीय व नितिन कुमार तृतीय रहे। लंबी कूद, ऊंची कूद में मोहम्मद शोएब प्रथम रहे। गोला और भाला फेंक में विवेक कुमार वर्मा ने बाजी मारी। निर्णायक मंडल में पंकज सकसेना, मुजाहिद अली, अनिल मौर्या आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में शकील अहमद, निशांत कुमार, इरफान खान, अजय पाल वर्मा, महजबी खान आदि का सहयोग रहा। जिला खेल अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को सात सौ, द्वितीय को छह सौ और तृतीय को पांच सौ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से दिए गए हैं।

## सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष रेगु टीम ने जीता स्वर्ण, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** बिहार में पहली बार सेपकटाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में 20 से 25 मार्च तक किया गया। इस विश्व कप में विश्व के 20 देशों ने हिस्सा लिया तथा 300 से ज्यादा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के पटना में आयोजित सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष टीम को पहला स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। बता दें कि, बिहार में पहली बार सेपकटाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में 20 से 25 मार्च तक किया गया। इस विश्व कप में विश्व के 20 देशों ने हिस्सा लिया तथा 300 से ज्यादा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- सेपक टकरा विश्व कप 2025 में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई।

# सीएसके का किला भेदने उतरेगी आरसीबी

## 17 साल से चेपॉक में नहीं जीता कोई मैच

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी की नजर चेपॉक में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। आरसीबी ने सीएसके को यहां सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में।

आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी।

चेन्नई के पास अनुभवी रवींद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने 'पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ तीनों ने मिलकर 11 ओवर फेंके और 70 रन देकर पांच विकेट लिए।

इस मैच में भी चेन्नई की पारंपरिक पिच देखने को मिलेगी और कोहली की अगुआई में आरसीबी के बल्लेबाजों को अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण को मात देने के लिए अपने खेल को बेहतर करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को सुपर किंग्स के तीन आयामी स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने की जगह अधिक चतुर होना होगा और कोहली को उनका नेतृत्व करना होगा।

**कोहली पर रहेंगी निगाहें**

स्पिन का सामना करना हमेशा से




कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को शुक्रवार शाम को होने वाले मैच में अपनी सारी विशेषज्ञता दिखानी होगी। कोहली को साथ ही फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों से समर्थन की जरूर होगी। चेपॉक की पिच को देखते हुए आरसीबी संभवतः टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को एकादश में शामिल कर सकता है जो बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी देते हैं। टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी होगी जो कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे और अगर यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिट होता है तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में शामिल किया जाएगा।

दूसरी ओर सुपर किंग्स को अपने मध्यक्रम के फिर से लय में आने की उम्मीद होगी क्योंकि शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम करन पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

# सिकंदर रिलीज से पहले सलमान ने पहनी राम जन्मभूमि एडिशन वाली खास घड़ी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर से काफी चर्चा में हैं। अब उन्होंने राम जन्मभूमि एडिशन घड़ी पहनकर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। जानिए क्या है इस घड़ी की कीमत?

हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह शानदारा वॉच पहने नजर आ रहे हैं। अभिनेता इस समय सिकंदर फिल्म से काफी चर्चा में हैं। अब इस पोस्ट ने फिर से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है। आइए जानते हैं इस खास घड़ी के बारे में।

**सलमान ने पहनी एक खास वॉच**

अभिनेता सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में सलमान भगवा रंग की राम जन्मभूमि घड़ी पहने दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने कैप्शन मे लिखा कि 30 मार्च को सिनेमाघरों में मिलते हैं। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक भाई चारे का संदेश देने का प्रयास किया है।

**नेटिजंस की आ रही शानदार प्रतिक्रिया**

अभिनेता के इस पोस्ट को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। सलमान खान के अयोध्या राम मंदिर से जुड़े इस वॉच को देख नेटिजंस उन्हें अपनी संस्कृति और विरासत अपनाने के लिए प्रशंसा दे रहे हैं। इसपर अब्दु रोजिक ने कमेंट किया कि मिलते हैं भाईजान जब हम छोटा बड़ा फिल्म करेंगे। इसके अलावा अन्य यूजर्स उनके इस लुक और घड़ी की तारीफ करते दिख रहे हैं।

सलमान खान ने जो घड़ी पहनी है वह अयोध्या राम मंदिर, भगवान राम, भगवान हनुमान और अन्य पवित्र प्रतीकों से जुड़ी हुई हैं। एपिक एक्स राम जन्मभूमि रोज गोल्ड एडिशन नाम की यह शानदार घड़ी लग्जरी ब्रांड जैकब एंड कंपनी की है और इसकी कीमत 61 लाख रुपये है। सिकंदर रिलीज से पहले अभिनेता ने इस वॉच को पहनकर एक खास संदेश देने का काम किया है।

# हिंदी भाषा में एडवांस बुकिंग से कई फिल्मों ने मचाया धमाल, लिस्ट में हैं दो साउथ की फिल्में

**मुंबई।** हिंदी भाषा में एडवांस बुकिंग के मामले में अब तक कई फिल्मों ने जमकर धमाल मचाया है। आइए जानते हैं कि शीर्ष पांच की लिस्ट में कौन-कौन सी फिल्में अपनी जगह बना सकी हैं।

फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए एडवांस बुकिंग किसी उत्सव से कम नहीं होता। रिलीज से पहले टिकटों की बिक्री फिल्म की लोकप्रियता का पहला सबूत होती है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर की बुकिंग हाल ही में शुरू हुई है। ईद के मौके पर रिलीज होने जा रही इस फिल्म की चर्चा इन दिनों खूब आ रही है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग पर लगातार हो रही बात के बीच आज हम उन टॉप पांच फिल्मों की बात करेंगे, जिन्होंने हिंदी भाषा में एडवांस बुकिंग में सबसे ज्यादा टिकट बेचे।

**बाहुबली 2 द कन्क्लूजन**

एसएस राजामौली की बाहुबली 2 ने 2017 में रिलीज होते ही इतिहास रच दिया था। इस फिल्म ने हिंदी संस्करण ने पहले दिन के लिए छह लाख 50 टिकट बेचे थे। एडवांस बुकिंग में यह फिल्म आज भी नंबर वन है। इस फिल्म की शानदार कहानी और भव्यता ने दर्शकों को थिएटर तक आने पर मजबूर कर दिया था।

**जवान**

शाहरुख खान की जवान ने साल 2023 में एडवांस बुकिंग में खूब धूम मचाई। इस फिल्म ने पहले दिन पांच लाख 57 हजार टिकट बेचे। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने हिंदी दर्शकों को खूब लुभाया। जवान ने एडवांस बुकिंग में पठान को भी पीछे छोड़ दिया और टॉप लिस्ट में अपनी जगह बनाई। शाहरुख का स्टारडम यहाँ जमकर चमका।

2023 में रिलीज हुई पठान ने शाहरुख खान की चार साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी को शानदार बनाया था। इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में पहले दिन के लिए पांच लाख 56 हजार टिकट बेचे थे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था।

**केजीएफ चैप्टर 2**

यश की केजीएफ चैप्टर 2 ने साल 2022 में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म के हिंदी संस्करण ने एडवांस बुकिंग में पहले दिन के लिए पांच लाख 15 हजार टिकट बेचे थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी यह फिल्म साउथ के साथ हिंदी भाषा में भी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।





## फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म में लड़खड़ाए पृथ्वीराज, तकनीकी कौशल दिखाने के फेर में खोई कहानी



साल 2019 को मलयालम सिनेमा का इस मायने में एक संक्रमण साल माना जा सकता है कि इसने इस भाषा के दर्शकों को पहली बार एक ऐसी मसाला फिल्म से रू ब रू कराया जो किसी भी मायने में किसी ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्म से कम नहीं थी। ये कहानी थी लुसिफर की। बाइबल जानने वालों को पता है कि इसका मतलब क्या होता है। कहने को तो ये बेबीलोन का राजा था लेकिन असल में ये प्रयोग होता है दानव के संदर्भ में। ये वो भ्रष्ट देवदूत है जिसने ईश्वर से बगावत करने का दुस्साहस किया। फिल्म 'लुसिफर' में आप देख चुके हैं कि स्टीफन नेदुमपल्ली की असलियत क्या है? वह एक साधारण विधायक भर नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री पी के रामदास के परिवार पर जब विपदा आती है, तो वह अपने असली रूप में आता है। आदतें इसकी भी कुछ कुछ सलमान खान जैसी ही हैं कि एक बार कमिटमेंट कर दी तो फिर ये अपने आप की भी नहीं सुनता। लेकिन, बीते छह साल में मलयालम सिनेमा ने अपनी कहानियों को नई धार दी है, अभिनय को नई बयार दी है और इसी के चलते लगातार खिलता ही रहा है मलयालम सिनेमा।

**'सिकंदर' के पहले सलमान जैसी ही फिल्म**

फिल्म 'लुसिफर' की सीक्वल 'एल 2 एम्पुरान' की असल दिक्कत यहीं से शुरू होती है कि ये फिल्म मलयालम सिनेमा के खांचे से निकलकर सलमान खान का सिनेमा बनना चाहती है। पृथ्वीराज सुकुमारन जब ताल ठोक कर कहते हैं कि हां, मैं नेपोटिज्म की वजह से ही सिनेमा में आया हूं, तो वह उन लाखों, करोड़ों लोगों की भावनाओं का अपमान कर रहे होते हैं, जिन्होंने उन्हें 'ड्राइविंग लाइसेंस', 'ब्रो डैडी', 'जन गण मन' और 'द गोट लाइफ' जैसी फिल्मों में सिर आंखों पर बिठाया। हिंदी सिनेमा में वह आखिरी बार फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में दिखे, विलेन के तौर पर। विलेन के किरदार वह परदे पर पहले भी कर चुके हैं, लेकिन इस बार वह अपनी खुद की बनाई फिल्म के 'विलेन' बनते नजर आ रहे हैं। फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' की कहानी की मैं यहां बात नहीं कर रहा, मैं संदर्भ बता रहा हूं उनके ओवर कॉन्फिडेंस में मुरली गोपी जैसे कलाकार की एक बेहतरीन कहानी का तिया पांचा करने का। कहानी पर कलाकारी जब जब भारी होने की कोशिश करती है, खामियाजा पूरी फिल्म को भुगतना ही होता है। 'एल 2 एम्पुरान' कमाल के विजुअल इफेक्ट्स वाली फिल्म है। चर्च वाला इसका सीन बार बार देखने को मन करता है लेकिन पूरी फिल्म?

**ये पिक्चर है पूरी तीन घंटे की**

पूरी फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' तीन घंटे की है, इसे शुरू से आखिर तक देखना अपने आप में कम चुनौती नहीं है। फिल्म की शुरुआत किसी आम मुंबइया फिल्म जैसी होती है। पृथ्वीराज सुकुमारन हालांकि इसका खुलासा 'अमर उजाला' को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में पहले ही कर चुके हैं लेकिन फिल्म के हीरो मोहनलाल को जिस तरीके से वह फिल्म में पेश करते हैं, वह उनकी नादानी दर्शाता है। स्टीफन नेदुमपल्ली ही कुरैशी अबराम है, ये बात दर्शकों को पहले से पता है। दर्शक ये सीक्वल देखने इसलिए आए हैं कि आखिर ये दोनों किरदार अगर एक ही हैं तो फिर इस किरदार की दुनिया भर में फैली दहशत की जड़ें कहां तक फैली हैं और कौन है जिसके चलते एक आम इंसान को ईश्वर के सामने बगावत कर लुसिफर बनना पड़ा। लुसिफर का मतलब याद है ना, जो मैंने अभी शुरू में बताया। फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' की दिक्कत इसकी पटकथा में हैं। कहानी चूंकि तीन भागों में बुनी गई है तो इसके दूसरे भाग को 'केजीएफ 2' की तरह ही तीसरी कड़ी के लिए रंगमंच तैयार करना है, लेकिन विश्व रंगमंच दिवस पर रिलीज हुई फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' यहीं मात खा जाती है।

# जापानी लोगों ने इस फिल्म को देखने के बाद सीख ली तेलुगु, जूनियर एनटीआर हो गए भावुक

जूनियर एनटीआर ने अपने जापान दौरे से हैरान करने वाला अनुभव साझा किया है। ऐसे में उन्हें यहां जापानी लोगों से बहुत प्यार मिल रहा है। उन्होंने वीडियो पोस्ट करके जापानी लोगों का आभार जताया है।

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर को जापान में काफी प्यार मिला है। यहां से उन्होंने एक दिल छू लेने वाला अनुभव साझा किया है। यहां उनकी फिल्म देवरा पार्ट 1 को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में जूनियर एनटीआर ने खुलासा किया कि जापानी फैंस ने आरआरआर फिल्म देखने के बाद तेलुगु भाषा सीखी है। अभिनेता ने कहा कि प्रशंसक के इस कदम ने उन्हें सचमुच भावुक कर दिया है।



जूनियर एनटीआर ने सांस्कृतिक अंतर को मिटाने और भाषा सीखने को प्रेरित करने में सिनेमा की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, सिनेमा और भाषाओं का प्रेमी होने के नाते, संस्कृतियों के बीच पुल बनने और प्रशंसक को भाषा सीखने में सिनेमा का अहम रोल है।

अभिनेता ने देवरा पार्ट 1 की रिलीज के बाद जापान का दौरा किया। अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें देखा जा सकता है कि उनके फैंस उन्हें चीयर कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि आपके प्यार से अभिभूत हूं जापान। 28 मार्च को सिनेमाघरों (जापान) में देवरा रिलीज हो रही है। मैं जापानी दर्शकों का इंतजार कर रहा हूं।

**कई भाषाओं में रिलीज हुई थी फिल्म**

जूनियर एनटीआर ने फिल्म आरआरआर के बाद देवरा पार्ट 1 में वापसी की है। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। फिल्म में जूनियर एनटीआर ने डबल रोल किया है। फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज हुई है। भारत में ये फिल्म पिछले साल 27 सितंबर को रिलीज हुई थी।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025



## व्यापार वार्ता सकारात्मक मोड़ पर, दावा- अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ से भारत को मिल सकती है राहत



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ को लागू किए जाने से पहले भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। इस वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। दावा किया जा रहा है कि अमेरिका टैरिफ के मामले में भारत के साथ कनाडा, चीन और मैक्सिको जैसा व्यवहार नहीं करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने की समयसीमा दो अप्रैल करीब आ रही है। इससे पहले व्यापार के मुद्दे पर भारत-अमेरिका के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि वार्ता सकारात्मक मोड़ पर पहुंच रही है। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता को लेकर दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ से भारत को राहत मिल सकती है। टैरिफ के मामले में भारत के साथ चीन, मैक्सिको और कनाडा जैसा व्यवहार नहीं किया जाएगा। बताया जा रहा है कि भारत-अमेरिका के बीच वार्ता सुचारू रूप से चल रही है। बताया जा रहा है कि दो अप्रैल से पहले व्यापार समझौते पर बड़ी सहमति बन सकती है। टैरिफ समेत अन्य व्यापार मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच मंगलवार से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। बताया जा रहा है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार सौदे पर चल रही वार्ता सार्थक मोड़ पर पहुंच रही है। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देश एक सहयोगपूर्ण और अनुकूल दृष्टिकोण पर बात कर रहे हैं।

## मंत्री संजय शिरसाट ने उद्धव ठाकरे पर किया पलटवार

**पलटवार**

**महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है।**



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से विपक्षी दलों पर पलटवार किया गया है। बता दें कि, विधानसभा सत्र की शुरुआत में शिवसेना यूबीटी ने इस पद की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र भी सौंपा था। अब इस मामले में मंत्री संजय शिरसाट ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है।

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए विपक्षी दल के पास विधानसभा में आवश्यक संख्या बल होना चाहिए और पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उद्धव ठाकरे को इस बात का पता होना चाहिए।

राज्य में सामाजिक न्याय विभाग संभालने वाले संजय शिरसाट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में पेश किए गए राज्य बजट में उनके विभाग के लिए आवंटन में 7,000 करोड़ रुपये की कटौती की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष उठाया है। बता दें कि, तीन मार्च को राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने के साथ ही शिवसेना यूबीटी ने राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) पद के लिए दावा पेश किया और वरिष्ठ विधायक भास्कर जाधव को कैबिनेट स्तर के पद के लिए नामित किया। इसे लेकर शिवसेना यूबीटी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को इस बारे में एक पत्र सौंपा। इस मामले में उद्धव ठाकरे ने जोर देकर कहा था कि 26 मार्च को बजट सत्र समाप्त होने से पहले इस मुद्दे पर निर्णय लिया जाना चाहिए।

हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने भी मांग की कि विपक्ष के नेता का पद उनकी पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) - सभी एमवीए घटक - के बीच 18 महीने के लिए बारी-बारी से दिया जाए।

लेकिन सत्र के दौरान विपक्ष के नेता के पद पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। राज्य में शिवसेना (यूबीटी) के 20 विधायक हैं, उसके बाद कांग्रेस 16 और एनसीपी (एसपी) के 10 विधायक हैं। 288 सदस्यीय विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद पर दावा करने के लिए किसी विपक्षी पार्टी को कुल सीटों का 10 प्रतिशत (जो 28 होता है) चाहिए।

विपक्षी गठबंधन की मांगों के बारे में पूछे गए सवाल पर संजय शिरसाट ने कहा, %उद्धव ठाकरे ने पहले ढाई साल तक राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला था। उन्हें यह समझना चाहिए कि जब आवश्यक संख्या नहीं होती है, तो विपक्ष का नेता नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

मंत्री ने कहा, %अगर वे कुछ मांग रहे हैं, तो यह मांगने का तरीका नहीं है। अगर वे लड़कर विपक्ष के नेता का पद लेना चाहते हैं, तो उन्हें इसके लिए विधायकों की संख्या के मामले में पर्याप्त मजबूत होना चाहिए।

## भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प, हिंसक हुआ प्रदर्शन



**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। कांग्रेस कार्यकर्ता सदन से 14 कांग्रेस विधायकों के निलंबन के खिलाफ ओडिशा विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया। ओडिशा में सियासी भूचाल जारी है। भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदन से 14 कांग्रेस विधायकों के निलंबन के खिलाफ ओडिशा विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया। पुलिस ने उन पर पानी की बौछार भी की। इस दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए। दरअसल, 25 मार्च को ओडिशा की विधानसभा में असंसदीय आचरण करने के दोषी कांग्रेस विधायकों को स्पीकर ने निलंबित कर दिया था। अब तक 14 विधायकों को निलंबित किया गया है। निलंबित विधायकों में कांग्रेस विधायक दल के नेता रमा चंद्र कदम, सागर चरण दास, मांगू खिल्ला, सत्यजीत गोमांगो, अशोक कुमार दास, दासरथी गमांगो और सोफिया फिरदौस भी शामिल हैं। अध्यक्ष के फैसले के बाद कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा किया और विरोध में घंटी बजाने लगे। देर रात तक विधायक सदन में ही डटे रहे थे। निलंबन के बाद ओडिशा के कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने विधानसभा के बाहर मीडिया से कहा था, देश में महिला सुरक्षा की बात करना कब से अपराध हो गया? ओडिशा में 64000 से ज्यादा महिलाएं लापता हैं। हर दिन गैंगरेप हो रहे हैं। अगर चुने हुए विधायक सरकार से इन मुद्दों पर जवाब मांगते हैं, तो सरकार को किस बात का डर है? हमारे विधायकों को निलंबित करना अलोकतांत्रिक है। हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने आज यानी 27 मार्च को विधानसभा का घेराव और विरोध प्रदर्शन का एलान किया था।

## धमकाना या आत्महत्या की कोशिश करना, तलाक का आधार, उच्च न्यायालय का अहम फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि धमकाना या आत्महत्या की धमकी देना निर्दयता माना जाएगा और इसके आधार पर तलाक लिया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए तलाक की मंजूरी दी। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि पत्नी द्वारा पति को धमकाना, आत्महत्या की धमकी देना निर्दयता है और यह तलाक का आधार बन सकता है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय का फैसला बरकरार रखा और दंपति की शादी को खत्म करने आदेश दिया। बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस आर एम जोशी ने परिवार न्यायालय द्वारा पारित डिक्री को बरकरार रखा।

# आरोपी ने जज के जाली हस्ताक्षर किए, बॉम्बे हाईकोर्ट से जालसाजी मामले में ली अग्रिम जमानत

**पुणे।** जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में पुणे के आरोपी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के जाली हस्ताक्षर कर बॉम्बे हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल कर ली। शिकायतकर्ता ने इस फर्जी आदेश की पहचान की, जिसके बाद हाईकोर्ट ने उसे दी गई जमानत रद्द कर दी। आरोपी के खिलाफ अब नई एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि आरोपी फिलहाल फरार चल रहा है। जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में आरोपी ने साजिश रचने में कोर्ट को भी नहीं बख्शा। उसने अग्रिम जमानत पाने के लिए पहले पुणे कोर्ट के जज के जाली हस्ताक्षर किए, फिर फर्जी आदेश का इस्तेमाल कर बॉम्बे हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल कर ली। पुलिस ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरिभाऊ चेमटे को जनवरी में जमानत मिली थी और अब वह फरार है। अब उसके खिलाफ धोखाधड़ी से संबंधित कई धाराओं में नई एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, पुणे स्थित फर्म सीटीआर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2022 में विमानताल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जब उसे पता चला कि उसके पेटेंट किए गए चित्र और डिजाइन का चेन्नई की एक कंपनी द्वारा दुरुपयोग किया गया है।

जांच में पता चला कि सीटीआर के कुछ कर्मचारी, आरोपी कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर, इन मालिकाना डिजाइनों का अनधिकृत उपयोग कर रहे थे। चेमटे, जो 2016 और 2017 के बीच सीटीआर के गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में काम कर रहा था, कथित तौर पर इस चोरी में शामिल था। इसके बाद, उसे मामले के कई आरोपियों में शामिल किया गया।

**आरोपी**

**जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में आरोपी ने साजिश रचने में कोर्ट को भी नहीं बख्शा।**




एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चेमटे की अग्रिम जमानत याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित थी, जिसके लिए उसने साजिश रची। आरोपी के खिलाफ दर्ज नई एफआईआर के हवाले से अधिकारी ने बताया कि उसने इस साल जनवरी में सीआरपीसी की धारा 169 के तहत एक फर्जी अदालती आदेश जारी किया, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के जाली हस्ताक्षर थे। आरोपी ने जमानत हासिल करने के लिए इस आदेश को बॉम्बे हाईकोर्ट में जमा किया। पुलिस के अनुसार, हाईकोर्ट ने उसे 17 जनवरी, 2025 को अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 169 के तहत किसी आरोपी को रिहा किया जा सकता है, अगर आगे की कानूनी कार्यवाही को उचित ठहराने के लिए उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अधिकारी ने बताया कि जमानत मिलने के बाद, मूल जालसाजी मामले में शिकायतकर्ता ने संदिग्ध आदेश की पहचान की, जिसके बाद हाईकोर्ट ने चेमटे को दी गई जमानत रद्द कर दी और धोखाधड़ी की जांच शुरू कर दी।

## कुणाल कामरा को नोटिस और राहुल सोलापुरकर पर चुप्पी

**मुंबई।** शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा, अभिनेता राहुल सोलापुरकर मामले पर सरकार को खूब घेरा। उद्धव ने सौगात-ए-मोदी को लेकर भाजपा की आलोचना भी की। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखिया उद्धव ठाकरे ने स्टैंडअप कॉमेडियन को लेकर मचे बवाल के बीच सरकार के रवैये पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, सरकार ने गद्दारों का अपमान करने के लिए कुणाल कामरा को तलब किया, लेकिन शिवाजी महाराज का अपमान करने वाले अभिनेता राहुल सोलापुरकर पर चुप्पी साध ली। राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के समाप्त होने के एक दिन बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने मुस्लिम परिवारों के लिए भाजपा के आउटरीच कार्यक्रम सौगात-ए-मोदी को भी निशाने पर लिया। उद्धव ने कहा,आप एक देशद्रोही का अपमान करने के लिए कुणाल कामरा को दो बार तलब करते हैं, लेकिन राहुल सोलापुरकर को एक बार भी नहीं बुलाते। कुणाल कामरा ने पैरोडी गाने में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाया था। हालांकि, कामरा ने शिंदे का नाम नहीं लिया था। विवादित बयान के सामने आते ही शिवसैनिक उग्र हो गए थे। रविवार को मुंबई के एक स्टूडियो पर शिंदे समर्थकों ने हमला कर दिया था।

# हाई सिक्योरिटी जोन में घुसा बच्चा, व्हाइट हाउस सीक्रेट सर्विस अफसरों ने पकड़ा




**वाशिंगटन।** एक बच्चा बुधवार को बाड़ से निकलकर व्हाइट हाउस में घुस गया। हालांकि, सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने उसे व्हाइट हाउस के अंदर घुसते हुए देख लिया। बाद में, बच्चे को पकड़कर अधिकारियों ने उसके माता-पिता को सौंप दिया। अमेरिका में बुधवार को एक रोचक घटना देखने को मिली। एक छोटा बच्चा बाड़ से निकलकर व्हाइट हाउस में घुस गया, जिसे सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस में घुसते हुए देख लिया। उन्होंने बच्चे को पकड़कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में सीक्रेट सर्विस का एक एजेंट बच्चे को गोद में उठाकर व्हाइट हाउस के लॉन के बाहर ले जाता हुआ दिख रहा है। वह बच्चे को दूसरे अधिकारी को सौंपता है। फिर वह बच्चे को उसके माता पिता के पास ले जाता है। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ओवल ऑफिस से नियोजित ऑटो टैरिफ की घोषणा के लगभग एक घंटे बाद शाम 6:30 बजे के आसपास हुई। एक बच्चा व्हाइट हाउस के उत्तरी लॉन पर लगी बाड़ से निकलकर अंदर घुस गया। गुग्लिल्मी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यूएस सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने बच्चे को बाड़ के बीच से निकलते हुए देखा, जिसके बाद अधिकारियों ने बिना किसी घटना के बच्चे को तुरंत उसके माता पिता से मिलवाया। वीडियो ऑनलाइन शेयर होने के बाद से हजारों बार देखा गया और पसंद किया गया। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इस घटना पर मजेदार टिप्पणियां कीं। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, वाह। वह बस एक मिनट के लिए एक्स मस्क के साथ खेलना चाहता था! एक अन्य ने मजाक करते हुए कहा, हाहाहा, मुझे एजेंट 1 का मजा आया, जो बच्चे को एजेंट 2 को सौंप रहा है। एक तीसरे यूजर ने लिखा, वह वास्तव में एक बौना जासूस था जो गुप्त सेवा की सुरक्षा का परीक्षण कर रहा था। बता दें कि व्हाइट हाउस परिसर 18 एकड़ में फैला है, जो सीक्रेट सर्विस के एजेंटों, मिशन सहायता कर्मियों और उन्नत सुरक्षा प्रणालियों द्वारा सुरक्षित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब कोई बच्चा व्हाइट हाउस की बाड़ के बीच से निकला हो। 2023 में भी एक बच्चा उत्तरी लॉन पर लगी धातु की बाड़ से फिसलकर नीचे गिर गया था, और उसे उसके माता-पिता से मिलवाने के लिए कुछ देर पूछताछ की गई थी।

# कड़ी सुरक्षा में रवाना हुई जाफर एसप्रेस; बलूचिस्तान हाईजैक के बाद ट्रेन सेवाएं बहाल

**प्रांतों**

**संघीय रेलवे अधिकारियों ने आगे बताया कि जाफर एक्सप्रेस एकमात्र ऐसी ट्रेन है जो देश के चारों प्रांतों से होकर गुजरती है।**

**बलूचिस्तान** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने इसी महीने ट्रेन हाईजैक को अंजाम दिया था। इस वारदात के करीब दो हफ्ते के बाद आज से ट्रेन सेवाएं दोबारा बहाल हो गईं। खबर के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस को आज कड़ी सुरक्षा में दोबारा रवाना किया गया। पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक के करीब दो हफ्ते बाद जाफर एक्सप्रेस का परिचालन कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से शुरू किया गया। गुरुवार को यह ट्रेन पेशावर कैंट रेलवे स्टेशन से क्वेटा के लिए रवाना हुई। 280 यात्रियों वाली इस ट्रेन को संघीय मंत्री अमीर मकाम ने ट्रेन के यात्रियों को विदा किया। 28 लोग पेशावर से क्वेटा की यात्रा कर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर छावनी रेलवे स्टेशन पर नमाज भी अदा की गई। राष्ट्रीय ध्वज, रंगीन झंडों और गुब्बारों से सजी यह ट्रेन शुक्रवार को वापस लौटेगी। ट्रेन रवाना होने पर पेशावर कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन पर मंत्री मकाम ने कहा, आतंकियों के मंसूबे सफल नहीं होंगे। उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। संघीय रेलवे अधिकारियों ने आगे बताया कि जाफर एक्सप्रेस एकमात्र ऐसी ट्रेन है जो देश के चारों प्रांतों से होकर गुजरती है। अधिकारियों के अनुसार, क्वेटा से देश के बाकी



हिस्सों के लिए ट्रेन सेवाएं भी शुक्रवार से बहाल कर दी जाएंगी। जाफर एक्सप्रेस पेशावर लौटेगी, जबकि एक अन्य ट्रेन बोलन मेल कराची के लिए एक बार फिर रवाना होगी। बता दें कि बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से ट्रेन सेवाएं 11 मार्च के हमले के बाद से निलंबित थीं। यह भी दिलचस्प है कि ट्रेन सेवाओं के दोबारा बहाल होने के मौके पर पेशावर की प्रांतीय सरकार मौजूद नहीं रही। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक दल- पीटीआई के नदारद रहने पर मंत्री मकाम ने पिछले 12 वर्षों से प्रांत की सत्ता पर काबिज लोगों की आलोचना करते हुए कहा, वे केवल इस्लामाबाद जीतने पर ध्यान दे रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा के लोगों ने पहले भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। अब राजनीतिक हितों से परे शांति बहाल करना जरूरी है।

मकाम ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर बाहरी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पीटीआई ने 12 साल तक प्रांत पर शासन किया है, लेकिन फिलहाल उसका पूरा ध्यान केंद्र की सत्ता हासिल करने पर यानी इस्लामाबाद पर कब्जा करने पर है।

## इमामोग्लू की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

**विरोध**

**तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से तुर्किये में बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।**



**इंस्ताबुल।** इस्तांबुल मेयर एक्रेम इमामोग्लू को भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से तुर्किये में बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस ने अंकारा में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया। पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया और रबड़ की गोलियां दागी। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार भी की गई। भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में हिरासत में कैद इस्तांबुल मेयर एक्रेम इमामोग्लू को रविवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से देशभर में इमामोग्लू की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए। इन्हें बीते एक दशक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन बताया जा रहा है। गुरुवार सुबह जब छात्र प्रदर्शनकारियों ने मार्च करने की कोशिश की और मध्य पूर्व स्थित तकनीकी विश्वविद्यालय के गेट के पास एक इकट्ठा हुए, तो सुरक्षा बलों ने उन पर मिर्च स्प्रे, पानी की बौछारें और रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके बाद छात्र कूड़े के डिब्बों से बने बैरिकेड के पीछे छिप गए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इस दौरान इमामोग्लू की पार्टी के विधायक मेलिह मेरिक को पानी से भीगे नजर आए। उन पर भी मिर्च स्प्रे किया गया। मेरिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि छात्र केवल एक प्रेस वक्तव्य देना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सख्ती से इसकी अनुमति नहीं दी और बल प्रयोग किया। एक दूसरे नेता ओजगुर ओजेल ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया, तो वे पांच लाख लोगों को उस स्थान पर आने के लिए कहेंगे जो एर्दोआन को सबसे अधिक परेशान करेगा।

## हूतियों पर हमले की योजना लीक मामले की जांच एफबीआई से कराने की मांग



**वॉशिंगटन।** यमन में हूतियों पर हमले की योजना की जानकारी लीक होने के बाद अमेरिका में सियासत तेज हो गई है। सांसदों ने इस मामले की जांच एफबीआई से कराने की मांग की है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने मामले की जांच एफबीआई से कराने से इनकार कर दिया है।

यमन स्थित हूती विद्रोहियों पर हमले की सूचना लीक होने के मामले में ट्रंप सरकार घिर गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने इस मामले की जांच देश की सबसे बड़ी कानून प्रवर्तन एजेंसी एफबीआई से कराने की मांग की है। इसे लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यह एफबीआई से जुड़ा मामला नहीं है। जांच एजेंसी के पास और भी बड़े काम हैं। यमन स्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले के लिए अमेरिकी अधिकारियों ने मैसेजिंग एप सिग्नल पर एक ग्रुप बनाया था। वाल्ट्ज ने इस ग्रुप को बनाने के बाद इसमें ट्रंप प्रशासन के 18 शीर्ष अधिकारियों को जोड़ा। इनमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड व केंद्रीय खुफिया एजेंसी निदेशक जॉन रैटक्लिफ शामिल थे। इस ग्रुप में द अटलांटिक मैग्जीन के संपादक जेफ्री गोल्डबर्ग भी जुड़े हुए थे। उन्होंने यमन में हूतियों पर हमले की अमेरिकी योजना का पूरा खुलासा कर दिया। इसके बाद डेमोक्रेटिक सांसद मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। सीनेट और सदन में डेमोक्रेटिक सांसदों ने एफबीआई के निदेशक काश पटेल को घेरा। सांसदों ने सवाल उठाया कि क्या कानून प्रवर्तन एजेंसी इसकी जांच करेगी? हालांकि इसका काश पटेल ने कोई जवाब नहीं दिया।

## बलूचिस्तान में छह बस यात्रियों की हत्या

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में बस सवार आम नागरिकों पर बंदूकधारियों ने हमला किया। बलूचिस्तान में हुए इस हमले में छह यात्रियों की मौत हुई। एक अन्य घटना मध्य अफ्रीकी देश कैमरून की है। यहां इस्लामिक लड़ाकों ने 12 सैनिकों की हत्या कर दी।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में यात्री बस पर बंदूकधारियों के हमले में छह नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा आतंक की एक अन्य वारदात मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में हुई। यहां इस्लामिक लड़ाकों ने 12 सैनिकों की हत्या कर दी। बलूचिस्तान में यात्री बस पर हमले की खबर के बारे में मिली सूचना के मुताबिक हमला बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ। बलूचिस्तान पाकिस्तान का बेहद संवेदनशील और अशांत प्रांत है। यहां गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतार कर गोली मार दी। बस पर हमले में घायल एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया। हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस को निशाना बनाया। इसमें सवार पांच यात्रियों को नीचे उतारकर गोली मार दी गई। इस वारदात के संबंध में ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान ने बताया कि हमले में घायल एक यात्री की मौत



इलाज के दौरान हुई। फिलहाल इस हमले की किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान में बस पर हमले के संबंध में डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक हथियारबंद लोगों ने यात्रियों के आईडी कार्ड चेक करने के बाद उनकी हत्या की। तीन यात्रियों को बंदूकधारी अपने साथ ले गए। इस वारदात पर दुख प्रकट करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा, आतंकवादी देश के विकास और बलूचिस्तान की समृद्धि के दुश्मन हैं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने यात्रियों की पहचान के आधार पर हत्या को जघन्य और कायरतापूर्ण कृत्य बताया। सीएम ने कहा, कट्टर आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 440 यात्रियों वाली ट्रेन को अगवा कर लिया था। इस घटना में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की हत्या कर दी गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराने के साथ-साथ 354 बंधकों को छुड़ाने का दावा किया। इस घटना के बाद से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं।

मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में हुए हमले के संबंध में समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामी आतंकवादियों ने चाड झील के पास हमला कर 12 कैमरून सैनिकों की हत्या कर दी।

# सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी को मिले अभिनव सरोज

- डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को मिल रही है गति : डॉ. अजय सिंह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (रामपुर)** खंड विकास अधिकारी सभागार रामपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा एवं सुशासन नीति के तहत कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. अजय सिंह विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत रामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के देवी शंकर दुबे (मंडल अध्यक्ष) तथा कार्यक्रम अभिनव सरोज (खंड विकास अधिकारी) रामपुर के नेतृत्व किया गया खंड विकास अधिकारी द्वारा सरकार के वर्तमान में चल रहे समस्त योजनाओं को विस्तार पूर्वक जनमानस को बताया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा समस्त लाभार्थी का सर्वे हो रहा है जो छूटे हुए हैं। तीन दिन समय है कृपया सर्वे करा ले। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे में बताया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अजय सिंह ने सरकार द्वारा समस्त सड़कों का कायाकल्प, जलकल योजना के अंतर्गत गांव-गांव पहुंच रहे स्वछ जल, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बारे में जानकारी दी।खंड विकास अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान में चल रहे योजनाओं के बारे में वीडियो क्लिप द्वारा जनमानस को दिखाया गया , अंत में देवी शंकर दूबे मंडल अध्यक्ष द्वारा समस्त जनमानस को आभार व्यक्त किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, व शरद कुमार उपाध्याय (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अलोक दुबे, मंडल अध्यक्ष नोनारी ज्ञान प्रकाश पटेल, वरुण उपाध्याय (बूथ अध्यक्ष) विजय शंकर पांडेय, विष्णु दुबे, जय प्रकाश चौहान, लक्ष्मण प्रजापति,जितेंद्र कुमार कार्यक्रम का संचालक कृषि अधिकारी जय प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया

## चोरी के मोटरसाईकिल के साथ एक चोर गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह निर्देशन में अपराधियों को पकड़ने का अभियान चलाया। जिसमें सोमवार को ग्राम कुल्हनामऊ में घर के सामने से एक मोटरसाईकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया था।जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0 101/ 2025 धारा 303 (2) बी.एन.एस. बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत होकर विवेचना उ.नि. हृदयानन्द द्वारा प्रचलित है। विवेचना के क्रम में घटनास्थल के पास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरा से उक्त मोटरसाईकिल चोरी करने वाले अज्ञात अभियुक्त को चिन्हित किया गया। जिसे गुरुवार को मोटरसाईकिल को बेंचने के लिए जा रहा था।कि गोरियापुर बाईपास के पास से गिरफ्तार कर चोरी गयी मोटरसाईकिल बरामद कर धारा 317(2) बी.एन.एस. की बढोत्तरी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ.नि. हृदयानन्द,हे.का. प्रेमबहादुर यादव,हे.का. शिवप्रकाश यादव, का. रणविजय सिंह आदि टीम थाना बक्शा रहे।

# बीएसए ने प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र को प्रशस्ति पत्र देखकर किया सम्मानित

- कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा को निपुण विद्यालय का मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में प्रदेश सरकार के उत्कृष्टता के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान एवं जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र सिंह , बृजेश सिंह प्रिंसू तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल के द्वारा कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा को निपुण विद्यालय होने का सम्मान मिला। इस कार्यक्रम के पहले खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर सुभाष चन्द्र गुप्ता द्वारा विकास खण्ड सभागार में ब्लाक के 15 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उसके बाद जनपद के प्रेक्षागृह में सरकार के उत्कृष्टता के 8 साल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में भी सभी निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह हमारे विद्यालय के समस्त शिक्षक साथियों के मेहनत एवं टीम वर्क का प्रतिफल। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय जौनपुर डॉ0 गोरख नाथ पटेल कार्यक्रम में शिक्षा विभाग नेट परीक्षा में जनपद जौनपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में शिक्षा विभाग की उपलब्धियों का प्रदर्शन और निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में रामनगर ब्लाक के कुल 15 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, गंगेश कुमार दिक्षित कम्पोजिट वि.खेतापुर, आनन्द मौर्य, जमालापुर, ज्ञानेश कुमार निकुम्भपुर, राजेश्वर सिंह, गोता रामकुमार माली प्रा.वि.सारंगडीह, उमाशंकर, अनीस सिंह, कमलेश सिंह, अजीत प्रसाद गुप्ता, ओमकारनाथ, मीरा देवी, चन्द्र मणि, दिनेश व हितेश पाण्डेय, को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## रंग विनोद नाट्य महोत्सव आज से

**प्रयागराज।** शहर की जानी - मानी नाट्य संस्था विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान का चिर प्रतीक्षित अखिल भारतीय नाट्य समारोह ÷रंग विनोद नाट्य महोत्सव÷ 28 से 30 मार्च तक जगत तारन गोल्डेन जुबिली स्कूल के रवींद्रालय प्रेक्षागृह में सायं 7.00 बजे से आयोजित होगा।यह कार्यक्रम प्रसिद्ध रंगकर्मी आलोक चटर्जी की स्मृतियों को समर्पित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ रंगकर्मी प्रोफेसर अशीम मुखर्जी करेंगे। संस्था के सचिव आलोक रस्तोगी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस 28 मार्च को प्रतिष्ठित नाट्य निर्देशक एवं अभिनेता, तथा भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के पूर्व निदेशक सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ एवं भारतेन्दु कश्यप के निर्देशन में नीपा रंगमण्डली, लखनऊ के कलाकार नाटक शिकस्ता का मंचन करेंगे। दूसरी संध्या 29 मार्च एकलव्य थिएटर, देहरादून, उत्तराखंड के नाम होगी जब अखिलेश नारायण के निर्देशन में नाटक खिड़की का मंचन होगा। नाट्य समारोह का समापन 30 मार्च को थिएटर फॉर थिएटर, चण्डीगढ़ की प्रस्तुति संध्या छाया से होगी जिसका निर्देशन प्रख्यात रंग निर्देशक एवं अभिनेता सुदेश शर्मा ने किया है जो सम्प्रति चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष हैं।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्कः डॉ. हेमलता पंत

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज में चल रहे विशेष शिविर के तीसरे दिन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में आज के दिन की शुरुआत प्रोफेसर दीप्ति शुक्ला शारीरिक शिक्षा विभाग , महिला विद्यापीठ प्रयागराज के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात आज के मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, उद्यान विज्ञान विभाग , कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज ने अपने व्याख्यान अपना व्याख्यान किचेन गार्डेन पर दिया। डॉक्टर सिंह ने बताया कि घर के आसपास की जमीन पर किचन गार्डन का विकास करके अपने परिवार के लिए प्रतिदिन हरी सब्जी प्राप्त कर सकते हैं शिविर के दूसरे सत्र में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला कर मतदाता जागरूकता अभियान, आधार कार्ड के अनिवार्यता के महत्व को बताया। इसके पश्चात् नशा निषेध पर रैली निकाली। शिविर के चौथे दिन की शुरुआत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज के प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी, योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ।

# मोबाइल ब्लॉगिंग कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बन गया है नया ट्रेंडः डॉ. काजी

- दर्शकों पर प्रभाव डालने के लिए कैमरा एंगल महत्वपूर्णः डॉ. रवि सूर्यवंशी
- पीयू के पांच दिवसीय कार्यशाला का चौथा दिन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित मोबाइल जर्नलिज्म (मोजो) मीडिया लेखन एवं फोटोग्राफी विषयक पांच दिवसीय कार्यशाला में गुरुवार को विद्यार्थियों को विषय के विविध आयामों से परिचित कराया। इस कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा किया गया। इसमें कई विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों ने संवाद किया. प्रख्यात ब्लॉगर, फोटोग्राफर एवं यात्रा लेखिका डॉ. कायनात काजी ने कहा कि आज मोबाइल ने ब्लॉगिंग की दुनिया को बदल दिया है। मोबाइल ब्लॉग के कंटेंट मुख्यधारा की मीडिया में भी चर्चा का विषय बन रहे है।

उन्होंने कहा कि ट्रेवल ब्लॉगरों ने मोबाइल के माध्यम से डिजिटल मंच पर एक अलग पहचान बना ली है। मोबाइल से ब्लॉगिंग कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नया ट्रेंड बन गया है। इसके साथ ही बहुत सारे लोग अपने घरों से ही मोबाइल के माध्यम से वीडियो ब्लॉगिंग कर स्टार बन गए है. फोटोग्राफी और कंटेंट लेखन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभावी लेखन के लिए पुराने साहित्य का अध्ययन आवश्यक है। इससे भाषा की समझ विकसित होती है और लेखन में गहराई आती है। साथ ही साथ वाक्य का फ्लो भी बना रहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कंटेंट लेखन केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि इसे रोचक और पठनीय बनाना भी जरूरी है। डॉ. काजी के अनुसार, कंटेंट लेखन में भाषा की शुद्धता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में कई लेखक केवल अपने सब्सक्राइबर बढ़ाने के लिए काम करते है कंटेंट पर ध्यान नहीं केंद्रित करते. उन्होंने कहा कि अच्छे कंटेंट की फोटो, वीडियो और टेक्स्ट का सामन्जस्य और टाइमिंग जरूरी है।

फोटोग्राफी पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा लेखन के लिए अच्छी तस्वीर लेना भी आवश्यक है, क्योंकि लेख को अधिक प्रभावशाली और आकर्षक बनाती हैं। दृश्य सामग्री के माध्यम से पाठक विषय से बेहतर तरीके से जुड़ सकते हैं। डॉ. कायनात काजी ने विद्यार्थियों को सलाहदी कि वे न केवल नियमित रूप से पढ़ें, बल्कि अपने लेखन कौशल को भी निखारते रहें, जिससे वे अपने पाठकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। उन्होंने डिजिटल युग में ब्लॉगिंग, कंटेंट राइटिंग और सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. रवि सूर्यवंशी ने मोबाइल पत्रकारिता में उपयोग हो रही तकनीक पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने गिंबल, ट्राइपॉड, माइक और मोबाइल मूवमेंट पर प्रकाश डाला. कहा कि आज मोबाइल के माध्यम से टेलीविजन, वेब, समाचार पत्रों और रेडियो में सामग्रियों का संकलन हो रहा है।उन्होंने कहा कहा कि दर्शकों पर प्रभाव डालने के लिए कैमरा एंगल बहुत महत्वपूर्णहै। शोले फिल्म का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गब्बर को लो एंगल से अधिक पावरफुल होने के लिए दिखाया जाता था। जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार संतोष पांडेय ने मोजो के लिए मोबाइल, माइक, ट्राइपॉड, लाइट (एमएमटीएल) पर चर्चा की। कहा कि इन चारों से मोजो संभव है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्टिंग के लिए हैशटैग के महत्व पर विचार से चर्चा की। कहा कि संबंधित हैशटैग के प्रयोग से अपने कंटेंट की अधिक व्यूवरशिप बनाई जा सकती है। उन्होंने वीडियो बनाने, एडिटिंग करने, अपलोडकरने और उसे शेयर करने की विधि पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. कायनात क़ाज़ी ने प्रो.मनोज मिश्र को अपनी पुस्तक बोधगया के बिहार भेंट की. कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र, संचालन डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, प्रोफेसर प्रदीप कुमार, डॉ. चंदन सिंह, सुधाकर शुक्ला, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ सुरेंद्र कुमार, अर्पित यादव समेत विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क : डॉ. हेमलता पंत



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज में चल रहे विशेष शिविर के तीसरे दिन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में आज के दिन की शुरुआत प्रोफेसर दीप्ति शुक्ला शारीरिक शिक्षा विभाग , महिला विद्यापीठ प्रयागराज के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात आज के मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, उद्यान विज्ञान विभाग , कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज ने अपने व्याख्यान अपना व्याख्यान किचेन गार्डेन पर दिया। डॉक्टर सिंह ने बताया कि घर के आसपास की जमीन पर किचन गार्डन का विकास करके अपने परिवार के लिए प्रतिदिन हरी सब्जी प्राप्त कर सकते हैं शिविर के दूसरे सत्र में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला कर मतदाता जागरूकता अभियान, आधार कार्ड के अनिवार्यता के महत्व को बताया। इसके पश्चात् नशा निषेध पर रैली निकाली। शिविर के चौथे दिन की शुरुआत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज के प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी , योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात आज की मुख्य वक्ता डॉ हेमलता पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग ,सीएमपी पीजी कॉलेज प्रयागराज ने मानव जीवन में फल एवं सब्जियों के महत्व को विस्तार से बताया। डॉक्टर पंत ने अपने व्याख्यान में बताया कि कम से कम प्रत्येक व्यक्ति को 85 ग्राम फल और 300 ग्राम सब्जी प्रतिदिन खानी चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोगी रहता है। शिविर के दूसरे सत्र में शिविर के आसपास के स्थान की साफ सफाई स्वयंसेवको द्वारा किया गया। तत्पश्चात अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिला अधिकार विषय पर घर-घर जाकर जागरूक किया।

# 70 किलोग्राम गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** स्वाट और रानी की सराय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुष्पा फिल्म की तर्ज पर ऑटो में गुप्त चौंबर बनाकर गांजा की तस्करी कर रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने ऑटो में बने गुप्त चौंबर से 70 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लाकर बिहार और देवरिया जिले में सप्लाई करने का काम करते थे।

**बरामद ऑटो–** पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता ने एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि बीती रात थाना रानी की सराय व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सेमरहा अण्डर पास से चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध आटो वाहन को रोका गया। तलाशी ली गई तो उक्त वाहन की छत पर चेम्बरनुमा बाक्स जिस पर लोहे की जाली लगी थी उसमें गांजा लदा हुआ पाया गया। चेम्बर से कुल 70 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी कीमत करीब 7 लाख है बरामद हुआ।इसके साथ ही 1000 नकद, मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। इस दौरान वाहन चालक मास्टर साहनी पुत्र अम्बिका साहनी, निवासी एकडेरवा वार्ड नं. 11, थाना व जनपद गोपालगंज, बिहार और सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व.रामजीत यादव, निवासी छित्रवली टड़वा, थाना खामपार, जिला देवरिया कोपुलिस ने गिरफ्तार किया।

**बरामद गांजा–** गिरफ्तार दोनों तस्करों ने बताया कि वे पुष्पा फिल्म देखे जिसके बाद उन्होंने भी उसी तर्ज पर गांजे की तस्करी शुरू की। इसके लिए उन्होंने आटो की छत पर अलग से लोहे की पट्टियों से चौम्बरनुमा बाक्स बना है जिसमें गांजे का बण्डल रखकर झारसुगुड़ा, उड़ीसा से व्यापारियों से खरीदकर सोनभद्र, चन्दौली, आजमगढ के रास्ते बिहार ले जा रहे थे।

एसपी सिटी ने बताया कि पुष्पा फिल्म की तर्ज पर अभी दो माह पहले ही इन्होंने ऑटो में चेम्बरनुमा जगह बना कर दो बार गांजे की तस्करी की है। ये बिहार के गोपालगंज और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में गांजे की सप्लाई कर चुके है। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी और संपत्ति को जप्त किया जाएगा। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनसे गांजे की खेप को कौन-कौन लोग ले रहे थे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# फरहत अली और हनुमानगंज एएस को पूरे अंक

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** फरहत अली क्लब और हनुमानगंज एएस क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन मैदान पर गुरुवार को खेले गए पहले मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 25 ओवर में 5 विकेट पर 120 रन (देवांश कुमार 33, अर्चित सिंह 24, आर्यन पांडेय 17, रेहान वजाहत, मोहम्मद अकदस अली, प्राजंल मिश्रा एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में फरहत अली क्लब ने 20.5 ओवर में पांच विकेट पर 125 रन (शादान अब्बास रिजवी 56 नाबाद, रेहान वजाहत व आदित्य केशरवानी 19-19, आह्वान तिवारी 2/10, सौरभ तिवारी, अर्चित सिंह व स्वास्तिक दुबे एक-एक विकेट) बना लिए। शादान अब्बास रिजवी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में कैंटोंनमेंट बोर्ड क्लब ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 115 रन (अनुभव यादव 24, आयुष 18, शानु यादव 2/09, शिवम कुमार 2/19, अनुभव गुप्ता 2/20) बनाए। जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब ने 15.3 ओवर में 4 विकेट पर 119 रन (अनुभव गुप्ता 49, अंशु विश्वकर्मा 23, शानू यादव 22, हनी, शिवांश, शौर्य प्रताप एक-एक विकेट) बना लिए। अनुभव गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## प्रचंड गर्मी में रोटरी प्लैटिनम ने प्रदान किए निशुल्क इंसुलेटेड वाटर जार

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी को देखते हुए रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने ÷पेय जल सेवा मिशन÷ की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों, निश्शुल्क चिकित्सालयों और जरूरतमंद क्षेत्रों में इंसुलेटेड वाटर जार वितरित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। मिशन के प्रथम चरण में जैन धर्मोथ होमियो निश्शुल्क चिकित्सालय, चक, जीरो रोड, प्रयागराज एवं सुमेर चंद्र दिगंबर जैन निश्शुल्क औषधालय, कुंचा श्याम दास, जीरो रोड, प्रयागराज में जल कंटेनर स्थापित किए गए। इस अवसर पर रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन ने अपने करकमलों से चिकित्सालयों में जल कंटेनर प्रदान किए। उनके साथ संयुक्त सचिव प्रमय मित्तल एवं रोटेरियन अरविंद अग्रवाल ने भी इस पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता की। मीडिया प्रभारी रोटेरियन मनीष गर्ग ने जानकारी दी कि गर्मी की शुरुआत होते ही क्लब अध्यक्ष ने सार्वजनिक स्थलों पर जल सेवा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। इस अभियान को रोटरी क्लब के सदस्यों के सहयोग से प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है,।

# हाईकोर्ट में तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कैश कांड मामले में फंसे दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने पर वकील विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील तीसरे दिन गुरुवार को भी प्रदर्शन किया। वकीलों ने दिल्ली में कानून मंत्री कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। उनसे जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर रोकने की मांग की। हाईकोर्ट में रोज करीब 10 हजार केसों की सुनवाई होती है। ऐसे में 3 दिन में करीब 30 हजार मुकदमों की सुनवाई टल गई। नए मुकदमों की लिस्टिंग नहीं हो पाई है। इलाहबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी के नेतृत्व में वकीलों ने बुधवार को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। उनसे कहा कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर रोका जाए। कैश मिलने की जांच सीबीआई और ईडी से कराई जाए। बार अध्यक्ष का कहना है कि बातचीत बहुत ही सकारात्मक रही है। संभावना है कि मांगों को माना जाएगा। बार एसोसिएशन ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कतई मंजूर नहीं है। वह इस मामले पर पीछे हटने वाले नहीं है। अधिवक्ताओं ने न्यायिक काम न करते हुए नए जजों की नियुक्ति करने की मांग दोहराई। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ एडवोकेट राजेश खरे, पूर्व अध्यक्ष इन्द्र कुमार चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, डॉ. सीपी उपाध्याय, एसी तिवारी, महेंद्र बहादुर सिंह, प्रशांत सिंह, अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्र, सुभाष चंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकारिणी के और अन्य अधिवक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

# आमरण अनशन के दूसरे दिन दर्जनों गांवों के लोगों का समर्थन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** तहसील बबेरू की ब्लॉक बबेरू अंतर्गत के दर्जनों गांव पल्हरी आहार बड़ागांव मिलाथू शिव मवई पारा बिहारी आलमपुर बघेहटा देवरथा जुगरेहली पंडरी अनौसा रगौली हरदौली सिमोनी आदि गांवों में सैकड़ों जानवरों की समस्या से जूझ रहे हैं किसान जबकी समय रहते समस्या से पीड़ित ग्रामीण व समाजसेवियों ने सैकड़ो बार खंड विकास अधिकारी बबेरू उपजिलाधिकारी बबेरू थाना दिवसों सहित जिले के समस्त अधिकारियों जिलापंचायत राज्य अधिकारी जिला विकास अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अपर जिला अधिकारी जिला अधिकारी आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा सहित जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों , सचिव ग्राम विकास, पशु पालन विभाग लखनऊ,ग्राम विकास मंत्री , नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ,पंचायती राज मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ,भारत सरकार के प्रधानमंत्री ,एवं मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण पोर्टल 1076 में सैकड़ो बार शिकायत की गई लेकिन अधिकारी कर्मचारी सिर्फ कागजी घोड़ा दुदाने में मस्त रहे और उत्तर प्रदेश सरकार को गुमराह करने में मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ बांदा ने कोई कसर नहीं छोड़ी पूर्व में किसानों की धान की फसल चौपट होने से किसान पूरी तरह से डरा हुआ सहमा हुआ है वर्तमान की गेहूं चना आज की फसलों से किस उम्मीद लगाए बैठा था कि अपने परिवार के भरण पोषण पढ़ाई लिखाई दवाई आदमी यह फसल सहयोगी बनेगी लेकिन स्थानीय कर्मचारियों व जिला प्रशासन की मिली भगत से गौ संरक्षण के लिए भेजा जा रहा सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है गौ संरक्षण में आने वाला धन गमन हो रहा है और अधिकारी कर्मचारी कोई भी अन्ना जानवर ना होने का दावा ठोक रहे हैं जबकि धरातल में जमीन में आज भी सैकड़ो की झुंड में अन्ना गोवंश घूम घूम कर किसानों की फसले बर्बाद कर रहे है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन किसानों को भूखमरी व आत्महत्या के लिए विवश कर रहा है जबकि किसान अपने फसलो को बचाने के लिए दिन-रात खेत पर रहने को मजबूर है लेकिन जैसे ही समय पाते हैं अन्ना जानवर तो किसानों के रखवाली करते समय भी फसलों को सफाचट कर देते हैं आज बांदा बुंदेलखंड बबेरू का किसान पूरी तरह से भुखमरी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहा है जिला प्रशासन एवं कर्मचारियों की हीला हवाली लापरवाही सफेद झूठ एवं भ्रष्टाचार बंदर बांट की वजह से हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का दौरा बांदा जनपद के बबेरू तहसील के कस्बा ओरण में हुआ था समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक ने अपने साथ दर्जनों ग्रामीणों को लेकर माननीय मंत्री जी को लिखित पत्र देकर तत्काल अन्ना जानवरों को संरक्षित कर उनके भरण पोषण की गुहार लगाई लेकिन माननीय मंत्री जी का भी आदेश अधिकारी नहीं मान रहे बबेरू तहसील के दर्जनों गांवों की अन्ना जानवरों एवं बिजली की समस्या से परेशान किसान नेता समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक दूसरे दिन भूख हड़ताल आमरण अनशन पर बैठे हैं लेकिन अभी तक जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी सुध तक नहीं लिए जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सख्त आदेश जारी है कि हर हालत में गौवंशो को संरक्षित करवाएं फिरभी बांदा जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं से अपरिचित है एक तरफ जहां किसान सैकड़ों अन्ना जानवरों से प्रताड़ित है वहीं दूसरी तरफ जिले के जिम्मेदार अधिकारी समाजसेवी किसानों को ही झूठा साबित करने में शासन को गुमराह करके अन्ना जानवरों से पल्ला झाड़ रहे हैं उनका कहना है कि बांदा जिले में कोई भी जानवर अन्ना नहीं घूम रहा है अनशन स्थल पर किसी अधिकारी के न आने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है

इस मौके पर समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक के साथ रामनरेश पटेल, गोबिंद, बालकरण पटेल, सुभाष बोस, महेंद्र सिंह, शिवविलास सिंह, चंद्रभवन पटेल, मदन राजपूत, भैयालाल, श्यामसुंदर सिंह, रोहनी, नंदू, छोटा, अनिरुद्ध, रामबहोरी, मुन्ना, ज्ञान सिंह, रोहित त्रिपाठी, अंकित कुमार, कमलेश कुमार, लवलेश, मुरारी, श्याम बाबू यादव कमल यादव, अशोक, भानू, अवधेश कुमार,अवधेश कुमार, आसाराम, अनिल, राजेश, संजय, कमलकांत द्विवेदी, रविकांत, अरविंद, महेश, राममिलन, श्याम सिंह, कुलदीप, विनोद, रामेश्वर, राघवेन्द्र, सिंह पटेल, मंजिल, चित्रा, साहिल, जगपत सुरेश, विजयकुमार, रमेश, तारा सिंह, कमलेश, श्रवण कुमार, रंजीत, रामभजन, बालकरण,शिवमोहन, अच्छेलाल, नरेंद्र, बृजेंद्र पटेल, मनोज, विनोद, रामखेलावन, प्रेमा, सुधा , विशेखा, राजरानी, सीमा, राजरानी, विचित्रा देवी, वीरेंद्र, भुनेंद्र, राहुल, ज्ञान सिंह, संदीप कुमार, अनुज कुमार, चुन्ना, रोहनी, विंदा प्रसाद, राजकुमार, कमलेश यादव, रामनिहोर, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# क्वालिटी वॉल्स ने गर्मियों में ताजगी के लिए भारत में पेश किया अपना ग्लोबल ब्रांड ट्विस्टर

**कानपुर।** 100 साल से ज्यादा समय से खुशियां बांटने की अपनी विरासत के साथ बेहतरीन आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट्स के लिए मशहूर क्वालिटी वॉल्स ने भारत में अपना नया ब्रांड ट्विस्टर लॉन्च किया है। अपनी अनूठी थ्री-लेयर्ड स्टिक डिजाइन के लिए मशहूर ट्विस्टर के साथइस बार रिफ्रेशमेंट का अनूठा ट्विस्ट मिलेगा। इसकी हर बाइट आपको स्वाद की नई दुनिया में ले जाएगी।

ट्विस्टर यूनीलिवर के पोर्टफोलियो का एक लोकप्रिय ब्रांड है। यह 25 से ज्यादा देशों में पसंदीदा समर रिफ्रेशर है। गर्मी के दिनों में भारतीयों के लिए एक रिफ्रेशिंग ट्रीट की जरूरत को देखते हुए क्वालिटी वॉल्स ने नए ट्विस्टर को दो आकर्षक वैरिएंट्स में लॉन्च किया है। ट्विस्टर मैंगो में स्ट्रॉबेरी कोर के आसपास लिपटे हुए आम और क्रीमी वनीला का स्वाद मिलेगा। वहीं, ट्विस्टर पाइनएपल में स्वादिष्ट स्ट्रॉबेरी कोर के चारों ओर लिपटे हुए क्रीमी पाइनएपल एवं खट्टे नींबू का स्वाद आएगा।

ट्विस्टर को युवा भारीतयों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, जो कुछ खास अंदाज में रिफ्रेशमेंट चाहते हैं। इसे असली फ्रूट जूस और तीन लेयर्स में बनाया जाता है। इस आइसक्रीम स्टिक की हर बाइट से मुंह में अनूठा स्वाद घुल जाएगा। हर सर्विंग में 65 से भी कम कैलोरी के साथ इसके अनूठे आकार को युवाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

इस बार गर्मियों का मजा बढ़ाते हुए क्वालिटी वॉल्स ने भारत में अपनी तरह का पहला प्रमोशन भी शुरू किया है। इसमें ग्राहकों को '30 लाख फ्री आइस कैंडीज' में से जीतने का मौका भी मिलेगा। पूरे भारत में एक लाख से ज्यादा स्टोर पर इस ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। क्वालिटी वॉल्स ने हाल ही में ट्विस्टर के लिए नया मल्टी मीडिया कैंपेन - ब्रिंगिंग टु लाइफ ए रिफ्रेशिंग ट्विस्टर वर्ल्ड फॉर दिस समर' भी लॉन्च किया है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को ऑफर के बारे में रोमांचक तरीके से बताने के लिए शानदार और लुभा देने वाली प्रमोशनल फिल्में भी लॉन्च की जाएंगी।

एचयूएल के आइसक्रीम बिजनेस के प्रमुख टोलॉय टैनरिडग्ली ने कहा, 'अपने आइकॉनिक ग्लोबल ब्रांड्स में शुमार ट्विस्टर को भारत में दो आकर्षक एवं रिफ्रेशिंग फ्लेवर्स में पेश करते हुए हम रोमांचित हैं। 6.6 बिलियन यूरो से ज्यादा के कारोबार के साथ रिफ्रेशमेंट अपने आप में बहुत बड़ी कैटेगरी है और भारत में गर्मियों के दौरान ग्राहक रिफ्रेशमेंट के लिए नए एवं आकर्षक विकल्पों की तलाश करते हैं। यूनीलिवर पोर्टफोलियो के टॉप सेलिंग और वैश्विक स्तर पर पसंदीदा ब्रांड के तौर पर भारत में हमारा लक्ष्य ग्राहकों को बेहतरीन ट्रीट देना है, जिससे युवा ग्राहकों की पसंद की झलक दिखे, साथ ही इन गर्मियों में खुशियों को नया ट्विस्ट भी मिले।

# सोना 365 रुपये की बढ़त के साथ फिर 91000 के पार, चांदी में 200 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में हल्की नरमी के बाद फिर से हरियाली लौटने लगी है। दिल्ली में सोना 365 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त के साथ 91,050 रुपये के भाव पर पहुंच गया है। इससे पहले, बुधवार को 99.9 प्रतिशत की शुद्धता वाला सोना 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। आइए जानते हैं सर्राफा बाजार का विस्तृत हाल। सोने का भाव गुरुवार को फिर 91000 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार दिल्ली में सोना 365 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त के साथ 91,050 रुपये के भाव पर पहुंच गया। बुधवार को 99.9 प्रतिशत की शुद्धता वाला सोना 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने का भाव 365 रुपये चढ़कर 90, 600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल डिलीवरी सोने का वायदा भाव 828 रुपये या 0.94 प्रतिशत बढ़कर 88,466 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। चांदी की कीमत भी 200 रुपए बढ़कर 1,01,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बुधवार को चांदी की कीमत 1,01,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ÷अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बुधवार को घोषित नए ऑटो टैरिफ के बाद वैश्विक जोखिम धारणा बढ़ने के कारण सोने में बढ़त जारी है। 20 मार्च को पीली धातु की कीमतें बढ़कर 89,796 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 34.77 डॉलर या 1.15 प्रतिशत बढ़कर 3,054.05 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। डुएलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के जतिन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिका में जीडीपी के कम आंकड़ों और 2 अप्रैल को अमेरिका की ओर से प्रत्याशित पारस्परिक टैरिफ की आशंकाओं के कारण सोने की कीमतें बढ़कर 3,050 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गईं।

# ऑल-न्यू क्लासिक 650 एक नए अवतार में

मिडसाईज़ मोटरसाईकल सेगमेंट 250 सीसी से 750 सीसी में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने भारत में क्लासिक 650 पेश की है। इसका मूल्य 3,37,000 से शुरू होता है। क्लासिक 650 क्लासिक रेंज की विरासत को आगे बढ़ाते हुए टाईमलेस सौंदर्य के साथ आधुनिक डिज़ाईन और सॉफिस्टिकेटेड कारीगरी का बेहतरीन मिश्रण पेश कर रही है, जो मोटरसाईक्लिंग की शुद्ध भावना के अनुरूप है।क्लासिक 650 मोटरसाईकल में विरासत के साथ आधुनिकता, परंपरा के साथ इनोवेशन और पुराने समय की यादों के साथ आधुनिक कारीगरी का बेहतरीन मिश्रण पेश किया गया है। इसका हर कर्व, हर पॉलिश्ड मेटल एक्सेंट और हर सिग्नेचर डिटेल उस समय की कहानी सुनाती है, जब मोटरसाईकल आजीवन संभालकर रखने के लिए बनाई जाती थी।रॉयल एनफील्ड 'क्लासिक' बिल्कुल शुद्ध रूप में आरई के डीएनए और सौंदर्य को पेश करती है। क्लासिक 650 के लॉन्च के बारे में बी गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्स लिमिटेड एवं सीईओ, रॉयल एनफील्ड ने कहा, ''क्लासिक 650 एक मोटरसाईकल ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत का गौरव है।



यह टाईमलेस डिज़ाईन के साथ सरल परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है। यह रॉयल एनफील्ड की भावना को आगे बढ़ा रही है, जिसमें बेजोड़ कारीगरी राईडर और मशीन के बीच स्थिर जुड़ाव विकसित करती है। यह 650सीसी के पैरेलेल ट्विन प्लेटफॉर्म पर बनाई गई है, जिसमें रिफाईनमेंट, क्षमता और सड़क पर दबदबे का बेजोड़ तालमेल है। इसलिए यह उन महत्वाकांक्षी राईडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ मोटरसाईकल है, जो क्लासिक के डीएनए के साथ ज्यादा शक्ति और बहुमुखी उपयोगिता चाहते हैं। क्लासिक 650 के साथ हमन न केवल एक मोटरसाईकल बनाई है, बल्कि हमने आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध मोटरसाईक्लिंग के सार का संरक्षण किया है। हम यह आईकोनिक मशीन भारत में पेश करने के लिए उत्साहित हैं। मुझे विश्वास है कि यह मोटरसाईकल उसी जोश के साथ अपनाई जाएगी, जो हमारे राईडिंग समुदाय की पहचान है।''नई क्लासिक 650 पर रॉयल एनफील्ड द्वारा मौजूदा क्लासिक 350 ग्राहकों को ऋश्चह्लद्बह्व के माध्यम से अपग्रेड/एक्सचेंज के लिए आकर्षक फाइनेंस विकल्प प्रदान किए जा रहे हैं। यह ऑफर 230 से अधिक शहरों में मौजूद सभी सूचीबद्ध रॉयल एनफील्ड डीलरशिप पर उपलब्ध होगा।

# इंडियाफर्स्ट लाइफ ने लखनऊ के लिए रणनीतिक एजेंसी विस्तार योजनाओं की घोषणा



**लखनऊ।** इंडियाफर्स्ट लाइफ ने अपने एजेंसी चैनल का विस्तार करके और अपने उत्पाद पेशकशों को बढ़ाकर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने की अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। संगठन का उद्देश्य #AgencyNirmaan पहल के तहत एक सतत, स्केलेबल और लाभदायक एजेंसी मॉडल विकसित करना है। यह पहल न केवल पूरे भारत में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करेगी बल्कि उत्तर प्रदेश के अधिक समुदायों तक व्यापक जीवन बीमा समाधान पहुंचाने में भी मदद करेगी।श्री. सुमीत सहनी, प्रेसिडेंट - एजेंसी चैनल, इंडियाफर्स्ट लाइफ ने कहा, "#AgencyNirmaan हमें उत्तर प्रदेश और देशभर में अंतिम छोर तक ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए एक मजबूत शाखा नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करता है। अपने वितरण नेटवर्क का लाभ उठाकर, हम ग्राहकों के लिए उनकी आवश्यकताओं पर आधारित बीमा समाधान प्रदान करने और उनकी वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने का लक्ष्य रखते हैं। हमारी नई एजेंसी शाखाएं महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा करेंगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देंगी। हम अगले दो वर्षों में देशभर में 200 एजेंसी इकाइयां स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।÷देशभर में अपनी एजेंसी चैनल का विस्तार करना इंडियाफर्स्ट लाइफ की भारत में उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2025 FY25 में, इंडियाफर्स्ट लाइफ ने 60+ विशिष्ट एजेंसी-केंद्रित इकाइयों की स्थापना की है। कंपनी वित्तीय वर्ष 2026 FY26 की पहली छमाही में शाखा इकाइयों की संख्या को दोगुना करने की योजना बना रही है। FY26 के अंत तक, कंपनी 15,000 से अधिक सलाहकारों एडवाइज़र्स को शामिल करने का लक्ष्य रखती है, जिससे इसकी पहुंच और सेवा क्षमताओं में वृद्धि होगी।इंडियाफर्स्ट लाइफ वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में कार्यरत है और अपने वित्तीय नियोजन केंद्रों FPCs के माध्यम से सेवाएँ प्रदान करता है। वर्तमान में, कंपनी की कुल एजेंसी कार्यबल का 13% उत्तर प्रदेश में कार्यरत है। इंडियाफर्स्ट लाइफ अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसरों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है, जहां सलाहकारों की संख्या 7,000 से अधिक और कर्मचारियों की संख्या 5 गुना तक बढ़ाने का लक्ष्य है।इस वित्तीय वर्ष में 4,500+ नए एडवाइज़र्स की भर्ती की, जिससे वितरण नेटवर्क में 11 गुना वृद्धि हुई।

शीर्ष 14 कंपनियों में H2 (दूसरी छमाही) में 244% की वृद्धि हासिल की, जिससे इंडियाफर्स्ट लाइफ देश की सबसे तेजी से बढ़ने वाली जीवन बीमा एजेंसी बनी।फरवरी 2025 में साल-दर-साल 595% वृद्धि दर्ज की aa FY25 में नए बिजनेस प्रीमियम में 72% YTD वृद्धि प्राप्त की, जिससे कंपनी शीर्ष 14 खिलाड़ियों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली LI एजेंसी बनी।

# शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा, निफ्टी 23600 के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली।** विदेशी पूंजी के ताजा आगमन के कारण हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 458.96 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 77,747.46 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 105.10 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 23,591.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 85.79 रुपये (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, जोमैटो, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयरों में सबसे अधिक बढ़त दिखी। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से आयातित कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एलान के बाद टाटा मोटर्स के शेयर 5.5 प्रतिशत तक टूट गए। सन फार्मा, कोटक महिन्द्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई। जानकारों के अनुसार, विदेशी फंडों के निरंतर प्रवाह और ब्लू-चिप शेयरों की खरीद के कारण घरेलू सूचकांकों में पूरे दिन सकारात्मक माहौल दिखा।

हालांकि, अमेरिकी टैरिफ के असर की आशंका से ऑटो शेयर प्रभावित हुए। फार्मा क्षेत्र के शेयरों पर भी बाजार में चिंता दिखी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ÷इन चुनौतियों के बावजूद, व्यापक बाजार ने लचीलापन प्रदर्शित किया है, जिसे वित्त वर्ष 26 में दोहरे अंकों की आय वृद्धि की उम्मीदों से समर्थन मिला है, जो मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट के रुझान से प्रेरित है।

## पीबीपार्टनर्स ने दर्ज की लखनऊ में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी



**लखनऊ।** भारत में समय के साथ जैसे-जैसे लोग वित्तीय मुद्दे को लेकर जागरूक हो रहे है, बीमा आर्थिक सुरक्षा का एक बहुत बड़ा साधन बन रहा है। लखनऊ जैसे कई शहरों में वित्तीय जागरूकता बढ़ने के कारण और साथ ही बीमा क्षेत्र में हो रहे बेहतर बदलावों के कारण ही लोग बीमा की मांग कर रहे हैं।इस बदलाव में पीबीपार्टनर्स ने काफी बड़ा किरदार अदा किया है, जो पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स का एक ब्रांड है। अपने पीओएसपी (पॉइंट ऑफ़ सेल्स पर्सन) मॉडल के जरिए यह खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में बीमा और वित्तीय योजना के प्रति लोगों में जागरूकता फैला रहा है। बीमा को और भी आसान और किफायती बनाकर, पीबीपार्टनर्स लोगों को सही वित्तीय निर्णय लेने में मदद कर रहा है और साथ ही क्षेत्र की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा रहा है।पीबीपार्टनर्स ने उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी है, साथ ही कई शहर इसके विस्तार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पीबीपार्टनर्स के को-फाउंडर, श्री ध्रुव सरिन ने कहा, लखनऊ के साथ-साथ हमारे लिए अहम केंद्र कानपुर, आगरा, मेरठ, अलीगढ़, सुल्तानपुर, फिरोजाबाद, इलाहाबाद और गौतम बुद्ध नगर आदि हैं। सिर्फ लखनऊ में ही पीबीपार्टनर्स ने 1,676 से ज्यादा एजेंट पार्टनर्स को जोड़ा है। यह उत्तर प्रदेश में हमारे लगभग 25,772 एजेंट पार्टनर्स के बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें 21,151 पुरुष एजेंट और 4,621 महिला एजेंट शामिल हैं। यह तेज़ी से हो रहा विस्तार हमारी वित्तीय समावेशन की प्रतिबद्धता और हमारे टेक-ड्रिवन पीओएसपी मॉडल के कारण संभव हुआ है, जो हमारे एजेंट पार्टनर्स को शहरी और ग्रामीण दोनों ग्राहकों के लिए उपयुक्त बीमा समाधान देने में सक्षम बनाता है। पीबीपार्टनर्स की उत्तर प्रदेश में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो बीमा एजेंट पार्टनर के रूप में काम कर रही हैं। श्री ध्रुव सरिन ने जोर देते हुए बताया कि, ÷उत्तर प्रदेश के बीमा क्षेत्र में महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं, लगभग 4,621 महिला एजेंट पार्टनर्स पीबीपार्टनर्स के विस्तार में अपना योगदान दे रही हैं।

## काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना पर इंडस्ट्री का पहला 'अश्योर्ड बायबैक ऑफर' पेश कर रचा नया मानक

**पुणे।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना के लिए एक खास अश्योर्ड बायबैक ऑफर की घोषणा की है। सीमित अवधि के इस ऑफर के जरिए कंपनी ने ग्राहकों की संतुष्टि और उनकी मानसिक शांति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूती दी है। इस विशेष पेशकश के तहत ऑफर अवधि में खरीदे गए सभी ई-लूना वाहनों पर कंपनी 36,000 की गारंटीशुदा बायबैक वैल्यू देगी। यह बायबैक लाभ तीन वर्षों के वाहन स्वामित्व के बाद लिया जा सकेगा और इसमें अनलिमिटेड किलोमीटर की शर्त शामिल है, जो कि उद्योग में पहली बार किसी कंपनी ने पेश की है। यह पहल न केवल काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की टिकाऊ गुणवत्ता पर कंपनी के विश्वास को दर्शाती है, बल्कि ग्राहकों के लिए ईवी अपनाने के निर्णय को भी अधिक आसान और लाभकारी बनाती है। साथ ही, यह सेकेंड हैंड वैल्यू की चिंता को भी दूर करती है। इस अवसर पर काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, काइनेटिक ग्रीन में हम शहरी परिवहन को टिकाऊ और किफायती समाधानों के जरिए नया आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ई-लूना एक गेम-चेंजर साबित हुआ है और अश्योर्ड बायबैक ऑफर के साथ हम इसे ग्राहकों के लिए और भी आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल ग्राहकों को सुनिश्चित मूल्य की गारंटी देती है और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती दुनिया में भरोसा भी बढ़ाती है। हम ग्राहकों से अपील करते हैं कि इस विशेष ऑफर का लाभ उठाएं और हरित क्रांति का हिस्सा बनें। यह बायबैक ऑफर काइनेटिक ग्रीन के देशभर के सभी अधिकृत डीलरशिप्स पर उपलब्ध है और इसका उद्देश्य ग्राहकों को एक सहज, भरोसेमंद और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव देना है।

## आईएमएफ समझौते के बाद पाकिस्तान के आम आदमी पर टैक्स का भार बढ़ने का खतरा, समझें पूरा मामला

**नई दिल्ली।** आईएमएफ के साथ जलवायु परिवर्तन से जुड़ा एक समझौता होने के बाद पाकिस्तान में आम आदमी के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जानकारों का मानना है कि समझौते के शर्तों के तहत देश के लोगों पर करों का दबाव बढ़ सकता है। उनका कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को और अधिक करों के लिए तैयार रहना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ पाकिस्तान ने 1.3 अरब डॉलर का नया समझौता किया है। इससे आम आदमी पर सरकार की ओर से कार्बन शुल्क लगाने की आशंक बढ़ गई है। बुधवार को आईएमएफ के साथ स्टाफ-स्तरीय समझौते (एसएलए) के तहत, ऋणदाता ने पाकिस्तान को पहले से स्वीकृत 7 बिलियन डॉलर के ऋण के तहत लगभग 1 बिलियन डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने पर भी सहमति व्यक्त की है। आईएमएफ ने एक बयान में कहा, ÷आईएमएफ की टीम विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 37 महीने की विस्तारित व्यवस्था की पहली समीक्षा और आईएमएफ की लचीलापन और स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत 28 महीने की नई व्यवस्था पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ एसएलए पर पहुंच गई है, जिसमें 28 महीनों में कुल 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पहुंच है।÷ नवीनतम आरएसएफ व्यवस्था के साथ, आईएमएफ ऋण की संयुक्त मात्रा लगभग 8.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाती है और आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन के साथ, देश को लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक तत्काल पहुंच प्राप्त होगी। इससे देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेगी। लेकिन डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, ऋणदाता की यह उदारता पहले से ही कर के बोझ से दबी जनता के लिए एक चुनौती होगी। इसका कारण बताते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने एक नया कार्बन शुल्क लागू करने, पानी की कीमतें बढ़ाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र को वैश्विक व्यापार के लिए खोलने पर सहमति दी है।

# सीखने पर केंद्रित खरीदारी से उत्तर प्रदेश में लगातार 3 वर्षों से अमेज़न इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी में दोहरे अंकों में वृद्धि

**लखनऊ।** अमेज़न इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। राज्य में सीखने पर केंद्रित खरीदारी प्रवृत्तियों के चलते लगातार 3 वर्षों से साल-दर-साल दोहरे अंकों की प्रभावशाली वृद्धि हो रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ उभरते शहरों में भी ग्राहक सीखने और मनोरंजन के उद्देश्य से किताबों में तेजी से निवेश कर रहे हैं।

अमेज़न इंडिया में किताबें और खिलौनों के निदेशक, राजर्षि गुइन ने कहा, हमें खुशी है कि उत्तर प्रदेश के ग्राहक Amazon.in पर किताबों और खिलौनों को बड़े उत्साह से अपना रहे हैं। यह धारणा गलत साबित हो रही है कि आज की डिजिटल पीढ़ी ने पढ़ाई और भौतिक खेलों से दूरी बना ली है। उत्तर प्रदेश में हमारी वृद्धि इसकी एक अलग कहानी बयां करती है। ग्राहक सोच-समझकर उन संसाधनों का चयन कर रहे हैं, जो लंबे समय तक मूल्य प्रदान करते हैं, चाहे वह परीक्षा




की तैयारी के लिए सामग्री हो, क्षेत्रीय भाषाओं के लोकप्रिय साहित्यिक शीर्षक हों या कौशल-विकास वाले खिलौने। खास बात यह है कि यह प्रवृत्ति अब पूरे उत्तर प्रदेश में फैल रही है, क्योंकि हमारे कई नए ग्राहक उभरते शहरों से भी जुड़ रहे हैं। इस भौगोलिक विस्तार को पूरे राज्य में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री और विकासात्मक खिलौनों की आसान उपलब्धता के माध्यम से संभव बनाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी के पाठकों और शिक्षार्थियों को बढ़ावा मिल रहा है।

**प्रेरणा बढ़ा रही है किताबों की वृद्धि**

उत्तर प्रदेश में शैक्षणिक और मनोरंजन दोनों क्षेत्रों में एक समृद्ध पाठन संस्कृति फल-फूल रही है। राज्य में हिंदी और उर्दू साहित्य की सबसे अधिक मांग है, जहां कविता संग्रहों को खास लोकप्रियता मिल रही है। जौन एलिया सबसे ज्यादा बिकने वाले उर्दू लेखक बनकर उभरे हैं, जबकि धर्मवीर भारती का उपन्यास गुनाहों का देवता हिंदी में सबसे अधिक बिकने वाला उपन्यास है। यह साहित्यिक विरासत शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ कदमताल कर रही है, क्योंकि बिकने वाली हर तीन में से एक किताब इंजीनियरिंग, सरकारी परीक्षाओं, मेडिकल या यूपीएससी की तैयारी के लिए होती है।

अब पारंपरिक शहरी केंद्रों से इतर पाठन का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। बरेली, मथुरा, मुज़फ़्फ़रनगर, आज़मगढ़ और जौनपुर जैसे उभरते शहर नए ग्राहकों की संख्या में 20% से अधिक की वृद्धि कर रहे हैं। लखनऊ इस बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जहां उच्च शिक्षा, फिक्शन और बच्चों की किताबों में मजबूत वृद्धि के साथ यह एक विविध पाठन केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

यह प्रवृत्ति अब खिलौनों तक भी पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश में बिकने वाले हर दो में से एक खिलौना या तो बिल्डिंग सेट, गेम, पहेली, आउटडोर एक्टिविटी खिलौना या एसटीईएम उत्पाद होता है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाज़ियाबाद और वाराणसी जैसे शीर्ष 5 शहरों में मजबूत मांग बनी हुई है, जहां दो अंकों की वृद्धि दर्ज की जा रही है। वहीं, मथुरा, मुज़फ़्फ़रनगर और बरेली जैसे 20 उभरते शहर अब यूपी की कुल खिलौना मांग में 40त्न का योगदान दे रहे हैं।

## लखनऊ के मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उत्तर प्रदेश में पहली बार एक बुज़ुर्ग़ मरीज़ पर न्यूनतम इनवेसिव डबल वाल्व-इन-वाल्व प्रक्रिया सफलतापूर्वक की

**लखनऊ।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, लखनऊ के डॉक्टरों ने उत्तर प्रदेश में पहली बार डबल वॉल्व-इन-वॉल्व प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह जटिल लेकिन न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया उन मरीजों के लिए जीवन बचाने का विकल्प है, जिनके हृदय वॉल्व गंभीर रूप से खराब हो चुके हैं और ओपेन हार्ट सर्जरी ख़तरनाक हो सकती है।




77 वर्षीय मरीज, जिनका क़रीब दस साल पहले डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट हुआ था, उनके दोनों वॉल्व समय के साथ खराब हो गई थीं। इस वजह से उन्हें हृदय गति रुकने, फेफड़ों में पानी भरने और हार्टबीट अनियमित होने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार अस्पताल में भर्ती होने की हालत को देखते हुए, डॉक्टरों ने पाया कि परंपरागत ओपेन हार्ट सर्जरी उनके लिए जोख़िम भरी हो सकती है, क्योंकि क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव लंग डिज़ीज़ और पहले की सर्जरी के कारण वे विभिन्न जटिलताओं का सामना कर रहे थे।

मैक्स अस्पताल, लखनऊ में कार्डियोलॉजी के चेयरमैन - डॉ. नकुल सिन्हा और उनकी टीम ने गहन परीक्षण के बाद डबल वॉल्व इन वॉल्व सर्जरी को सबसे सुरक्षित विकल्प बताया।

डॉ. नकुल सिन्हा के नेतृत्व में डॉ. अमित सोनी, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. अभिनव पांडे और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. समीर मिश्रा की टीम ने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कैथेटर के जरिए दोनों वॉल्व बदले गए, जिसमें एक एऑर्टिक वॉल्व में और दूसरा माइट्रल वॉल्व में लगाया गया। पुराने वॉल्व को विशेष बलून तकनीक से चौड़ा कर नए वॉल्व को स्थापित किया गया।

यह पूरी प्रक्रिया अत्यधिक सफल रही - कोई बड़ी जटिलता नहीं हुई, खून का बहाव नहीं हुआ, और हृदय में रक्त प्रवाह सामान्य रहा। खास बात यह रही कि मरीज को सर्जरी के 30 मिनट बाद वेंटिलेटर से हटा दिया गया और तीसरे दिन ही पूरी तरह स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डॉ. नकुल सिन्हा ने कहा, ÷यह उत्तर प्रदेश में हृदय रोगों के उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# लिवाइस पेश करते हैं लूज़ फिट्स

ब्राण्ड लिवाइस अपने नए कैंपेन ईजी इन लिवाइस' के साथ स्टाइल और संस्कृति की सीमाओं को पार करना जारी रखे हुए है। अपने ग्लोबल ब्राण्ड अम्बेसडर, म्युज़िक आइकन एवं फैशन ट्रेलब्लेज़र दिलजीत दोसांझ के साथ यह कैंपेन रिलेक्स एवं लूज़ फिट परिधानों को दर्शाता है जो आत्मविश्वास और आसानी से स्टाइल को सहज बना देते हैं। साझेदारी सिर्फ स्टाइल के बारे में ही नहीं है यह एक सांस्कृतिक पल है। आज के दौर में दिलजीत दोसांझ जैसे कुछ सितारे ट्रैंड्ज़ को नया आयाम दे रहे हैं। सोल्ड-आउट वर्ल्ड टूर से लेकर फिल्म एवं फैशन की तरफ़ दर्शकों को लुभाने तक, उनका प्रभाव सीमाओं से परे है। यह साझेदारी भारत में डेनिम हेरिटेज और आधुनिक स्टाइल के संयोजन के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डेनिम के ट्रेंड बदल रहे हैं, आज रिलेक्स और ढीले-ढाले परिधान सभी के लिए आकर्षण केन्द्र बन चुके हैं। ऐसे में यह कैंपेन ईजी इन लिवाइस' नए रिलेक्स एवं लूज़ फिट परिधानों की व्यापक रेंज लेकर आया है, जो पहनने वाले व्यक्ति को आराम के साथ अपनी अभिव्यक्ति में सक्षम बनाते हैं।सदाबहार स्ट्रेट-लैग फिट, 555 रिलेक्स्ड स्ट्रेट रोज़मर्रा के लिए परफेक्ट है, रोज़ाना में इस्तेमाल के लिए बेहद आरामदायक है।

90 से प्रेरित 568 लूज़ स्ट्रेट, स्ट्रेट लैग एवं रिलेक्स फिट में आती है और आसान एवं कूल वाइब्स देती है। इसी तरह 578 बैगी, इस रेंज का सबसे बोल्ड अवतार है, जो ओवरसाइज़ स्लाउची फिट और स्टैक्ड एंकल के साथ 90 के दशक के स्ट्रीटवियर से प्रेरित है। 'रिलेक्स एवं ढीले-ढाले परिधानों की बढ़ती मांग को देखते हुए हम यह कैंपेन लेकर आए हैं, इस कैंपेन में दर्शाए गए हमारे परिधान आराम और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन हैं।' अमीशा जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एसवीपी, साउथ एशिया, मध्यपूर्व एवं अफ्रीका, लेवी स्ट्रॉस एंड कंपनी ने कहा।

# श्वसन देखभाल में कमियां पूरी करना: ब्रीदफ्री यात्रा देशभर में स्क्रीनिंग और मरीजों की सहायता तक पहुंच मुहैया कराती है

लखनऊ। सिप्ला की ब्रीदफ्री पहल ने अस्थमा और सीओपीडी मरीजों के लिए स्क्रीनिंग, कौनसेलिंग और उपचार अनुपालन के क्षेत्रों में व्यापक सहायता संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्वसन स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रभावी उपचार समाधानों के प्रचार-प्रसार की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में, सिप्ला लिमिटेड की मरीज समर्थन पहल, ब्रीदफ्री, देशभर में अपनी प्रभावशाली यात्रा को ब्रीदफ्री यात्रा के साथ जारी रखे हुए है। अस्थमा और सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) जैसे पुराने श्वसन रोगों के लिए स्क्रीनिंग चैनलों तक पहुंच बेहतर करने के लक्ष्य के साथ, ब्रीदफ्री यात्रा ने 335 से अधिक शहरों (नगरों) में यात्रा की है, 6,600 से ज्यादा शिविर आयोजित किए हैं और देश भर में करीब 10 लाख मरीजों की सहायता की है।

breathe free
A Cipla INITIATIVE
www.breathefree.com

डॉ. रजनीश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ परामर्शदाता - पल्मोनरी मेडिसिन, लखनऊ ने कहा, ÷लाखों लोग रोजाना वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण, निर्माण के कारण उड़ने वाली धूल और कृषि कचरे को जलाने से उत्पन्न होने वाले हानिकारक कणों (पीएम 2.5 और पीएम10) के खतरनाक स्तर के संपर्क में आते हैं।

डॉ. सैफ उद्दीन चिश्ती, पल्मोनोलॉजिस्ट, लखनऊ ने कहा, जिन शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 से ऊपर है, वहां की हवा में सांस लेना दिन में 25-30 सिगरेट पीने के बराबर है। ये कारक श्वसन रोगों के बढ़ते बोझ में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, साथ ही अस्थमा और सीओपीडी की बार-बार होने वाली गंभीरता को भी ट्रिगर करते हैं।

भारत में बढ़ते गैर-संचारी रोगों के कारण स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है, जिसमें अस्थमा और सीओपीडी का योगदान प्रमुख है। हवा की गुणवत्ता खराब होने, औद्योगिक उत्सर्जन, धूम्रपान और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली जैसे कारणों ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।

गंभीर अस्थमा लक्षण वाले लगभग 70त्न लोगों को चिकित्सीय निदान नहीं मिलता है जबकि सीओपीडी के 95-98त्न मामलों का पता ही नहीं चलता हैं। इससे बेहतर जागरूकता, स्क्रीनिंग और समर्थन की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है।

# योगी सरकार के आठ साल में हर वर्ग को मिला लाभ: जेपी शाही

## भाजपा सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिल रहा है : अर्चना

अवधनामा संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि जेपी शाही

- सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के पर गुरुवार को तीसरे दिन मोतीचक ब्लॉक सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आठ वर्ष में हर वर्ग के लोगों को लाभ मिला है। श्री शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार किसानों के हितार्थ कार्य कर रही है। किसानों ने भूमि को अधिक उपजाऊ बनाने का काम किया है। सरकार ने किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान समय से कराया। कहा कि लाखों परिवारों को योगी सरकार में स्वच्छ रसोई ईंधन मिला और आर्थिक विकास को बढ़ावा। आयुष्मान योजना, पीएम किसान निधि, उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता को सीधे मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश से अब संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। पूरे दुनिया से लोग उत्तर प्रदेश में आकर व्यापार करना चाहते हैं। आठ वर्ष के कार्यकाल में सभी वर्गों के लोग खुशहाल है। सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर सरकार कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक टीए रामकृपाल ने किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, कुंवर आकाश सिंह, भाजपा नेता रामू राव, चंद्रपाल, मोहन पटेल, हरिओम शुक्ला, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, मोलई प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गो-तस्कर गिरफ्तार, एक को लगी गोली

अवधनामा ब्यूरो



मुठभेड़ में घायल तस्कर पुलिस गिरफ्त में

- रविंद्रनगरधूस के होरलापुर कसिया टोला कुटी बाग के समीप सुबह हुई भिड़ंत
- पिकअप से गोवंश लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे तस्कर

**कुशीनगर।** पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम से पिकअप सवार गो-तस्करों के बीच गुरुवार की सुबह रविंद्रनगरधूस के होरलापुर कसिया टोला कुटी बाग के समीप मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से एक तस्कर घायल हो गया, जिसकी पहचान कोतवाली पडरौना के गांव जंगल खिरकिया के शमसुल हक के रूप में रूप में हुई। वहीं दूसरे तस्कर जंगल खिरकिया के मुर्तुजा हुसैन को टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया। तस्करी में संलिप्त पिता-पुत्र के पास से तमंचा व कारतूस मिला है। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप से नौ गोवंश बरामद हुए।

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय सुबह गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि गोवंश की खेप लेकर तस्कर इस रास्ते की ओर से होते हुए तमकुही से बिहार निकलने की तैयारी में हैं। उच्चाधिकारियों को सूचना दे वह तत्काल होरलापुर की ओर निकल गए और घेराबंदी कर तस्करों की तलाश में जुट गए। इस बीच रविंद्रनगर थाने व साइबर सेल की पुलिस भी आ गई। तभी कुशीनगर जिले का नंबर की पिकअप आते देख टीम ने रुकने का इशारा किया।

पुलिस टीम को देख चालक तेज गति से पिकअप को आगे बढ़ाकर गाड़ी खड़ी कर तस्कर समेत फरार हो गए। टीम ने काबिंग कर मुतुर्जा हुसैन को पकड़ लिया। घटनास्थल से फरार दूसरे की तलाश में पुलिस टीम पीछा किया तो होरलापुर कसिया टोला कुटी बाग के समीप पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए खेत की तेजी से भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में शमसुल हक दाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। इसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस मिला। मौके से तीन खोखा भी बरामद हुआ।

पिकअप पर नौ गोवंश, धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा, रस्सी व दो मोबाइल आदि मिले। गोवंश को गोआश्रय स्थल भेज दिया गया। गो-तस्करों ने बताया कि आजमगढ़ से गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। एसपी ने बताया कि तस्करों का यह संगठित गिरोह है, जो पशुओं की तस्करी करता है और अर्जित अवैध को आपस में बांट लेते हैं। इनका आपराधिक इतिहास है। तस्कर गोवंश की खेप बिहार ले जा रहे थे। इनके विरुद्ध गोवध निवारण, पशु क्रूरता व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनगर धूस विनय कुमार सिंह टीम के साथ शामिल रहे।

# जिला कारागार देवरिया का जिला जज, डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश कुशीनगर सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना एवं तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों से संवाद कर साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, जेल मेन्यू के अनुसार भोजन, जमानत की स्थिति, सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने /ना होने की जानकारी भी ली गई। महिला बैरक में बच्चो को बिस्कुट भी वितरण किए गए। सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें नोट करने के निर्देश दिए। उच्चाधिकारी गणों द्वारा कैदियों के लिए चिकित्सकीय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से वार्ता कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर, चिकित्सक, फार्मासिस्ट सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कुशीनगर के डीपीओ पर महिला कर्मचारी ने छेड़खानी का लगाया आरोपी, जांच में हुई पुष्टि

शकील अहमद



डीपीओ शैलेन्द्र राय

- डीपीओ के चरित्र पर पहले भी लग चुके है दाग
- डीएम ने शासन को भेजी कार्रवाई की रिपोर्ट

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** कभी भ्रष्टाचार तो कभी महिला कार्यकत्रियों से छेड़खानी के आरोप में जनपद से लगायत शासन के गलियारों में चर्चा में रहने वाले जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय एक बार फिर अपने आदतन कारगुज़ारी को लेकर चर्चा में है। इनके ऊपर जोमैटो के एक महिला कर्मचारी के साथ छेड़खानी व यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद जिलाधिकारी ने डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए शासन को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। ऐसी चर्चा है कि शासन द्वारा कभी भी डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

बता दें कि जिला प्रशासन के सहयोग से फीडिंग इंडिया (जोमैटो) स्नेह शाला द्वारा तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में कुल बीस आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। 19 जुलाई - 2024 को तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के राजपुर का बगहा 3 बाबू टोला भरवलिया को पहले मॉडल व विकसित आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में शुभारंभ किया गया था। तमकुहीराज विधायक डॉक्टर असीम राय, तत्कालीन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर माडल व विकसित आंगनवाड़ी केन्द्र का उद्घाटन किया गया था। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल एवं अन्य उपहार देकर गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्रासन भी विधायक, डीएम एवं सीडीओ द्वारा कराया गया। कहना ना होगा कि विधानसभा क्षेत्र में बीस आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल व विकसित करने के लिए फीडिंग इंडिया (जोमैटो) स्नेह शाला की ओर से एक महिला कर्मचारी नियुक्ति किया गया था जो जिला कार्यक्रम अधिकारी के सुपरविजन में कार्य कर रही थी। जोमैटो कर्मचारी का आरोप है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय उसे कार्यालय व आवास पर बुलाकर उनके साथ छेड़खानी करते थे। महिलाकर्मी ने शैलेन्द्र कुमार राय पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपनी कम्पनी जोमैटो के शीर्ष अधिकारियों से शिकायत की थी। कम्पनी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 31 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

**डीएम ने टीम गठित कर मामले की कराई थी जांच-** फीडिंग इंडिया (जोमैटो) की शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित कर मामले की सत्यता की जांच कराई।

सूत्रो के मुताबिक जांच मे महिला की आरोपों की पुष्टि के बाद जांच टीम द्वारा प्रेषित किए गए रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दिया है।

**प्रभारी मंत्री के सामने भी उठा था मामला-** बीते दिन यूपी सरकार के आठ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जिले में आए प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह के सामने मीडिया ने डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के करतूत को प्रमुखता से उठाया था।

इस दौरान वहा मौजूद जिलाधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

### पूर्व में भी डीपीओ के चरित्र पर लग चुके है दाग

बताना जरुरी है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय पर पहली बार सितंबर 2022 में जनपद के खड्डा विकास खण्ड क्षेत्र की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाया था। उस महिला कार्यकत्री ने तत्कालीन जिलाधिकारी एस राजलिंगम को पत्र देकर न सिर्फ अपनी आप बीती सुनाई थी बल्कि डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी लिंगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खड्डा के उपजिलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय पर लगाए गए आरोप की जांच के क्रम में उपजिलाधिकारी खड्डा के सामने उपस्थित होकर अपना लिखित बयान भी दर्ज कराया जिसमे उसने अक्षर- अपने आरोप को दोहराया था। लेकिन जिला कार्यक्रम अधिकारी धन बल का प्रयोग कर अपने कारगुज़ारी का फाइल कूड़ेदान मे रखवा दिया। यही वजह है कि कोई सार्थक कार्रवाई न होने के कारण डीपीओ का हौसला बुलंद है।

# बसपा ने लागू कराई मंडल कमीशन की रिपोर्ट पिछड़ी जातियों को दिलाया आरक्षण का संवैधानिक हक : विश्व नाथ पाल

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी/भादर।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने गुरुवार को कस्तूरीपुर में सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में बसपा की विधानसभा, सेक्टर और बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ पाल समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उत्साह से शामिल हुए। कैडर बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने साइमन कमीशन के? आगमन, आरक्षण को लेकर बाबा डा अम्बेडकर के संघर्ष,देश की चुनाव प्रक्रिया और वर्तमान भारतीय राजनीति के विषय में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि 1984 में बहुजन समाज पार्टी का गठन हुआ। 1984 के पहले तक देश की ओ बी सी की 78 जातियों ने संसद और विधानसभाओं का मुंह तक नहीं देखा था, उन्हें वोट देने का अधिकार तो मिला था, परंतु वोट लेकर विधायक और सांसद बनने का मौका कांग्रेस और भाजपा ने कभी नहीं दिया। मान्यवर कांशीराम और बहन मायावती जी ने पिछड़ी जातियों में राजनीतिक चेतना जागृत कर उन्हें शासन प्रशासन और राजनीति में भागीदारी प्रदान की। बसपा ने पिछड़ी जातियों को आरक्षण का संवैधानिक हक दिलाने का काम किया है। 1990 मे वी पी सिंह की अल्पमत सरकार को सशर्त समर्थन देकर बसपा ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू कराई और संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान मिला। प्रदेश अध्यक्ष ने सपा और कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि कांग्रेस ने चालीस साल पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखने का काम किया।

# उत्कर्ष के आठ वर्ष मनाएगा किसान मोर्चा : पवन मिश्र

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो के लिये भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की तैयारी बैठक औरा-चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने सफलतम आठ वर्ष पूरे किए, इन आठ वर्षों में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर भाजपा किसान मोर्चा उत्सव के 8 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसके अंतर्गत 28 से 30 मार्च तक गांव चलो अभियान, 01 से 03 अप्रैल तक किसान कल्याणकारी योजनाओं के लिए उत्तरप्रदेश सरकार को धन्यवाद पत्र कार्यक्रम, 06 अप्रैल को सभी बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम, 07 से 09 अप्रैल घर-घर सम्पर्क अभियान, 10 से 12 अप्रैल प्रगतिशील कृषकों का सम्मान और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती सभी बूथों पर मनाई जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिये किसान मोर्चा पदाधिकारियो को जिम्मेदारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान यादव, मुकेश राय, अरुण मिश्र, सुमन्त चतूर्वेदी, मिथिला यादव, गौतम सिंह, बलवन्त सिंह, गुड्डू यादव, प्रमोद पाण्डेय, ओम प्रकाश चौरसिया, सुनील चतुर्वेदी, सुशील सिंह, विजय कुशवाहा, सुब्रत सिंह उपस्थित रहे।

# सरकार की उपलब्धियों के गुणगान के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय विकास उत्सव



अवधनामा संवाददाता

- चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर ने लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरा होने पर तीन दिवसीय विकास उत्सव और मेले का समापन गुरुवार को हुआ। तीसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए। तीसरे दिन सभी तहसील मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिल और पेंशन प्रमाण पत्र भी दिए गए।

तीन दिवसीय विकास उत्सव में पहले दिन सरकार की ओर से जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा, दूसरे दिन एम एल सी और पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह और तीसरे दिन राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक राकेश प्रताप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल भी मौजूद रहे। राज्य मंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और रोजगार को लेकर समर्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत वापस हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार का बजट आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में दो गुनी वृद्धि हुई है। जिला पंचायत सदस्य राजेश अग्रहरि ने कहा कि आठ वर्षों में सरकार ने आधी आबादी का सशक्तिकरण किया है।आज कोई भी महिला बेरोजगार नहीं है। अमेठी जिले में 31475 महिलाएं लखपति दीदी बनी है। विकास उत्सव के द्वितीय सत्र की थीम सामाजिक कल्याण एवं लाभ वितरण के समापन सत्र में पहुंचे गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह जी ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया, वहीं उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। विधायक गौरीगंज ने 15 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, दो दिव्यांगों को कान की मशीन, एक को छड़ी तथा एक दिव्यांग को एम0आर0 किट व पेंशन प्रमाण पत्र वितरित किया।

### निर्माणाधीन डायट भवन में हुआ उत्सव

**अमेठी।** तहसील मुख्यालय पर निर्माणाधीन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के भवन में विकास उत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं अन्य सभी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और प्रमाण पत्र प्रदान किए।एस डी एम आशीष सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार,रतन सिंह, शिवपूजन भारती, वरिष्ठ लेखाकार अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# राणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर फूंका सपा सासंद का पुतला

**लालगंज, रायबरेली।** क्षत्रियवीर राणा सांगा के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज क्षत्रिय समाज ने सपा सासंद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका। किसान नेता रमेश सिंह, राजेश फौजी, कैप्टन रवींद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में लालगंज नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित तेजगांव काम्प्लेक्स से जुलूस निकाला और यह जुलूस करूणा मार्केट चौराहे पर एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रथम सपा सांसद के पुतले को तलवार से काटकर आग लगा दी और समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, सासंद सुमन मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाये। प्रदर्शनकारियों में किसान नेता रमेशसिह का कहना था कि वह क्षत्रिय समाज के वीर पूर्वज राणां सांगा के खिलाफ सासंद ने अभद्र टिप्पणी कर समूचे क्षत्रिय समाज को गाली दी है। उनकी इस अभद्र टिप्पणी का आने वाले राजनैतिक माहौल में क्षत्रिय समाज बदला लेगा। सैनिक प्रकोश्ठ के नेता राजेश सिंह फौजी ने कहा कि समाजवादी पार्टी में क्षत्रिय समाज का काफी समय से अपमान हो रहा है।

# डिजिटल अरेस्ट व क्रेडिट कार्ड का डिटेल पूछ साईबर अपराधियों ने पार किये 1 लाख 20 हजार

अवधनामा संवाददाता



**लालगंज,रायबरेली।** साईबर अपराधियों ने एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर उसके खाते से 74000 हजार रूपये पार कर दिये वही दूसरे युवक से क्रेडिट कार्ड का डिटेल पूछकर उसके खाते से 45000 हजार रूपये पार कर दिये। पीड़ितो ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के बंसतपुर कठोईया गांव निवासी विमलेश कुमार पुत्र रामविलास लोधी ने बताया कि एक अज्ञात नम्बर से उसके पास फोन आया जिसमें मोबाईल में अश्लील कन्टेट देखे जाने के चलते उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने की बात कही गई। अपराधियों की धमकी से वह भयभीत हो गया और उसे अपनी गिरफ्तारी का डर सताने लगा। जिसके बाद मामले को समाप्त करने के लिये उसने भेजे गये स्कैनर पर 20000 रूपये भेज दिये। इसी के साथ उसके खाते से पैसा निकलना शुरू हो गया और देखते ही देखते उसके खाते से फटाफट 74000 रूपये निकल गये। जिसके बाद विमलेश को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ। वही दूसरा मामला धन्नीपुर गांव निवासी उपेंद्र भदौरिया पुत्र बच्चू सिंह के साथ हुआ है। उन्होने बताया कि उनका बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में है। कथित बैंक कर्मचारी ने उनका क्रेडिट कार्ड बंद होने की बात कहते हुए उनसे कुछ जानकारी हासिल की। जिसके कुछ देर बाद ही उनके खाते से 45000 से अधिक की फ्लिपकार्ट में खरीददारी किये जाने का मैसेज आ गया। जबकि उन्होने कोई भी सामान की खरीददारी नही की। जिसके बाद उन्हे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। दोनो ही पीड़ितो ने मामले की सूचना साईबर सेल के साथ कोतवाली पुलिस को देते हुए पैसे वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामलो की जांच के लिये साईबर सेल की मदद ली जा रही है।

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव ने किया जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0 न्यायालय से हो चुकी है तथा वो जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है के सम्बध में पूछताछ की गई। तथा उनकों विधिक जानकारियॉ दी गयी। उन्होने कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता हैं। यदि किसी बंदी को अपने मामलें में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता हैं। सचिव द्वारा कारागार में निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन, उनके साथ रह रहें बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान सचिव द्वारा कारागार में निरूद्ध बन्दियों के समस्याओं को सुना गया तथा कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक, जेल कारापाल, उप कारापाल, एवं बन्दी रक्षक, इत्यादि उपस्थित रहें।

# राष्ट्र सेविका समिति ने नगर में निकाला पथ संचलन

- आत्मरक्षा हेतु दंड, यष्टि, समता, आचार्य पद्धति, योगचाप का लिया प्रशिक्षण
- पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने किया स्वागत





अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मातृ शाखा राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर नगरवासियों ने स्वागत किया। पथ संचलन में शामिल होने के लिए राष्ट्र सेविका समिति का एकत्रीकरण सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में हुआ। एकत्रीकरण स्थल सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में प्रार्थना उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गो इंदिरा स्टेडियम , गुरु नानक चौक, छोटी बाजार, घंटाघर, पीपल तिराहा, डीएम तिराहा, पानी टंकी होते हुए पुनः सावित्री वाटिका मैरिज लाइन में पहुंचा। यहां भारत माता की आरती के पश्चात पथ संचलन का समापन हुआ। पथ संचलन में देश भावना की प्रेरणा से ओत प्रोत श्वेत वस्त्र में गुलाबी किनारे वाले परिधान में महिलाएं भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जयघोष गुंजायमान कर रही थीं। राष्ट्र रक्षार्थ निकली महिलाओं की टोलियों का पथ संचलन राष्ट्र प्रेम की गवाही दे रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सीमा सुरक्षा को कदमताल कर रही हों। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण शिविर विगत 21 मार्च से शकुंतला मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चिलवरिया में चल रहा है। इस शिविर का विराम 27 मार्च को होगा। प्रशिक्षण के क्रम में ही 26 मार्च को पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्र सेविका समिति ने व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा के लिए शिक्षिकाओं द्वारा दंड, यष्टि, समता, आचार्य पद्धति, योगचाप आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बौद्धिक विकास हेतु भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 105 शिक्षार्थी बहनों ने प्रतिभाग किया, जिनके प्रशिक्षण एवं व्यवस्था हेतु 18 बहने पूरे समय व्यवस्था में लगी है। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य शिक्षिका अलका के मार्गदर्शन में सागरिका प्रज्ञा लक्ष्मी राजकुमारी यष्यशवी तेजल अनन्य नीलम प्रेरणा साधना ने उपस्थित महिलाओं को प्रशिक्षित किया जबकि मंजू, साधना, वंदना, चंद्र प्रभा, रेखा, रीना ने व्यवस्थाओं में भाग लिया।इसकी जानकारी विपिन जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच अवध प्रांत ने दी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः 1436 जोड़ों की शादी सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद आजमगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अनुसूचित जाति, सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु शासन निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देश जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या सी - 4221 18.मार्च के क्रम में 25 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन साबित्री बाई फूले राजकीय पालिटेक्निक, आजमगढ़ में विकास खण्ड अहरौला के 08, अतरौलिया दृ 05, कोयलसा - 03, अजमतगढ़ - 04, सठियांव - 09, तरवां- 12, लालगंज - 11, पल्हना - 03, तहबरपुर - 06, जहानागंज - 03 पल्हनी - 06, मार्टिनगंज - 5, ठेकमा - 05, बिलरियागंज - 15, हरैया - 14, महराजगंज -21, मेंहनगर - 05, मोहम्मदपुर - 7, मिर्जापुर - 13, पवई - 21 एवं फूलपुर - 14 कुल - 190 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया गया। अब तक जनपद में कुल - 1436 जोड़ो का शादी सम्पन्न कराया गया। . मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ और कार्यक्रम में सम्मिलित जोड़ो की शादी बौद्ध धर्म से करायी गयी। जोड़ो को बैठने, नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था समुचित ढंग से करायी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि मा0 विनोद राजभर, जिलाध्यक्ष, लालगंज भा0ज0पा0, मा0 बन्दना सिंह पूर्व विधायक सगड़ी, मा0 अरविन्द जायसवाल जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी मुबारकपुर, श्री अभिषेक सिंह सोनू अनुराग सन्नू, सुनील तिवारी, सुबाष निषाद मण्डल अध्यक्ष अतरौलिया, आशिष तिवारी भा0ज0पा0 मोती लाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ एवं अन्य कर्मचारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की दशा एवं जेल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, जेल परिसर की स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाएं, भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को कैदियों के अधिकारों एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जेल अधीक्षक, जेलर एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाना था, जिससे कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## पुलिस डिजिटल अरेस्ट नहीं करती

**फ़िरोज़ाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन' की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम व थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक करने और डिजिटली सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें निरीक्षक साइबर क्राइम राजेश सिंह एवं कांस्टेबल हेमेन्द्र द्वारा छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## मां के सामने बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार रात जिस युवती के सिर पर पड़ोसियों ने लोहे की रॉड से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया, उसके साथ अब सामूहिक दुष्कर्म की बात सामने आ रही है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी चीखती चिल्लाती रही, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक भी न सुनी और उनकी आंखों के सामने बेटी को घसीटकर दूसरे कमरे में ले जाकर मारपीट कर सामूहिक दुष्कर्म किया और बेहोश होने पर छोड़कर भाग गए। पीड़िता की मां ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उनका बेटा पड़ोसी की बहन को लेकर भाग गया था। उन लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चला। इसी बारे में पूछताछ के बहाने मंगलवार की रात आरोपी मनोज ने अपने घर के बच्चे को तीन बार भेजकर उन्हें बुला लिया। इसके बाद रात करीब आठ बजे वह और उनकी 22 वर्षीय बेटी विपक्षियों के घर पहुंचीं। आरोप है कि कमरे के अंदर जाते ही विपक्षियों ने तुरंत दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

# कार्यक्रम के अन्तिम दिन लाभान्वित हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी

- छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रदेश विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य गणमान्य संभ्रान्तजन तथा अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर तीसरे दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जयपुरिया स्कूल, रंजीत सिंह स्कूल, परिषदीय विद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना, स्वागतगीत, कतरी, रामकृष्ण नृत्य, देशभक्तिगीत तथा सांस्कृतिक विभाग की ओर से ललित मिश्रा व शिवराम एण्ड पार्टी द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रक के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रोबेशन, उद्योग व अन्य विभागों के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़न और मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन को आत्मसात करते हुए वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारम्भ किया था, वह आज 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के रूप में पूरे देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। श्री त्रिपाठी ने कानून व्यवस्था का ज़िक्र करते हुए कहा कि कहा कि एन.सी.आर.बी. के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2016 की तुलना में अपराधों में प्रतिवर्ष उल्लेखनीय कमी आयी है जैसे-डकैती में 84.41 प्रतिशत, लूट में 77.43 प्रतिशत, हत्या में 41.01 प्रतिशत, बलवा की घटनाओं में 66.40 प्रतिशत, फिरौती के लिये अपहरण की घटनाओं में 54.72 प्रतिशत, दहेज हत्या में 17.08 प्रतिशत एवं बलात्कार की घटनाओं में 26.15 प्रतिशत की कमी आयी है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की बात की जाय तो पिछले 70 वर्षों में जहां कुल मिलाकर 1,28,494 मजरों तक बिजली पहुंचाई जा सकी थी, वहीं दिसंबर 2023 तक 2,49,818 मजरों तक बिजली आपूर्ति की शत-प्रतिशत मलरों को संतृप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012-17 के बीच 8.44 लाख कनेक्शनों के मुकाबले बीते 08 वर्षों में 165 लाख नए घरों में बिजली की रोशनी आई है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जहां पहले उत्तर प्रदेश में बिजली आना खबर बनती थी, वहीं आज बिजली जाना अखबार में छपता है। आज ग्रामीण 20.35 घंटे, तहसील- 22.36 घंटे, जनपद पर 24.00 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। श्री त्रिपाठी ने कहा नगरीय निकायों की बात की जाय तो 2017 तक कुल 14 नगर निगमों के सापेक्ष आज 17 नगर निगम गठित हैं, बीते 08 वर्षों में 125 नय नगरीय निकायों का गठन किया गया है।



जनपद बहराइच की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए श्री त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत रू. 229490.40 लाख की धनराशि व्यय कर 191242, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी रू. 32540.00 लाख व्यय कर 13016 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत रू. 7360.80 लाख की धनराशि व्यय कर 6134,गरीबों के सर पर पक्की छत का प्रबन्ध किया गया है। श्री त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षण का साक्षी बनना बनना हम सभी के लिए गौरव की बात है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-28-2024-25 |
| कार्य का नाम | "कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ अमर राजा मेक आई0पी0एस0 (69 नंबर्स) ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थर्न रेलवे फॉर 36 (छत्तीस) मंथ्स" |
| अनुमानित लागत | रु 2,94,24,991.53 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु 297100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.04.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–सिग–टेन्डर–28/2024–25 दिनांक: 26.03.2025

947/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 प्रवीण कुमार को स्मृति चिन्ह सौंपा



**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोषित दो दिवसीय एवं 'रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फ्रेमिंग विकसित भारत, स्मार्ट एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेज, डिजिटल एजुकेशन एंड एंप्लॉयमेंट जेनरेशन' नामक विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के सफल आयोजन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार को स्मृति चिन्ह देते हुए आयोजन सचिव डॉ एमपी सिंह, संयोजक डॉ अजय करण चौधरी, सहसंयोजक डॉ टी एच नकवी एवं डॉ सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## आशू यादव बने भा.कि.यू. स्वराज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे के निर्देश पर नपेंद्र कुमार उर्फ आशू यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अभिषेक शर्मा को प्रदेश महासचिव एवं रमेश चंद्र को जिला उपाध्यक्ष फिरोजाबाद के पद पर मनोनीत किया इस मौके पर फ़िरोज़ाबाद जिले के कार्यकर्ताओ मे हर्ष की लहर तथा कार्यकर्ताओ ने मिठाई वितरण की।

## हिरन गांव चौकी के जलोपुरा रोड पर मिला अज्ञात शव

**टूंडला।** थाना टूंडला के अंतर्गत चौकी हिरन गांव क्षेत्र में जलोपुरा रोड पर एक अज्ञात खून से लथपथ शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गुरुवार को चौकी हिरन गांव क्षेत्र में जलोपुरा रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति शव पड़ा हुआ मिला। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी व क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारी एवं फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची जहां फॉरेंसिक टीम ने जांच हेतु नमूने इकट्ठे किए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। इस घटना से ग्रामीणों में सनसनी फेल गई।

## मुनिसुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर पचोखरा में मनाई जाएगी शनि अमावस्या



**टूंडला।** श्री मुनिसुब्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र पचोखरा में शनि अमावस्या महोत्सव 29 मार्च को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जैन समाज के डा. विजय चन्द्र जैन ने बताया कि शनिवार को स्थविर संत श्री 108 सुरत्न सागराचार्य महाराज के पावन सानिध्य में भगवान का महामस्तकाभिषेक व शनि अमावस्या महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा तथा बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर पुण्य का लाभ प्राप्त करें। साथ ही बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए भोजन व रुकने की व्यवस्था जैन मंदिर कमेटी द्वारा कराई गई है। इस मौके पर डा. विजय चन्द्र जैन, राजा बाबू जैन, मंत्री विजय चन्द्र जैन, सौनू जैन, मौकी जैन, टीटू जैन, अंजुल जैन आदि मौजूद रहे।

## आजमगढ़ के फूलपुर थाने में लावारिश 50 वाहनों की हुई निलामी

**फूलपुर,आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपदहेमराज मीना महोदय द्वारा चलाये गये अभियान आपरेशन क्लीन थाने पर खड़ी लावारिश वाहनो का नियमानुसार नालामी के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आजमगढ़ के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी फूलपुर के कुशल पर्वेक्षण मे थाने पर खड़ी कुल 50 लावारिश वाहन जो जीर्ण क्षीर्ण अवस्था मे थाने पर खड़ी थी जिसका नियमानुसार सम्भागीय परिवहन अधिकारी आजमगढ़ से मूल्यांकन की कार्यवाही कराकर आज नायब तहसीलदार फूलपुर की उपस्थिति मे थानाध्यक्ष फूलपुर द्वारा नियमानुसार वाहनो की नीलामी करायी गयी जिसमे कुल 13 व्यापारी प्रतिभाग किये तथा कुल 50 वाहनो सम्भागीय परिवहन आजमगढ के द्वारा न्युनतम मूल्य 244000ध00 रुपया (दो लाख चौवालिस हजार रुपया मात्र) निर्धारित किया गया था। सभी 50 वाहनो के 13 ब्यापारियो के द्वारा निलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग लिया गया तथा अधिकतम बोली 4,01,000-रुपये (चार लाख एक हजार रुपये मात्र) में निलामी प्रक्रिया पूर्ण हुआ। जो निर्धारित मूल्य धन से 1,57,000- रूपये की अधिकतम बोली मे नीलाम किया गया।

# त्रिदिवसीय कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा-सम्मान पर की गयी चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन पर आधारित रहा, इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई हुई महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभवों को उपस्थित बच्चियों एवं महिलाओं के समक्ष साझा किया, पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा विषय पर विस्तारित चर्चा की गई, क्षेत्राधिकारी चंचल त्यागी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की सुरक्षा की बात की तथा उन्होंने अपने जीवन के उन वृतांतों को सुनाया, जहां उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ा और इन चुनौतियों से पार पाकर उन्होंने अपने को समाज के समक्ष साबित किया, इस दौरान महिला ग्राम प्रधानों ने भी अपनी सफलता की कहानी को उपस्थित छात्राओं को सुनाया, खासकर महिला प्रधान निहारिका ने विस्तार से अपने ग्राम प्रधान बनने की कहानी और उसकी चुनौतियों का वर्णन किया, उन्होंने कहा कि मैं एक महिला के रूप में समाज के उन महिलाओं के लिए सदैव खड़ी रहूंगी, जो आगे बढ़कर कुछ करना चाहती हैं, इस दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों को हारमोनियम, ढोलक, और मंजीरा भी प्रधान द्वारा दिया गया, उपस्थित महिला ग्राम प्रधानों में रामगढ़ उमरगढ़ से आई हुई रेखा देवी उरावर हस्तर्फसे विनीता देवी प्रमुख रही। इस दौरान आई हुई छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को में एफ0एच0 मेडिकल कॉलेज आईटीआई आनंदपुर जारखी, आर्यल सुमन पॉलिटेक्निक, इंदु-ओम डिग्री कॉलेज से आई 254 छात्राओं को टैबलेट का वितरण भी किया गया, साथ ही साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा बहुओं को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया, इस दौरान महिलाओं शिक्षिकाओं, महिलाओं अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी उपलब्धियों के मद्देनजर सम्मानित किया, उन्होंने बारी-बारी से अपने अनुभवों को साझा किया, इस दौरान उपस्थित लाभार्थियों को उपकरण व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है, खासकर यहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने इस बात को अत्यंत विस्तार से बताया कि सरकार की मदद से हम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज आर्थिक रूप से सबल हो सकी है, छात्राऐं उपस्थित रहीं, इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी पीसी राम, जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश चरण गौतम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार आदि भी उपस्थित रहें।



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**विषय:** निविदा संख्या 250-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-अयोध्या/लखनऊ दिनाँक 26.03.2025 का प्रथम शुद्धिपत्र। **संदर्भ** : दिनाँक 27.03.2025 को प्रकाशित आर ओ नं. 936/25

निविदा संख्या 250–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–अयोध्या/लखनऊ दिनाँक 26.03.2025 जो दिनाँक 23.04.2025 को खुलनी है जिसमे निम्न संशोधन किया जाता है

| पहले | अब |
|---|---|
| उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–प्रथम/लखनऊ | उप–मुख्य अभियंता/नि. अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ |

निविदा में अन्य विवरण यथावत रहेंगे।

**संख्या 250-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि. अयोध्या/लखनऊ, दिनांक 27.03.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 951/25

**कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेंटुआ जनपद-अमेठी**

पत्रांक- कार्या0/नीलामी/2025/251 दिनांक- 27-03-2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित पेड़ों की नीलामी, दिनांक-2 अप्रैल 2025 को की जाएगी। सबसे अधिक बोली लगाने वाले के पक्ष में ही नीलामी की जाएगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार 28 मार्च 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय प्रतिभूति धनराशि दो हजार रुपए नकद या चेक से जमा करनी होगी। नीलामी निरस्त होने की स्थिति में प्रतिभूति धनराशि वापस नहीं की जाएगी। पेड़ो की संख्या - 12 (बारह)

**डा. अभिमन्यु वर्मा**
**अधीक्षक**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेंटुआ**

# भारत सनातन के दम पर विश्व गुरु थाः पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** यू.पी.-भारत का ग्रोथ इंजन सेवा, सुशासन एवं सुरक्षा नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकास उत्सव के अंतिम दिन पुलिस विभाग से सम्बन्धित कानून व्यवस्था, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, जिला बेसिक शिक्षा से सम्बन्धित योजनाओं एवं उद्योग विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज उ.प्र. देश का गौरव ही नहीं बल्कि तमाम योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय निर्माण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, गन्ना, चीनी, खाद्यान्न, दूध, शीरा, आलू उत्पादन, महिला अपराधों में सजा दिलाने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, ई-मार्केट, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन आदि योजनाओं में उ.प्र. देश में नंबर-01 स्थान पर है। उन्होने कहा कि 08 साल की विकास यात्रा में बिना किसी भेद-भाव के जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाकर उन्हें विकास की मुख्य धारा में शामिल करने का कार्य किया, उ.प्र. की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ, कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर आज प्रदेश से गुण्डई, अराजकता, जमीनों पर कब्जा, चौथ वसूली जैसे अपराधिक कृत्यों को जड़ से समाप्त करने का कार्य किया, आज प्रदेश की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है। संस्कृति मंत्री ने कहा कि बड़े-बड़े माफिया या तो जेल में हैं या प्रदेश के बाहर या फिर ऊपर पहुंच चुके हैं, बुल्डोजर बाबा के नाम से मशहूर मुख्यमंत्री ने अपराधियों, माफियाओं के बीच भय व्याप्त करने का कार्य किया, महिलाओं का अपमान करने वालों को कठोरतम सजा का प्राविधान किया।

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

पत्रांक : 635/न0पं0गो0/ वर्ष-2024-25 दिनांक : 27.03.2025

नगर पंचायत गोशाईगंज में नामान्तरण के लिये निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | भवन संख्या एवं वर्ष | पूर्व में दर्ज भूमि/भवन स्वामी का खारिज होने वाला नाम | दर्ज होने वाला नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | मोहल्ला कटरा | | |
| 1 | भवन सं0 1008-2024 | श्रीमती प्रभावती पत्नी श्री चक्रधारी | श्रीमती प्रभावती पत्नी श्री चक्रधारी | नक्सा स्वीकृत |
| 2 | भवन सं0 824-2024 | श्री राज कुमार, शिव कुमार, ध्रुप कुमार, श्रवण कुमार, बब्लू कुमार, विनोद कुमार पुत्रगण स्व0 मिश्री लाल | श्री राज कुमार पुत्र स्व0 मिश्री लाल | म0 न्यायालय लघुवाद |
| 3 | भवन सं0196-1/2-2016 | श्री मुश्ताक पुत्र झगरू | श्री मुनीर हसन | वसीयत |
| 4 | भवन सं0196-1/2-2016 | श्री मुश्ताक पुत्र झगरू | श्रीमती सुल्ताना बेगम पत्नी मेहदी हसन | वसीयत |
| | | गोशाईगंज | | |
| 5 | भवन सं0 391-2024 | श्री रम प्रसाद पुत्र त्रिलोकी 1/4 भाग उत्तर तरफ | श्रीमती रातरानी पत्नी स्व0 लक्ष्मण प्रसाद | वरासत |
| | | मोहल्ला तेलियागढ | | |
| 6 | भवन सं0 115-2024 | श्री राम सिंगार पुत्र राधेश्याम | श्री संदीप कुमार, सूरज कुमार पुत्रगण मेवालाल | हिबानामा |
| 7 | भवन सं0 263-2024 | श्री राम सिंगार पुत्र राधेश्याम | श्री संदीप कुमार, सूरज कुमार पुत्रगण मेवालाल | हिबानामा |


**लिपिक**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

# एमनीव ग्रुप व माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के वार्षिकोत्सव "SAVRAYA-2025" 31 मार्च को

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** एमनीव ग्रुप व माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के वार्षिकोत्सव "SAVRAYA-2025"31 मार्च को, न्यायमूर्ति रविन्द्र यादव होंगे मुख्य अतिथि, कोरियोग्राफर मुदस्सर खान विशेष अतिथि। एमनीव ग्रुप व माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आगामी 31 मार्च 2025 को भव्य वार्षिकोत्सव सवराया 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर न्यायमूर्ति रविन्द्र यादव पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मुख्य अतिथि के रूप में, और बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर मुदस्सर खान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और वे इस अवसर को यादगार बनाने के लिए ज़ोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, जिसमें नृत्य, नाटक और संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण होंगी। विशेष रूप से, एक अनोखा और मंत्रमुग्ध कर देने वाला सैंड आर्ट एक्ट भी प्रस्तुत किया जाएगा जिसे प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट वेणुगोपाल द्वारा मंचित किया जाएगा। विद्यालय के विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के लिए



प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रुपसा भट्टाचार्य विशेष प्रशिक्षण दे रही हैं। रुपसा भट्टाचार्य, जो अपनी बेहतरीन नृत्यकला एवं प्रशिक्षण कौशल के लिए जानी जाती हैं, विद्यार्थियों को शानदार प्रस्तुति के लिए तैयार कर रही हैं। छात्र-छात्राएँ पूरे जोश, समर्पण और मेहनत के साथ अभ्यास में जुटे हुए हैं ताकि वे कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। एमनीव ग्रुप के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव इतने व्यापक और भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए यह अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। मुदस्सर खान जैसी प्रतिष्ठित हस्ती और न्यायमूर्ति रविन्द्र यादव जैसे गरिमामयी व्यक्तित्व की उपस्थिति विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। हमारा उद्देश्य शिक्षा के साथ कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देना है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं, एमनीव ग्रुप के वाइस चेयरमैन, विकास यादव ने कहा, माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, इटावा सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता रहा है। इस वार्षिकोत्सव के माध्यम से हमारी कोशिश रहेगी कि छात्रों को एक ऐसा मंच उपलब्ध हो, जहाँ वे अपनी प्रतिभा निखार सकें और अपनी मेहनत का उत्कृष्ट परिणाम प्रदर्शित कर सकें। रुपसा भट्टाचार्य, वेणुगोपाल और मुदस्सर खान जैसे विशेषज्ञों की उपस्थिति विद्यार्थियों को कला के विभिन्न आयामों में नई दिशा प्रदान करेगी। विद्यालय के प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने कहा, छात्रों के समर्पण और उत्साह को देखकर हमें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। वे अपनी प्रस्तुतियों को आकर्षक बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से हम न केवल उनकी कला को मंच प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी विकसित कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि 31 मार्च का दिन हमारे विद्यालय के इतिहास में एक यादगार दिन के रूप में दर्ज होगा।

## विकास खण्ड के 241 तालाबों में अधिकांश सूखे

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ब्लाक के सूखे पड़े तालाबों को भरवाने की कवायद प्रशासन ने शुरू करा दी है। विदोखर मेंदनी के भगवन तालाब को नहर के माध्यम से भरा जा रहा है। अन्य तालाबों को भरवाने के लिए प्रशासन संसाधनों की रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है। ब्लाक में 241 तालाब में ज्यादातर तालाब में धूल उड़ रही है। सबसे बुरा हाल अमृत सरोवरों का है। ब्लाक में 28 से अधिक अमृत सरोवर बनाए गए हैं। दर्जनों तालाबों को अटल भूजल योजना के तहत बनाया गया है। सभी से पानी नदारत है। गर्मी का आगाज होते ही पशु पक्षी प्यास से बेहाल होने लगे हैं। पारा अभी से 40 डिग्री के इर्द गिर्द घूमने लगा है। लू के थपेड़े चलने से लोग दोपहर में निकलने से बचने लगे हैं। गर्मी के मद्देनजर रखकर प्रशासन ने तालाबों को भरवाने की कवायद शुरू की है। विदोखर मेंदनी का भगवन तालाब अटल भूजल योजना से बनकर तैयार हुआ है। इसको बुधवार शाम से नहर से पानी लाकर भरने की कोशिश की जा रही है। अन्य तालाबों को भरने के क्या संसाधन है। इसकी सूची तैयार कराई जा रही है। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने बताया कि तालाबों की रिपोर्ट ग्राम पंचायतवार की जा रही है जल्द ही सूखे तालाबो को भरवाने की प्रक्रिया शुरू कराएंगे।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.श्याम पाल सिंह, प्राचार्य, महिला महाविद्यालय एवं डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, प्राचार्य, हैंवरा डिग्री कॉलेज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश

**मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित**

चंद्र यादव (डीसी सीबीएसई, इटावा) ने सभी मेधावी छात्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं विद्यालय के अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी तथा छात्रों को सतत प्रयासों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और सभी छात्रों को भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए गए। कुल 144 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में प्रमुख रहे:आर्यन, आयुष, समृद्धि आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### एम एल सी से इटावा में ओ पी एस बहाली संबंधी आवश्यक बैठक हुई



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** वि. बी. टी. सी. 2004 संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल की एम एल सी मानवेंद्र सिंह से इटावा में OPS बहाली संबंधी आवश्यक बैठक हुई। जिस पर एम एल सी को 28 जून 2024 वाले आदेश से अवगत कराते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने वि.बी.टी.सी. 2004 के उन बिंदुओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए OPS बहाली में आ रही समस्याओं को उच्च अधिकारियों और मुख्यमंत्री के समक्ष रखने और जल्द OPS बहाल करने का पूर्ण आश्वासन दिया। उक्त बैठक सर्वजीत सिंह भदौरिया के आवास पर हुई जिसमें विशिष्ट बीटीसी संगठन की तरफ से आलोक चौहान, सुधेश, कुमार जिला पर्यवेक्षक अटेवा राजेश जादौन, डॉ अमित कुमार पांडे कमलाकांत त्रिपाठी, शैलेन्द्र, सिंह सनी दुबे, रवि सक्सेना दीपक राज अजय त्रिपाठी उपस्थित आदि रहे।

### शिक्षक संघ ने डीएम को अलविदा जुमे की छुट्टी के लिए दिया ज्ञापन

**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया है कि रमज़ान के महीने के आखिरी शुक्रवार को ÷जमात उल विदा÷ (अलविदा जुमा)के रूप में मनाया जाता है, जो मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन मुसलमान विशेष नमाज पढ़ते हैं और अमन-चैन के लिए दुआ करते हैं। इसलिए, हम आपसे अनुरोध करते है कि आज 28 मार्च को अलविदा जुमे के अवसर पर एक दिन की छुट्टी घोषित करने की कृपा करें। संगठन आपका आभारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक राजेश जादौन विनय दीक्षित अरशद हुसैन अतहर हुसैन राजेश मिश्रा अच्युत त्रिपाठी आलोक चौहान अवधेश राठौर आदि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद के पदाधिकारी शामिल रहे।

### रोजगार मेले में आधा सैकड़ा से अधिक बेरोजगारों को किया गया जाब आफर



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के श्री नागा स्वामी बालिका डिग्री कॉलेज के प्रांगण में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न कंपनियों ने 52 छात्राओं को जॉब ऑफर किया। बुधवार को कालेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें फ्रीडम एम्पलाईबिलिटी अकादमी लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर,प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर व कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद की कंपनियां शामिल हुई। सभी कंपनियों ने छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कराया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्रभा दीक्षित ने बताया कि फ्रीडम एम्पलाईबिलिटी अकादमी लखनऊ के एचआर अभिनव श्रीवास्तव ने 10 छात्राओं को चयनित किया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर के एचआर आशीष ने तीन छात्राओं को चयनित किया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर के रामकिशोर ने 31 छात्राओं को चयनित किया।कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद के एचआर प्रद्युम्न अग्निहोत्री ने आठ छात्राओं को चयनित किया। उन्होंने बताया कि मेले में कुल 97 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें कंपनियों ने 52 छात्राओं का जाब ऑफर किया। इस मौके पर कालेज के शिक्षक व कर्मी मौजूद रहे।

### एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम पड़री में लगाया नि॰ शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरूवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पड़री में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा, ब्लॉक-बी परियोजना तथा डॉ. अनीता कुमारी, केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली के द्वारा विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित लोगों को नि॰ शुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर के दौरान 170 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (सीएसआर), ब्लॉक-बी सहित परियोजना से अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनसीएल द्वारा ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# भारत सरकार से मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरूवार को माननीय केन्द्रीय कोयला एव खान मंत्री, भारत सरकार जी. किशन रेड्डी एवं माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे द्वारा एनसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ), विनोद कुमार सिंह एवं सीनियर ओवरमैन, निगाही, पवन हेम्ब्रम को कार्यस्थल पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के दुधिचुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह को वित्तीय वर्ष 2024-25 में खान संचालन व कोयला उत्पादन में कार्य के प्रति अटूट समर्पण, सफल एवं कुशल नेतृत्व एवं मजबूत टीम वर्क के लिए सम्मानित किया गया। भारी मानसून व विपरीत परिस्थितियों ने अगस्त माह में खदान परिचालन को बुरी तरह प्रभावित किया परंतु सिंह के प्रयासों से कुछ ही समय में प्रतिदिन परियोजना का उत्पादन 90 हजार टन के स्थिर आंकड़े पर पहुंचा गया, जिससे दुधीचुआ परियोजना और एनसीएल को वित्त वर्ष 2024-25 के लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन मे आशातीत सफलता मिली है।

एनसीएल के निगाही परियोजना के सीनियर ओवरमैन श्री पवन हेम्ब्रम ने 20द्दर शोवल, 190 टन क्षमता के डंपर और 24/96 ड्रैगलाइन के समन्वय व संचालन से निगाही परियोजना के पश्चिम सेक्शन से अधिभार हटाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी दक्षता और नेतृत्व कौशल से कोयला एक्स्पोजर व उत्पादन में निरंतरता बनी रही। एनसीएल कर्मियों की इस विशिष्ट उपलब्धि हेतु सीएमडी एनसीएल बी. साईराम व समस्त निदेशक मण्डल ने बधाई दी है।

# सनशाइन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**नर्सरी के छात्र अथर्व जैन ने प्रथम, विवान चतुर्वेदी ने द्वितीय तथा मोहम्मद तैमूर अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया**

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सनशाइन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। गुरुवार को विद्यालय के नवीन सत्र के प्रारंभ होने से पहले विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया, ?जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक परीक्षाफल में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी के छात्र अथर्व जैन ने प्रथम, विवान चतुर्वेदी ने द्वितीय तथा मोहम्मद तैमूर अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी के छात्र मोहम्मद साहिल अंसारी ने प्रथम, अभिज्ञ जैन ने द्वितीय तथा फबीहा अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी के छात्र हारिश हारुन ने प्रथम, अनुराग ने द्वितीय तथा मोहम्मद



**नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षाफल में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया**

शहाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक के छात्र वैभव कुमार ने प्रथम, काम्या टंडन ने द्वितीय तथा केया चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो की छात्रा आरोही ने प्रथम, मिष्ठी जैन ने द्वितीय तथा फलक़ नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन की छात्रा आन्या ने प्रथम, सात्विक गौर ने द्वितीय तथा नैतिक दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार की छात्रा एंजेल प्रजापति ने प्रथम, मोहम्मद अर्श ने द्वितीय तथा वेदांशी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पाँच के छात्र मोहम्मद अरहान ने प्रथम, आरोही गोयल ने द्वितीय तथा शेखर स्वरूप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छै की छात्रा अनिका अग्रवाल ने प्रथम, आन्या सैनी ने द्वितीय तथा निक्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात के छात्र मोहम्मद आतिफ ने प्रथम, रेहान अंसारी ने द्वितीय तथा प्रज्ञा दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ की छात्रा अलीशा अंसारी ने प्रथम, अथर्व सोनी ने द्वितीय तथा राधिका दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी तथा निदेशक/प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। साथ ही साथ उन्होंने छात्र तथा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनाएं दी।

# देश का ग्रोथ इंजन थीम पर तीसरे दिन आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**विधायक सदर रहे समापन दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, बतायीं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, स्टॉलों का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाणपत्र**

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन /समापन दिवस में भी चौरा देवी ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति रहे। कार्यक्रम में विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति , राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार तिवारी, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, ब्लॉक प्रमुख कुरारा ने देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों व अन्य





लोगों ने महाकुंभ पर आधारित एवं प्रदेश की 8 वर्ष की उपलब्धियो पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन किया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं लखनलाल सांस्कृतिक दल द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियो पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विधायक सदर व अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र /प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान , जिला विज्ञान क्लब द्वारा सम्मान, निपुण विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं का सम्मान ,कौशल विकास मिशन के अंतर्गत सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान, गरीब नौजवान एवं बेरोजगार को उनका अधिकार दिलाने, नारी सशक्तिकरण कि दिशा में नारी, सुरक्षा, स्वालम्बन एव सम्मान दिलाने प्रदेश में बिजली, पानी, सड़क सहित समस्त आधारभूत सुविधाओं को मुहैया कराने तथा बिना किसी भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर बिगत 08 वर्षों में जो परिणाम दिया है। वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय एवं एतिहासिक है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का हर नागरिक स्वंय को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। देश एवं विदेश के निवेशक एवं उद्योगपति बेहिचक उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे है। जिससे हमारे युवाओं को रोजगार के नये अवसर निरन्तर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आय के श्रोतो को बढाया और फालतू खर्चो पर पाबन्दी लगायी। फलस्वरूप हमारा प्रदेश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ, जिससे नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधायें मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विगत 08 वर्षों में चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढीकरण, विद्यालयों का सुदृढीकरण एवं शिक्षा की गुणवत्ता, पुलिस व्यवस्था सहित विकास के हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से नीतियो को लागू कर बेहतरीन परिणाम मिला है। जिसका असर हम सभी को जमीना स्तर पर दिख रहा है। आज प्रदेश में पूरी तरह से अपराधमुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त एवं भयमुक्त समाज में हर व्यक्ति/व्यापारी अपने हुनर के हिसाब से कार्य कर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी घनश्याम मीना,मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ,अपर पुलिस अधीक्षक , भाजपा के ब्रज किशोर गुप्ता व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## खबर प्रकाशित होने के बाद जागा विभाग, डाली जा रही पाईपलाईन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत पत्योरा डांडा के 200 घरों में नमामि गंगे योजना के आपूर्ति न होने की खबर छपने के बाद नींद से जागे नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों ने पानी पहुंचाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कराया है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। उम्मीद है कि जल्द ही ग्रामीणों को स्वच्छ जल मुहैया होगा। नमामि गंगे परियोजना के तहत पत्योरा डांडा में सप्लाई हो रही है। लेकिन गांव के प्रजापति मोहाल के साथ शिवरामपुर डेरा, मलिहा ताला के करीब 200 घरों को पानी नसीब नहीं हो रहा था। इस खबर को 25 मार्च के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होने के बाद नींद से जागे नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों ने पानी से वंचित लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए पुरानी पाइपलाइन की जगह नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कराया है। कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। उम्मीद है कि जल्द ही लोगों को स्वच्छ जल घर-घर मिलेगा।

# खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि अनुशासन टीम वर्क है: आरपी सिंह



अवधनामा संवाददाता

**अनपरा सोनभद्र।** हिंडालको रेनुपावर डिवीजन के तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में बुधवार की देर शाम वोमेन्स नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में दिशिता महिला मण्डल रेनुसागर की अध्यक्षा इंदु सिंह के मार्गदर्शन में कप्तान विभा मनीष सिंह के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये आरपीडी महिला कर्मचारी एवं स्कूल के टीम को 8 विकेट से पराजित कर फ़ाइनल में प्रवेश किया ।वोमेन्स नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का मुकावला दिशिता महिला मण्डल रेनुसागर और आरपीडी महिला कर्मचारी एवं स्कूल के बीच में था। आरपीडी महिला कर्मचारी एवं स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया ।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिण्डाल्को रेनुपावर के यूनिट हेड आरपी सिंह एवं दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा इंदु सिंह ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया ।मुख्य अतिथि के साथ हेड एच आर शैलेश विक्रम सिंह ,संचालन विभाग के हेड मनीष जैन मौजूद रहे।ततपश्चात मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रोमांचक खेल में महिलाओं ने जो खेल भावना का परिचय दिया वह सराहनीय है।खेल केवल मनोरंजन का साधन नही है बल्कि यह अनुशासन टीम वर्क एवं नेतृत्व कौशल विकसित करने का एक माध्यम है। आरपीडी महिला कर्मचारी एवं स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 10 ओवर में सलोनी पाल एक छक्का एक चौका के मदद से अपने टीम के लिए महत्वपूर्ण 16 रन बनाये। वही तान्या अग्रवाल एक चौका की मदद से 9 रन एवं गीतांजली पांडेय के 7 रनो के वदौलत 7 विकेट खोकर मात्र 69 रन ही बना ही पाई। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की बॉलर ममता साहू ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओबर में 12 रन देकर महत्वपूर्ण 4 विकेट झटके वही निर्मल अग्रवाल तीन ओबर में 22 रन देकर 2 विकेट एवं सीमा बियाला तीन ओबर में 15 रन देकर 1 विकेट अपने टीम के लिये।

# जायसवाल यूथ क्लब ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** बुधवार की देर शाम जायसवाल यूथ क्लब के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय राबर्ट्सगंज स्थित रामलीला मैदान में भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और वहां उपस्थित अतिथियों द्वारा समाज के कुल देवता श्री सहस्त्रबाहु जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके बाद बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्री सहस्त्रबाहु जी की झांकी की सुंदर प्रस्तुत दी गई। जिसमें बच्चों ने अपने नृत्य गीत के माध्यम से वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

वहीं कार्यक्रम में संरक्षक गण एवं सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य के रुप

- **होली मिलन समारोह में बच्चों ने अपने नृत्य, गीत गायन से वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया**
- **कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल**

में स्टांप एवं पंजीयन शुल्क स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल व मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल एवं जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल, उत्तर प्रदेश वैश्य समाज के अध्यक्ष अजय जायसवाल, इंटरनेशनल वैश्य समाज फेडरेशन से प्रियंका जायसवाल का आगमन हुआ। वहीं अतिथियों का स्वागत गीत महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम जायसवाल ,शालिनी



जायसवाल एवं सभी महिला सदस्य गण द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

इस दौरान धरमचंद एवं राजेश जायसवाल एवं सभी पदाधिकारी गण के द्वारा अपने समाज के संरक्षक गण का सम्मान किया गया साथ में नगर अतिथियों और बाहर से आए अन्य अतिथियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने समाज के लोगों से कहां की अपने बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दे। चंदौली विधायक रमेश जायसवाल ने कहा समाज के लिए हर समय वह उपलब्ध रहेंगे।

जासवाल यूथ क्लब के अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने होली की शुभकामना देते हुए कहा कि जायसवाल यूथ क्लब द्वारा दो बीघा जमीन खरीदने के लिए तैयारी चल रही है। संरक्षक दीपचंद जायसवाल एवं प्रदीप जायसवाल द्वारा कार्यक्रम में समाज के महिलाओं की सहभागिता के लिए उनकी प्रशंसा की। जिला महामंत्री विनय जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने दूर-दूर से आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं नगर अध्यक्ष रमन जायसवाल आशीष जायसवाल एवं नगर की बच्चों टीम टीम को मेडल पहनाकर कर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला मंत्री विनय जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, सरक्षक दीप चंद जायसवाल, संतोष, मोहन, पवन, राजकुमार ,अभिषेक, अंकित, शरद, शक्ति ,विशाल, विनोद, रवि कुमार, रवि ,नितिन मुकेश ,राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने पत्रकार बंधुओ एवं सभी अतिथियों का क्रायक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# 8 वर्षों में हुआ अभूतपूर्व परिवर्तन : ब्रजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लखनऊ महानगर की सभी विधानसभाओं में सरकार की उपलब्धियों पर कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित एमएलसी मुकेश शर्मा विधायक डॉ नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह,ओ पी श्रीवास्तव, महापौर सुषमा खर्कवाल और एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने उपलब्धियां गिनाई और लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अंजनी श्रीवास्तव रजनीश गुप्ता और विधानसभाओं के वरिष्ठ नेता गण कार्यक्रमों में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कैंट विधानसभा आलमबाग चंदन नगर गुलाब वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्ष में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर लॉ एंड ऑर्डर और उद्योग जगत में उत्तर प्रदेश में अहम भूमिका निभाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का जो लक्ष्य रखा है। उसको पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की सक्रिय भागीदारी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य रखा है जिसको प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती थी। 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में अराजकता और असुरक्षा का सफाया हुआ है और कानून राज्य स्थापित हुआ है।संगठित अपराधी और माफिया समाप्त किया जा चुके है और जनता स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश में सड़कों पुलो बिजली पानी शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है 8 वर्षों में प्रदेश में विकास की नई रफ्तार



■ प्रधानमंत्री ने 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की भागीदारी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य रखा: ब्रजेश पाठक

पकड़ी है। प्रातः मध्य विधानसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी मुकेश शर्मा ने लखनऊ नगर निगम के सामने झंडा वाला पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सशक्त और समृद्ध बन रहा है।

सरकार अंत्योदय से सर्वोदय के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है और समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े शोषित, वचित एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर व्यक्तियों के लिए प्राथमिकता पर कार्य कर रही है उत्तर प्रदेश आज देश में गरीब कल्याण की अधिकांश योजनाओं को लागू करने में देश में प्रथम स्थान पर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में 25 से ज्यादा फ्लाइओवर, रिंग रोड, गोमती नगर का विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन, टर्मिनल 3 एयरपोर्ट बनकर जनता को समर्पित हो चुके हैं। लखनऊ में ब्रह्मैस्त्र मिसाइल का निर्माण शीघ्र आरंभ होने जा रहा है। मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 38 करोड़ की लागत से सीएसआर फंड से सभी विधानसभाओं में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

प्रदेश में आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट है । एशिया का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में बन रहा है।

प्रतिदिन 9 किलोमीटर रोड का निर्माण हो रहा है। नई दिल्ली से लेकर मेरठ तक रैपिड रेल भी जल्द ही प्रारंभ होने जा रही है। एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन का कार्य किया जा रहा है जो प्रदेश में विकास को गति देगा। मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के नेतृत्व में एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर कार्य करते हुए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं और लगभग 57 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। 2017 से पहले गरीब व्यक्ति अपने इलाज के लिए असहाय थे पर आज इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क इलाज होता है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लखनऊ के हर वार्ड में बड़े स्तर पर विकास हुए है।

## विश्व कुद्स दिवस का आयोजन आज

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान के आखिरी जुमे को मजलिस उलमा-ए-हिन्द की ओर से विश्व कुद्स दिवस का आयोजन किया जाएगा। गाजा में इस्राईल के जारी नरसंहार, फिलीस्तीन पर कब्जे और किब्लए अव्वल की पुनः वापसी के लिए आसिफी इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में जुमातुल विदा की नमाज के बाद मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में विश्व कुद्स दिवस मनाया जाएगा। जुमातुल विदा की नमाज मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी अदा कराएंगे, जिसके बाद दोपहर 1:30 बजे प्रदर्शन शुरू होगा। प्रदर्शन को विभिन्न उलमा इस्राईल के फिलीस्तीनियों पर किये जा रहे जुल्मों, फिलीस्तीन पर कब्जे और किब्लए अव्वल की पुनः वापसी को लेकर सम्बोधित करेंगे। उलमा के नेतृत्व में रोजेदार नमाजी इस्राईली बर्बरता और फिलीस्तीनियों के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। मजलिस उलमा-ए-हिन्द ने उलमा, संस्थाओं और लोगों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## बीबी फातिमा फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे राशन





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बीबी फातिमा फाउंडेशन ने 80 जरूररतमंदा विधवा औरतो को राशन वितरित किया। मुख्य डॉक्टर गुंचा खान मोहम्मद अमान खान मोहम्मद मोईद रफत खान शामिल थे डॉ. गुंचा खान कहती हैं हमारे कुरान और हदीस में हैं। रमजान के आखिरी अशरे में जरूरतमंद लोगों के लिए दान-पुण्य का आयोजन किया जा रहा है। अल्हम्दुलिल्लाह सबसे अच्छा दान वह है जो रमजान में दिया जाता है। पैगम्बर मुहम्मद जो व्यक्ति किसी दूसरे रोजेदार को इफ्तार कराता है, उसे रोजेदार के बराबर सवाब मिलता है, लेकिन रोजेदार के सवाब में कोई कमी नहीं आती।

# भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में सी.एम.एस. अग्रणी : राजेश्वर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उ.प्र. विधानसभा सदस्य राजेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में सी.एम.एस. अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समाज के उत्तरोत्तर विकास में भावी पीढ़ी की बड़ी भूमिका है और मुझे खुशी है कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को विश्व नागरिक के रूप में ढालकर अपनी जिम्मेदारी को निभा रहा है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपनी क्षमता और कौशल को लगातार निखारते-सुधारते रहें। डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक रहें परन्तु डिजिटल एडिक्शन से बचें। इस अवसर पर श्री सिंह ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। सी.एम.एस. में हमारा सदैव यही प्रयास है कि भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण एवं बौद्धिक क्षमताओं के विकास हेतु उन्हें स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जाये। उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुए इस भव्य समारोह में छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण गीत-संगीत के माध्यम से एकता, शान्ति व सौहार्द का शानदार समाँ बाँधा। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही ब्राडर एवं बोल्डर शिक्षा पद्धति से अवगत कराया।


# अनूप कुमार सतपथी ने परिचालन संबंधी समीक्षा बैठक की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक अनूप कुमार सतपथी ने गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक सभागार में परिचालन संबंधी समीक्षा बैठक की। इस दौरान परिचालन विभाग के 30 कर्मचारियों को रेल सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और महत्वपूर्ण कार्यो के निष्पादन के लिए प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक विक्रम कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबंधक भुवनेश सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में अनूप कुमार सतपथी ने कहा कि हमारे स्टेशन मास्टर, कांटावाला और यातायात निरीक्षक दिन-रात बड़ी लगन से रेल संचालन का काम करते हैं। रेल कर्मियों का योगदान भारतीय रेलवे के संचालन और विकास में अहम भूमिका निभाता है। वे न केवल ट्रेनों के सुचारू संचालन सुनिश्चित करते हैं बल्कि यात्रियों को सुरक्षा, समयबद्धता और सेवा गुणवत्ता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि रेलकर्मी हमारे रेल संचालन की रीढ़ हैं। हमारे रेलकर्मी स्टेशन पर ड्यूटी हो या, ट्रैक निगरानी या तकनीकी चुनौतियों का सामना हमारे रेलकर्मी हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाते हैं।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** अगर ईद की नमाज से पहले जकात अदा नहीं की तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** कोई बात नहीं, जकात के लिए जरूरी है कि जिस तारीख को निसाब पूरा हो उस तारीख पर अदा करें।

**सवाल:** सदका फित्र एक आदमी का एक ही गरीब को दिया जाए या कई गरीबों को दे सकते हैं?

**जवाब:** सदका फित्र एक आदमी का एक ही गरीब को देना बेहतर है।

**सवाल:** अगर किसी की तरावीह छूट जाए बीमारी या सफर की वजह से तो क्या वह तरावीह की कजा पढ़ेगा?

**जवाब:** शरई मजबूरी की बिना पर किसी की तरावीह की नमाज छूटी तो उसकी कजा नहीं पढ़ेगा।

**सवाल:** क्या वक्त से पहले दी अजान सही होगी या नहीं?

**जवाब:** अगर अजान वक्त से पहले दी गयी है तो वक्त आने पर दोबारा अजान देना होगी। सवालः कोई नाबालिग रोजा रख कर या नमाज की नीयत कर तोड़ दे तो क्या दोहराना वाजिब है?

**जवाब:** अगर रोजा रख कर तोड़ा तो उसकी कजा नहीं लेकिन नमाज की नीयत बांध कर तोड़ी है तो उसका दोहराना जरूरी है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल**: क्या ईदुल फित्र की नमाज पढना फर्ज है?

**जवाब**: ईदुल फित्र की नमाज शर्तें पूरी होने पर वाजिब है।

**सवाल:** क्या छोटी मस्जिद में ईद की नमाज अदा की जा सकती है?

**जवाब:** हां पढ़ी जा सकती है।

**सवाल:** क्या ईद की नमाज के बाद फितरे की रकम दी जा सकती है?

**जवाब:** नमाज पढने से पहले देना बेहतर है बाद में भी दे सकते हैं।

**सवाल:** जकात की पूरी रकम देना मुमकिन नहीं है तो क्या रमजान के बाद भी दे सकते हैं?

**जवाब:** रमजान में देने का ज्यादा सवाब है अगर कोई मजबूरी है तो बाद में भी दे सकते हैं।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या इमाम-ए-जमाना का फितरा निकालना सही है?

**जवाब:** बहुत से लोग इमामे जमाना का फितरा निकालते हैं जो सही नहीं है कि फितरा अपने आश्रितों का निकाला जाता है।

**सवाल:** अगर कोई कर्जदार है और कर्ज अदा नहीं कर पा रहा है तो क्या जकात लेकर कर्ज अदा कर सकता है?

**जवाब:** ऐसा व्यक्ति जो साल भर का खर्च रखता हो इसके बावजूद कर्ज अदा करने के लिए जकात ले सकता है।

**सवाल:** क्या जकात-ए-फितरा निकाल कर अपने मरजा-ए-तकलीद के अलावा किसी और मरजा-ए-तकलीद के वकील को दिया जा सकता है?

**जवाब:** अगर यकीन हो कि वह फितरा हकदार तक पहुंचा देगा तो सही है।

**सवाल:** घरेलू नौकर का फितरा किस पर वाजिब है?

**जवाब:** घरेलू नौकर जो घर के मालिक के आश्रित नहीं हैं जैसे आया, ड्राइवर आदि उनका फितरा घर के मालिक पर वाजिब नहीं है।

**सवाल:** क्या फितरा ईद की रात से पहले दिया जा सकता है?

**जवाब:** अगर किसी मजबूर को जरूरत हो तो ईद की रात से पहले कर्ज के तौर पर दे ईद के दिन फितरा निकाले तो कर्जदार व्यक्ति की तरफ से उस कर्ज को वापस गिन कर ले ले।

## ईदुल फित्र को लेकर ऐशबाग ईदगाह में तैयारियां पूरी

**लखनऊ।** ईदुल फित्र के त्योहार को लेकर ऐशबाग ईदगाह में तैयारियां पूरी हो गयी हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि ईदुल फित्र का चांद 30 मार्च को देखा जाएगा। 30 मार्च को चांद हो गया तो ईदुल फित्र 31 मार्च को मनायी जाएगी। मौलाना ने कहा कि ईदगाह में ईद की नमाज की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। ईदगाह में सुबह 10 बजे ईद की नमाज होगी। ईदगाह में सफाई और पानी की उचित व्यवस्था की गयी है और तमाम नमाजी ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा करें। नमाजियों के लिए सफें बनवाई गयी हैं। जहां अतिक्रमण था उसे हटवा दिया गया है, जिससे अधिक लोग नमाज अदा कर सकें। उन्होंने कहा कि औरतों की नमाज के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। मौलाना ने जनता से ईदगाह जल्दी आने की अपील की जिससे सफें सही से बनाई जा सकें और गाडियों को पार्किंग में ही पार्क करें। मौलाना ने कहा कि त्योहारों को लेकर सरकार और प्रशासन की ओर से जारी आदेशों का पालन पूरी तरह करें।

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित आठ वर्ष : नन्दी

■ भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की राजधानी बनकर उभरा है उत्तर प्रदेश

■ उत्तर प्रदेश सुरक्षित परिवेश-सुरक्षित निवेश के रोलमॉडल के रूप में स्थापित हुआ है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार परिसर में आयोजित ष्सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन समारोहष् में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री नन्दी ने साथ सबका विकास उत्कर्ष के 8 वर्ष नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूल किट, चेक और चाभी वितरित किया। वहीं पत्रकार बंधुओं से वार्त कर उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की बेहतरी, औद्योगिक निवेश, निर्यात और रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में विकास का मॉडल बन चुका है।मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले जहां प्रदेश की पहचान का संकट था। बेटियां, व्यापारी एवं उद्यमी हर कोई असुरक्षित था। वहीं आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरन्तर प्रगति, समृद्धि एवं खुशहाली के पथ पर अग्रसर है।योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के समग्र एवं चहुंमुखी विकास को समर्पित गौरवशाली आठ वर्ष पूरे किये हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि डबल इंजन की हमारी सरकार ने जनकल्याण एवं अन्त्योदय के मन्त्र को आत्मसात करते हुए प्रत्येक क्षेत्र एवं वर्ग के उत्थान का द्वार खोला है।

## डॉ. चारू की कविताओं के संग्रह नहर किनारे काका हुआ विमोचन

**लखनऊ।** विचारों और आम जीवन की घटनाओं से उपजी डॉ. चारू की कविताओं के संग्रह नहर किनारे का संगीतमय विमोचन गुरुवार शाम एम.बी. क्लब में हुआ। एम.बी. क्लब के बाल रूम में आयोजित विमोचन समारोह में अतिथियों के तौर पर किरण कौशिक, डॉ. सुनीता सक्सेना और विभूति कुमार सिन्हा मौजूद थे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि विज्ञान की शोधार्थी होते हुए डॉ. चारू ने संवेदनशील व्यक्तित्व और साहित्यिक अभिरूचि के नाते अनुभूतियों को कविताओं में अभिव्यक्त किया है। डॉ. चारू ने कहा कि कविताओं की रचना स्वतः सुखाय ही प्रारम्भ की लेकिन धीरे-धीरे वह स्वभाव और अभिव्यक्ति का जरिया बन गयीं। डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने बेबाकी से अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. चारू की रचनाओं में मां के रूप में स्त्री के कोमल और दृढ़ दोनों स्वरूपों के दर्शन होते हैं। इस मौके पर प्रभु झिंगरन, आलोक शुक्ला, अखिलेश मयंक, राजवीर रतन आदि उपस्थित थे।

# भारतीय दर्शन की आत्मा में "सवै भूमि गोपाल की" निहित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख के गौशालाओं पर दिये बयान को भारतीय सांस्कृतिक आस्था व परम्परा पर कुठाराघात बताया। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय दर्शन की आत्मा में ''सवै भूमि गोपाल की'' निहित है। जो दर्शन समस्त पृथ्वी को ही गोपालक प्रभु की भूमि मानता है। लेकिन इस दर्शन को जानने के लिए भारतीय दृष्टि होना आवश्यक है। गौशालाओं की दुर्गंध से व्याख्या करने वाले अखिलेश यादव अगर अपने पूर्वजों से ही सीख लेते तो आज गाय माता के लिए उनके ऐसे विचार नहीं होते। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारत में तमाम विपक्षी दलों के नेताओं में होड़ लगी है कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण में अगुआ कैसे बनें। इसके लिए सभी ने सनातन धर्म, भारतीय महानायकों, भारतीय आस्था एवं परम्पराओं को अपमानित करने का रास्ता चुना है। इसी कड़ी में अखिलेश यादव ने गौशालाओं में दुर्गन्ध का बयान दिया है। श्री चौधरी ने कहा कि गोपालक वंश में जन्में अखिलेश यादव को अगर थोडा सा भी बोध होता तो जिस गाय माता का दूध पीकर वे बड़े हुए है उस गाय माता के लिए मुंह से जहर नहीं उगलते। उनका यह बयान धर्म, संस्कृति के साथ करोड़ों हिन्दुओं की आस्था तथा गाय माता पर सीधा हमला है। करोड़ों ग्वालों, गोपालक समाज का अनादर और अपमान है। हिन्दुत्व विरोध के ब्राण्ड एम्बेसडर अखिलेश यादव को धर्मानुरागी जनता जबाब देगी।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश गुंडाराज से मुक्त होकर बना उत्तम प्रदेश

**उत्तर प्रदेश 2017 से पहले अपराध और भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा था, गुंडे, माफियाओं, अपराधियों का बोलबाला था**

■ उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश का सबसे तेजी से विकसित होता प्रदेश बना ■ योगी सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए संकल्पित

■ मऊ जिला अब भगवान महादेव के नाम से जाना जाएगा, माफियाओं से नहीं ■ मोदी और योगी सर्वसमाज को ही अपना परिवार मानते हैं और उसी की खुशहाली और समृद्धि के लिए दिन-रात कार्य कर रहे: ए.के. शर्मा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को मऊ के सोनी धापा इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कालेज परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन ए.के. शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाकुंभ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा स्कूली छात्र छात्राओं, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुलिस विभाग द्वारा एंटी रोमियो स्क्वाड पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, दिव्यांग विभाग, कौशल विकास विभाग, आईटीआई, सेवायोजन विभाग, औषधि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के इंस्टाल लगाए गए एवं पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में जनपद के कोने-कोने से लोगों ने प्रतिभाग किया तथा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस कार्यक्रम की लोगों ने काफी सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए.के. शर्मा ने कहा कि देश में मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों से और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में 8 वर्षों से सुशासन की स्थापना जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हुई है, जिसे लंबे समय तक बनाए रखना होगा। प्रदेश में 2017 से पहले छोटी-छोटी बातों पर दिन दहाड़े हत्याएं हो जाती थी। प्रदेश का प्रत्येक जिला किसी न किसी माफिया के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 2017 से पहले अपराध और भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा था। प्रदेश में गुंडे, माफियाओं, अपराधियों का बोलबाला था। प्रदेश की जनता बेहाल थी। लेकिन जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योगी सरकार बनी प्रदेश गुंडाराज से मुक्त होकर देश का उत्तम प्रदेश बना। जो प्रदेश 2017 से पहले बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था अब वह देश का सबसे तेजी से विकसित होता प्रदेश बन गया। अपराध पर नियंत्रण, निवेश में वृद्धि और बुनियादी सुविधाओं के विकास से प्रदेश में सुरक्षित और समृद्ध माहौल बना है। जो उत्तर प्रदेश पहले हत्या, चोरी, डकैती, भू माफिया और महिला अपराध के लिए जाना जाता था अब वह डिजिटल प्रदेश, औद्योगिक क्रांति तथा किसान कल्याण के लिए जाना जाता है। इसी प्रकार मोदी के नेतृत्व में देश की साख पूरी दुनिया में बदली है। ए.के. शर्मा ने कहा कि मेरे अपने 4 साल के राजनीतिक जीवन में मऊ जिले में 4 हज़ार करोड रुपए से ज्यादा की परियोजनाएं क्रियान्वित की गई, इसमें नगर विकास की 1000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं शामिल है।

## निगम की बसों में एसबीआई द्वारा फास्टैग लगाए जाने का हुआ अनुबंध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय में गुरुवार को यूपीएसआरटीसी व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच निगम की बसों में एसबीआई के जरिए फास्टैग लगाए जाने का अनुबंध हुआ। अनुबंध पत्र पर परिवहन निगम की ओर से प्रधान प्रबंधक संचालन अंकुर विकास और एसबीआई की ओर से सी.वी. रघुराम ने हस्ताक्षर किये। समारोह की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने की। निगम के प्रधान प्रबंधक व प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि इस मौके पर राम सिंह वर्मा, अजय जौहरी के अलावा स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अनिल कुमार, उपमहाप्रबंधक धीरज कुमार, एजीएम अंशुमाली सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उक्त अनुबंध के साथ ही एसबीआई अब प्रदेश की सभी निगम बसों में फास्टैग लगाने के लिए अधिकृत हो गया है। पहले एसबीआई सिर्फ 11 क्षेत्रों की बसों में ही फास्टैग लगाने के लिए अधिकृत था।